* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

21 सितंबर, 2023
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष,षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 331



अयोध्या: 16-24 जनवरी के बीच गर्भगृह में विराजमान हो जायेंगे रामलला, होगा भव्य समारोह।




## महिला आरक्षण पर कांग्रेस, राजद, टीएमसी का मिला साथ, सुझाव भी दिये

# आधी आबादी को आरक्षण, लोकसभा से मंजूर

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम अब आज राज्यसभा में पेश होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश की आधी आबादी को आरक्षण मिलेगा। लोकसभा से बुधवार को महिला आरक्षण संबंधित बिल 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित हो गया। इसे रिकार्ड मत से पारित किया गया। पर्ची से हुई वोटिंग में बिल के समर्थन में 454 और विरोध में 2 वोट पड़े। कांग्रेस, राजद, टीएमसी समेत अन्य दलों ने विधेयक पारित करने में सुझाव देते हुए साथ दिया।

अब गुरुवार यानी आज यह बिल राज्यसभा में पेश होगा। वहां से पास होने के बाद राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिये जायेगा। राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जायेगा। इससे पहले महिला आरक्षण बिल पर सदन में चर्चा हुई। बिल पर चर्चा में कांग्रेस की सोनिया गांधी, राहुल गांधी, भाजपा के निशिकांत दुबे, टीएमसी की काकोली घोष समेत 60 सांसदों ने अपने विचार रखे।

- रिकार्ड वोट से 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' हुआ पास
- बिल के पक्ष में 454 वोट पड़े, विपक्ष में सिर्फ 2 वोट
- ओबीसी आरक्षण के बिना यह बिल अधूरा है: राहुल गांधी
- चुनाव के बाद तुरंत ही जनगणना और परिसीमन होगा: अमित शाह

## महिला आरक्षण बिल युग बदलने वाला विधेयक: अमित शाह



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। आरक्षण बिल पर चर्चा का जवाब गृह मंत्री अमित शाह ने दिया। उन्होंने कहा कि संविधान के संशोधित करने वाले 128वें संशोधन पर बात करने के लिए मैं यहां खड़ा हूं। ये कहते ही विपक्ष का हंगामा शुरू कर दिया। इस पर शाह मुस्कुराते हुए राहुल गांधी की तरह बोले, डरो मत। शाह ने कहा कि महिला आरक्षण बिल युग बदलने वाला विधेयक है। कल का दिन भारतीय संसद के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जायेगा। कल नये सदन का पहली बार श्री गणेश हुआ, कल गणेश चतुर्थी थी और पहली बार कई सालों से लंबित पड़े बिल को पास किया गया। देश में एससी-एसटी के लिए जितनी सीटें आरक्षित हैं, उनमें से भी 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षित हो जायेंगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के लिए महिला सशक्तीकरण चुनाव जीतने का मुद्दा हो सकता है, लेकिन मेरी पार्टी और मेरे नेता मोदी के लिए यह मुद्दा राजनीति नहीं, बल्कि मान्यता का मुद्दा है। मोदी ने ही भाजपा में महिलाओं को पार्टी पदों पर 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाया। शाह ने कहा कि पहली बार ये संविधान संशोधन नहीं आया। देवेगौड़ा जी से लेकर मनमोहन जी तक चार बार प्रयास हुए। क्या मंशा अधूरी थी? सबसे पहले इस पर प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के समय 12 सितंबर 1996 में संविधान संशोधन आया। कांग्रेस इस समय विपक्ष में थी। विधेयक को सदन में रखने के बाद गीता मुखर्जी की अध्यक्षता में समिति को दे दिया गया, लेकिन विधेयक सदन तक पहुंच ही नहीं पाया। जब 11वीं लोकसभा आयी तो विधेयक लैप्स हो गया। इसके बाद 12वीं लोकसभा अटल बिहारी वाजपेयी के समय बिल आया, लेकिन ये विलोपित हो गया। 13वीं लोकसभा में अटल जी के समय फिर बिल आया, लेकिन अनुच्छेद 107 के तहत बिल विलोपित हो गया। इसके बाद मनमोहन सिंह बिल लेकर आये, लेकिन बिल विलोपित हो गया। शाह ने कहा कि कोई पुराना बिल जीवित नहीं है। लोकसभा जब विघटित हो जाती है तो लंबित विधेयक विलोपित हो जाते हैं।

## महिला आरक्षण का बिल सबसे पहले राजीव लाये: सोनिया गांधी



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण देने वाला कानून सबसे पहले मेरे पति राजीव गांधी लाये थे, जो राज्यसभा में 7 वोटों से गिर गया था। बाद में पीवी नरसिम्हा राव की सरकार ने उसे पास करवाया। इसी का नतीजा है कि देशभर के स्थानीय निकायों में 15 लाख चुनी हुई महिला नेता हैं। राजीव का सपना अभी आधा ही पूरा हुआ है, यह बिल पास होने से सपना पूरा हो जायेगा। उन्होंने कहा कि विधेयक को फौरन अमल में लाया जाना चाहिये। सोनिया ने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि बिल को फौरन अमल में लाया जाये। सरकार को इसे परिसीमन तक नहीं रोकना चाहिये। इससे पहले जातिगत जनगणना कराकर इस बिल में एससी-एसटी और ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था की जाये।



मैं महिला आरक्षण बिल के समर्थन में हूं, लेकिन ये अधूरा है। जब सांसदों को पुरानी संसद से नयी संसद में ले जाया जा रहा था तो राष्ट्रपति को मौजूद होना चाहिए था। हमारे इंस्टीट्यूशंस में ओबीसीकी भागीदारी कितनी है, मैंने इसकी रिसर्च की। सरकार चलाने वाले जो 90 सेक्रेटरी हैं, उनमें से तीन सिर्फ 3 ही ओबीसी से हैं। इसे जल्दी से जल्दी बदलिये। ये ओबीसी समाज का अपमान हैं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



मुस्लिम आरक्षण मांगने वालों को मैं बताना चाहती हू कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण वर्जित है। जिस प्रकार से विपक्ष भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है, उसमें ना फंसें।

- स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री



महाराष्ट्र के पूर्व भाजपा प्रमुख ने मुझसे टीवी पर कहा था कि सुप्रिया सुले तुम घर जाओ, खाना बनाओ। देश कोई और चला लेगा। भाजपा इस पर जवाब दे। उन्होंने कहा कि जनगणना और परिसीमन होने तक महिला आरक्षण को लागू नहीं किया जा सकता। फिर इसके लिए विशेष सत्र क्यों बुलाया गया। इसे विंटर सेशन में भी पास कर सकते थे। देश के कई हिस्सों में बाढ़ आ रही है, इस समय सत्र बुलाने की क्या जरूरत है।

- सुप्रिया सुले, एनसीपी सांसद



देश में सिर्फ पश्चिम बंगाल में महिला मुख्यमंत्री है। भाजपा की 16 राज्यों में सरकार है, लेकिन एक भी राज्य में महिला सीएम नहीं है। देश के लिए मेडल जीतने वाली महिलाओं का सेक्सुअल हैरेसमेंट किया गया। आरोपी बृजभूषण सिंह आज संसद में बैठे हैं। भाजपा उनके खिलाफ कोई एक्शन क्यों नहीं लेती।

- काकोली घोष, टीएमसी सांसद

## न्यूज रील्स

### पहला सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट वडोदरा पहुंचा

नयी दिल्ली। भारतीय वायु सेना का पहला सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट बुधवार दोपहर को गुजरात में वडोदरा के वायु सेना स्टेशन पर उतरा। आइएएफ अधिकारियों ने बताया कि एयरक्राफ्ट को ग्रुप कैप्टन पीएस नेगी उड़ाकर लेकर आये हैं। एयरक्राफ्ट ने बहरीन से उड़ान भरी थी। यह माल्टा और मिस्र में हॉल्ट लेते हुए भारत पहुंचा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 25 सितंबर को दिल्ली के पास हिंडन एयरबेस पर एक प्रोग्राम में इस प्लेन को औपचारिक रूप से भारतीय वायु सेना में शामिल करेंगे।

# कुड़मी समाज ने वापस लिया आंदोलन, 25 को वार्ता

- बुधवार को रेल सेवा हुई प्रभावित, लोग हुए परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग को लेकर चला आंदोलन बुधवार को वापस ले लिया गया। आंदोलनकारी 25 सितंबर को झारखंड के मुख्य सचिव से वार्ता करेंगे। 2 अक्टूबर को केंद्रीय गृह सचिव से वार्ता होगी। इस बातचीत के बाद आंदोलन की दिशा तय होगी। आंदोलन को खत्म करने के लिए आंदोलनकारियों के साथ एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने दो घंटे तक वार्ता की। आंदोलन खत्म करने को लेकर टोटेमिक कुड़मी विकास मोरचा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार ने फोन पर बताया कि हमें भरोसा दिया गया है कि इस बातचीत के बाद सरकार रास्ता निकालेगी। हमने अभी आंदोलन स्थगित कर दिया है।

**बुधवार को आंदोलन जारी रहा:** गौरतलब है कि कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में और कुड़माली भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग कर रहे थे। बंगाल में हाइकोर्ट के दखल के बाद आंदोलन वापस ले लिया गया है, लेकिन झारखंड में बुधवार को प्रदर्शन जारी रहा। मुरी और गोमो स्टेशन पर लोग ट्रैक पर उतर आये थे। रेलवे न कई ट्रोनों को रद्द किया।




## मुख्यमंत्री ने सहायक अभियंता के खिलाफ दी अभियोजन की स्वीकृति



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरही के भवन निर्माण कार्य के क्रियान्वयन में सरकारी पद का दुरूपयोग, अपराधिक षडयंत्र धोखाधड़ी एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सरकारी राशि के गबन करने के अभियुक्त सुनील कुमार, तत्कालीन सहायक अभियंता, ग्रामीण विशेष प्रमंडल के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृत्यादेश दिया है। **बरही में दर्ज हुआ है मामला:** वादी डुमरीडीह कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के बयान के आधार पर उपरोक्त वर्णित अभियुक्त के विरुद्ध हजारीबाग जिलान्तर्गत बरही थाना कांड संख्या-379/2013 धारा 406 के अंतर्गत दर्ज किया गया है एवं अनुसंधान के क्रम में धारा-34 का समावेश किया गया है। **17 लाख से अधिक राशि के गबन का आरोप:** मामले में वादी द्वारा इस प्रमण्डल के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरही के भवन निर्माण कार्य मद में विभागीय तौर पर अग्रिम राशि देकर कार्य कराया जा रहा था। अभियुक्त के द्वारा वर्णित कार्य के विरूद्ध एक करोड़ 27 लाख रुपया मात्र अग्रिम राशि ली गयी थी। एक करोड़ 27 लाख रूपया अग्रिम के विरुद्ध एक करोड़ नौ लाख 84 हजार 837 सौ रुपये समायोजन किये जाने के पश्चात शेष असमायोजित राशि 17,17,167 रुपये अभियुक्त के नाम पर अभी तक लंबित पाया गया जो सरकारी राशि के गबन का मामला बनता है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW


आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 21 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# भारत से रिश्ता बिगाड़ कर कनाडा को पता चल गयी औकात

## ■ भारत विरोधी संगठनों का अड्डा बनने का दुनिया ने कर दिया है विरोध

## ■ देश-दुनिया में चौतरफा विवादों में घिर गये हैं कनाडाई प्रधानमंत्री ट्रूडो

**दुनिया के नक्शे पर पिछले नौ सालों में अपनी ताकत और कूटनीति का सिक्का जमा चुके दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के खिलाफ कनाडा की मोर्चेबंदी का हश्र बहुत बुरा हुआ है। पूरी दुनिया में कनाडा बुरी तरह घिर गया है और अब उसकी पहचान भारत विरोधी संगठनों की शरणस्थली के रूप में स्थापित हो गया है। कनाडा ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर भारत को घेरने के लिए कई देशों का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन अमेरिका सहित सभी मित्र देशों ने उसके अनुरोध को खारिज कर दिया है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत के खिलाफ अपने स्टैंड पर कई देशों से समर्थन मांगा था और अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया से इस मुद्दे को उठाने और समर्थन का आग्रह किया था। लेकिन भारत के साथ कूटनीतिक गतिरोध पैदा होने की आशंका से सभी देशों ने साथ देने से इनकार कर दिया। इसकी एक बड़ी वजह? भारत का दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते देशों में से एक होना है। साथ ही चीन की विस्तारवादी नीतियों से निपटने में भी भारत की बड़ी भूमिका है। कनाडा के सहयोगियों ने भारत के खिलाफ आरोपों में शामिल होने के उसके अनुरोधों को खारिज कर दिया था। ट्रूडो ने कथित तौर पर अमेरिका सहित कनाडा के सभी सहयोगियों से आतंकी निज्जर की हत्या के लिए भारत की निंदा करने का आग्रह किया था। इससे पहले ट्रूडो की भारत विरोधी नीतियों की कलई उस समय भी खुल गयी थी, जब उन्होंने किसान आंदोलन के दौरान मोदी सरकार की नीतियों की आलोचना की थी। क्या है भारत-कनाडा विवाद और कैसे कनाडा को उसकी औकात का पता चल गया है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

इन दिनों दुनिया के कूटनीतिक हलकों में चारों तरफ भारत के साथ कनाडा के बिगड़ चुके रिश्तों की चर्चा है। बीते सप्ताह कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारत में आयोजित जी-20 सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत आये थे। उस समय द्विपक्षीय बातचीत के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के सामने इस बात पर नाराजगी जाहिर की थी कि उनके देश में खालिस्तानी समर्थक तत्वों की गतिविधियों पर नकेल नहीं कसी जा रही है। यह बात सामने आते ही दोनों देशों के बीच तनाव के संकेत मिलने शुरू हो गये थे। इसके बाद ट्रूडो निजी विमान खराब होने के कारण जी-20 सम्मेलन खत्म होने के दो दिन बाद तक भारत में रहे, हालांकि अब सूचना मिल रही है कि विमान में खराबी की बात गलत थी, असली कारण कुछ और ही था।

लेकिन जैसे ही ट्रूडो कनाडा पहुंचे, उन्होंने अपनी संसद में सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर बेतुका बयान दे डाला। इतना ही नहीं, विदेश मंत्री मेलेनी जोली ने शीर्ष भारतीय राजनयिक पवन कुमार राय को निकालने का एलान कर दिया। इसके बाद से भारत और कनाडा के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया और कनाडा के जवाब में भारत ने भी कनाडा के शीर्ष राजनायिक को निष्कासित कर दिया।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया कि खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ है। उन्होंने कहा कि आतंकी की हत्या भारत ने की है। इसके बाद भारत और कनाडा में राजनयिक स्तर पर लड़ाई शुरू हो गयी। भारत की नीति रही है कि वह विदेश में हो रही किसी भी गतिविधि को लेकर कोई सख्त कदम नहीं उठाता है। वह स्थानीय सरकारों से एक्शन लेने को कहता है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपने खालिस्तान प्रेम के चलते ऐसा बयान दिया है, जिसकी वजह से दोनों देशों के बीच दशकों से चले आ रहे मैत्रीपूर्ण संबंध प्रभावित हो गये हैं। जस्टिन ट्रूडो के आरोपों का नतीजा यह निकला है कि भारत और कनाडा के बीच एक राजनयिक युद्ध छिड़ गया है, जिसमें राजनयिकों का निष्कासन भी हुआ है, वहीं ओटावा की ओर से भारत में रह रहे नागरिकों के लिए एडवाइजरी तक जारी हो गयी है।



### कनाडा को नहीं मिला दुनिया का साथ

कनाडा ने ऐसा दावा किया है, जिसकी वजह से भारत के साथ संबंध प्रभावित हुए हैं। कनाडा चाहता था कि संयुक्त राज्य अमेरिका सहित उसके निकटतम सहयोगी एक साथ आयें और भारत की निंदा करें। जस्टिन ट्रूडो की यह कोशिश कामयाब नहीं हो पायी, क्योंकि कई देशों ने इस मांग से अपने कदम पीछे खींच लिये। इस साल जून में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका के कई वरिष्ठ खुफिया अधिकारियों ने उठाया था। जी-20 शिखर सम्मेलन में इस मामले को सार्वजनिक रूप से नहीं उठाया गया था। जस्टिन ट्रूडो ने यह दावा किया था कि उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के सामने भी इस मुद्दे को उठाने की कोशिश की थी। शिखर सम्मेलन के समापन के ठीक एक हफ्ते बाद, कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भारत सरकार पर एक गंभीर आरोप लगाया । उन्होंने कहा कि कनाडाई धरती पर एक 'कनाडाई नागरिक' की हत्या भारत ने की है। दरअसल, कनाडा के सहयोगियों ने भारत के साथ अपने संबंधों को संभालने के लिए कनाडा के बयान से दूरी बनायी है। अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया ने जस्टिन ट्रूडो द्वारा लगाये गये आरोपों पर चिंता जाहिर की, लेकिन जांच पूरी होने से पहले कोई टिप्पणी करने से परहेज किया।

### कनाडा के आरोपों पर क्या कह रही है दुनिया

ट्रूडो के आरोपों पर अमेरिका ने कहा, हम अपने कनाडाई साझेदारों के साथ नियमित संपर्क में रहते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि कनाडा की जांच आगे बढ़े और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाये। लंदन में ब्रिटिश सरकार ने कहा, हम इन गंभीर आरोपों के बारे में अपने कनाडाई सहयोगियों के साथ संपर्क में हैं। कनाडाई अधिकारियों द्वारा चल रही जांच के दौरान टिप्पणी करना अनुचित होगा। भारत के साथ व्यापार वार्ता पहले की तरह जारी रहेगी। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के प्रवक्ता ने कहा कि कैनबरा कनाडा द्वारा लगाये गये आरोपों पर चिंतित है। प्रवक्ता ने कहा, हमने वरिष्ठ स्तर पर भारत को अपनी चिंताओं से अवगत करा दिया है।

### भारत ने आरोपों को किया खारिज

इस बीच, भारत ने अपने ऊपर लगे आरोपों को 'बेतुका' और 'प्रेरित' बताते हुए इसे सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, इस तरह के निराधार आरोप खालिस्तानी आतंकवादियों और चरमपंथियों से ध्यान हटाने की कोशिश करते हैं, जिन्हें कनाडा में आश्रय दिया गया है। वे भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा बने हुए हैं। इस मामले पर कनाडाई सरकार की निष्क्रियता लंबे समय से और निरंतर चिंता का विषय रही है।

### कौन था हरदीप सिंह निज्जर

हरदीप सिंह निज्जर की जून 2023 में एक गुरुद्वारे के बाहर दो अज्ञात हमलावरों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। वह खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) का प्रमुख था। उसे जुलाई 2020 में यूएपीए के तहत भारत की ओर से 'आतंकवादी' करार दिया गया था। 2016 में निज्जर के खिलाफ एक इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया था। सरे की स्थानीय पुलिस ने भी निज्जर को 2018 में अस्थायी रूप से घर में नजरबंद कर दिया था, लेकिन बाद में उसे रिहा कर दिया गया।

### क्या था हरदीप सिंह पर आरोप

2022 में पंजाब के जालंधर में एक हिंदू पुजारी की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगने के बाद एनआइए ने निज्जर पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। भारत ने कई मौकों पर कनाडा में खालिस्तान समर्थक समूहों की मौजूदगी और भारत विरोधी गतिविधियों पर चिंता जतायी है। पहले भी अलगाववादी नेता कनाडा की धरती पर खालिस्तानी जनमत संग्रह करा चुके हैं। कुछ हफ्ते पहले खालिस्तानी परेड के दौरान एक रैली में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के पोस्टर लहराये गये थे।

भारत ने खालिस्तानियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि कनाडा हमेशा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, विवेक की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध की स्वतंत्रता की रक्षा करेगा। कनाडा ने अपने खालिस्तान प्रेम की वजह से भारत के साथ रिश्ते बिगाड़ लिये हैं। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब ट्रूडो का भारत विरोधी स्टैंड सामने आया है। इससे पहले उन्होंने किसान आंदोलन के समय भारत विरोधी टिप्पणी कर अपनी किरकिरी करायी थी। लेकिन इस बार उन्हें भारत की ताकत और अपनी औकात का पता चल गया है।

# बिहारियों से घिरे हैं हेमंत, आदिवासियों का कहां से करेंगे भला: लोबिन हेंब्रम

**शहीदों और पुरखों के सपनों को चकनाचूर कर रहे हेमंत सोरेन: राजू महतो**

**बोरियो विधायक लोबिन हेब्रंम अपनी ही सरकार और पार्टी नेतृत्व पर जम कर बरसे**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** 17 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के तत्वावधान में बुधवार को समाहरणालय मैदान में कार्यकारी अध्यक्ष अमर किंडो की अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से विधायक सह झारखंड बचाओ मोर्चा के संयोजक लोबिन हेंब्रम, पूर्व मंत्री सधनु भगत, केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो, प्रधान महासचिव कयूम खान, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, उपाध्यक्ष किशोर किस्कू, महासचिव प्रो. लाल अजय नाथ शाहदेव, केंद्रीय सचिव अरुण कुमार दुबे, आजम अहमद, इसरार अहमद, संयोजक प्रो विनोद भगत, भुनेश्वर सेनापति, राजकिशोर महतो आदि उपस्थित हुए। मौके पर बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम अपनी ही सरकार और पार्टी नेतृत्व पर जम कर बरसे। उन्होंने कहा कि जनता से जिस वादे और संकल्प के साथ हेमंत सोरेन सत्ता में आये थे, आज उन वादों और संकल्प को भूल गये हैं। अगर यहां के आदिवासी और मूलवासियों के पास जमीन ही नहीं बचेगी, तो आदिवासी मूलवासी कहां जायेंगे। आज आदिवासी मूलवासी समाज अपने ही राज्य में उपेक्षित होता जा रहा है। जल, जंगल और जमीन की लूट जारी है। सीएनटी, एसपीटी एक्ट में संशोधन कर सरकार इसे कमजोर करने में लगी है। आंदोलनकारी और झारखंड बचाओ मोर्चा इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। लोबिन ने कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री होते हुए भी अब तक न स्थानीय नीति बनी, न नियोजन नीति बनी। साथ ही विस्थापन आयोग का भी गठन नहीं हुआ। सरकार रोजगार देने की बात कह रही है, लेकिन सरकार यह तो बताये कि किस प्रखंड में किस कंपनी में अब तक कितने लोगों को 75 फीसदी नौकरी दी गयी है। लोबिन ने कहा कि हेमंत सोरेन ने चुनाव के वक्त स्मार्ट गांव बनाने की बात की थी, लेकिन अब वह स्मार्ट सिटी बनाने में लग गये हैं। ऐसे के राज्य की जनता का विश्वास खत्म हो रहा है। झारखंड आंदोलनकारी महासभा के अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि झारखंड के राज नेता झारखंड की आदिवासी मूलवासी जनता की भावनाओं के साथ लगातार खिलवाड़ कर रहे हैं। झारखंड में हमारे शहीदों और पुरखों के सपनों को चकनाचूर करते हुए स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं। पूर्व मंत्री सधनू भगत ने कहा कि यहां के महापुरुषों, आंदोलनकारियों ने बलिदान दिया, तब सीएनटी और एसपीटी एक्ट बना। जो यहां के लोगों के जल जंगल जमीन का सुरक्षा कवच है। बावजूद इसके जमीन की लूट हो रही है।

# 64 संगठनों की होगी जांच, प्रतिबंधित भाकपा माओवादी से संबंध होने का संदेह

**सबसे अधिक संगठन रांची जिला से संचालित हो रहे हैं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के 16 जिलों में संचालित 64 संगठनों की जांच के आदेश दिये गये हैं। प्रतिबंधित भाकपा माओवादी से संबंधित होने के संदेह में झारखंड पुलिस द्वारा स्पेशल ब्रांच को सूची दी गयी है। जिन 64 संगठनों की जांच के आदेश दिये गये हैं, उनमें सबसे अधिक 29 संगठन रांची जिला से संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा चाइबासा में नौ, धनबाद में दो, सराइकेला में छह, जमशेदपुर में 20, बोकारो में सात, गिरिडीह में चार, पाकुड़ में तीन, चतरा में दो, लातेहार में तीन, दुमका में एक, गढ़वा में एक, गुमला में दो, रामगढ़ में एक, लोहरदगा में एक और खूंटी में एक संगठन शामिल हैं। इनमें से कई ऐसे भी संगठन हैं, जो एक साथ कई जिलों में संचालित हो रहे हैं।

### इन 64 संगठनों की जांच के आदेश दिये गये हैं

1- झारखंड जनअधिकार महासभा
2- झारखंड जन संघर्ष मोर्चा
3- विस्थापन विद्रोही जन विकास आंदोलन
4- झारखंड क्रांतिकारी मजदूर यूनियन
5- केंद्रीय जन संघर्ष समिति
6- झारखंड काउंसिल फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स
7- आदिवासी वूमेन नेटवर्क संगठन
8- एसोसिएशन फॉर प्रोटक्शन फॉर सिविल राइट्स
9- एकता नारी सशक्ति संगठन
10- एकता परिषद
11- झारखंड नागरिक प्रयास
12- जंगल बचाओ आंदोलन
13- झारखंड एनआरइए वॉच
14- समाजवादी जन परिषद
15- ट्राइबल रिसर्च और ट्रेनिंग सेंटर
16- झारखंड लोकतंत्र बचाओ मंच
17- यूनाइटेड मिली फोरम
18-आदिवासी मूलवासी अधिकार मंच
19-आदिवासी सेंगल अभियान
20-सीपीआइ
21-बगाईचा
22-साझा कदम
23-पीयूसीएल
24-गांव गणराज्य परिषद
25- हासा और भाषा जगाओ संगठन
26- मेहनतकश महिला संघर्ष समिति
27- आदिवासी मूलवासी विकास मंच
28-झारखंड किसान परिषद
29- सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया
30-जनवादी सांस्कृतिक विचार मंच
31- एआइडीएसओ
32- एआइडीएफ
33- द ग्राम सभा और लोकतंत्र न्यूज पोर्टल
34- जगुआर बालसी
35- आरवाइए
36- विस्थापित मुक्ति वाहिनी
37- झारखंड ऑर्गेनाइजेशन अगेंस्ट रेडिएशन जादूगोड़ा
38- यूसीआइएल
39- जल जंगल सुरक्षा समिति
40- झारखंड विस्थापन विद्रोही एकता मंच
41- दलमा जन मुक्ति संघर्ष वाहिनी
42- झारखंड मुक्ति वाहिनी
43- विस्थापित मुक्ति वाहिनी
44- दलमा मुक्ति वाहिनी
45- वन समिति
46- नीलांबर पीतांबर एकजुटता मंच
47- जोहर असंगठित मजदूर संघ
48- विस्थापित साझा मंच
49- महिला मुक्ति संघर्ष समिति
50- अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा
51- झारखंड जेनरल कामगार यूनियन
52- आदिवासी हो मार्शल सुसून अखाड़ा
53- जल जंगल जमीन अधिकार रक्षा मंच
54- झारखंड क्रांतिकारी महिला समिति
55- जन जागरण वन अधिकार समिति
56- खाद्य सुरक्षा जन अधिकार मंच
57- आदिवासी अधिकार मंच
58- ह्यूमन रिसोर्स लॉ नेटवर्क
59- हॉफमैंस लॉ एसोसिएट
60- यंग स्टार यूनिटी
61- नव आजादी लोकमंच
62- आदिवासी संघर्ष मोर्चा
63- शहीद स्टेन स्वामी न्याय मोर्चा
64- जोहर फाउंडेशन

# दूसरे दिन भी बोकारो में की पोस्टरबाजी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** भाकपा माओवादियों ने गोमिया प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के कई गांवों में पोस्टरबाजी कर पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। पिछले एक दशक से बेरमो अनुमंडल के थाना क्षेत्र में नक्सलियों की गतिविधि कम हुई थी और पुलिसिया कार्रवाई जोरों पर होने के कारण ग्रामीण दहशत मुक्त होकर जीवन यापन कर रहे थे। लेकिन 19 सितंबर की रात को थाना क्षेत्र के चुटे, सवई, छोटकी सीधाबारा और कुर्कनालो में भाकपा माओवादी द्वारा जगह-जगह पोस्टर चिपकाने की सूचना है। इसी प्रकार आइदएल थाना क्षेत्र में भी पोस्टर मिला है। इस संबंध में बुधवार को बेरमो एसडीपीओ बशिष्ठ नारायण सिंह ने बताया कि पोस्टर लगाने की सूचना मिली है। जांच करायी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि गिरिडीह जिले के मधुबन मोड पालगंज इलाके और बोकारो जिले के ललपनियां बाजार में अलग-अलग दुकानों पर सोमवार देर रात भाकपा माओवादियों ने करीब आठ पोस्टर चिपका कर सनसनी फैला दी थी। इसके बाद दूसरे दिन चतराचट्टी थाना क्षेत्र में पोस्टरबाजी कर यह जता दिया है कि एक बार फिर भाकपा माओवादी अपने संगठन को विस्तार करने में जुट गयी है।

# हत्यारोपी कस्टडी से फरार, छह पुलिसकर्मी निलंबित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पाकुड़।** पत्नी की हत्या के आरोप में पकड़ा गया कबीरुल शेख मंगलवार देर रात पुलिस कस्टडी से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। इस मामले में थानेदार समेत सात पुलिसकर्मी लापरवाही के दोषी पाये गये हैं। दोषी दो हवलदार समेत छह पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। थानेदार को फिलहाल लाइन हाजिर किया गया है। पाकुड़ एसपी हरद्वीप पी जनार्दन ने बुधवार को बताया कि हत्या के आरोप में मालपहाड़ी ओपी पुलिस ने आरोपित कबीरुल शेख को गिरफ्तार किया था, जो मंगलवार की रात फरार हो गया। थानेदार समेत अन्य पुलिसकर्मी की लापरवाही सामने आयी है। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल मामले की जांच कर रहे हैं।

एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बताया कि जांच रिपोर्ट सौंप दी गयी है। थानेदार समेत सात पुलिसकर्मी लापरवाही के दोषी पाये गये हैं। दोषी दो हवलदार समेत छह पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। थानेदार को फिलहाल लाइन हाजिर किया गया है। बताया गया है कि बीते मंगलवार को चेंगाडांगा गांव निवासी सुंदरी का निकाह पास के ही गांव ऑटोगली के कबीरुल शेख के साथ हुआ था। सुंदरी वर्तमान में मायके में रह रही थी। मंगलवार को सुंदरी का पति कबीरुल चेंगाडांगा गांव पहुंचा और पत्नी के गले पर स्क्रू ड्राइवर से वार कर हत्या कर दी। आसपास के लोगों को जब घटना की जानकारी मिली, तब तक आरोपित फरार हो गया।

ग्रामीणों ने घटना की सूचना मालपहाड़ी ओपी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से एक स्क्रू ड्राइवर जब्त किया। मालपहाड़ी ओपी पुलिस ने हत्यारोपी पति कबीरुल शेख को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन कबीरुल देर रात पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को चकमा देकर हाजत से फरार हो गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6°c | 23.1°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.49 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.37 बजे |



# देश का 5वां सबसे गरीब विधायक झामुमो के मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** आपको जान कर हैरानी होगी कि झामुमो के विधायक मंगल कालिंदी देश के 5वें सबसे गरीब विधायक हैं। वहीं, सबसे कम संपत्ति वाले विधायक पश्चिम बंगाल के भाजपा विधायक निर्मल कुमार धारा हैं, जिनकी कुल घोषित संपत्ति सिर्फ 1,700 रुपये है। एडीआर की



रिपोर्ट में देश के 10 सबसे गरीब विधायकों की सूची जारी की गयी है। उसमें मंगल कालिंदी पांचवें नंबर पर हैं।

## जुगसलाई से हैं विधायक

2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में जुगसलाई से जीतने वाले झामुमो विधायक मंगल कालिंदी के पास 30 हजार रुपये की संपत्ति थी। चुनाव आयोग को दिये शपथ पत्र में मंगल कालिंदी ने बताया था कि उनके पास 20 हजार रुपये कैश हैं, जबकि बैंक अकाउंट में 10 हजार रुपये हैं। इस आधार पर उन्हें देश का पांचवां गरीब विधायक माना गया। उन्होंने शपथ पत्र में बताया था कि उनके नाम पर घर और जमीन नहीं है। उन्होंने तब तक किसी बैंक या संस्था से कर्ज भी नहीं लिया था। उन पर देनदारी नहीं थी।

## सबसे अमीर विधायक की संपत्ति 1400 करोड़ से अधिक

रिपोर्ट के अनुसार, सबसे अमीर विधायक के पास 1,400 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। कर्नाटक के विधायक डीके शिवकुमार देश के सबसे अमीर विधायक हैं।



शिवकुमार के पास 1,413 करोड़ से अधिक की संपत्ति है। देश के 20 सबसे अमीर विधायकों में से 12 कर्नाटक से हैं। टॉप टेन में सबसे अमीर विधायकों में से चार कांग्रेस से हैं, वहीं तीन भाजपा से हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** परिस्थिति में सुधार होगा, जॉब में परिवर्तन होने की संभावना।
- **वृष** रोजी-रोजगार में सफलता, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा।
- **मिथुन** प्रभावशाली लोगों के सहयोग से रूका हुआ काम पूरा होगा, मनोकामना पूरी होगी।
- **कर्क** सक्रिय व्यक्तित्व का विकास, आत्मविश्वास में वृद्धि, धन-द्रव्य का लाभ, शुभसमाचार की प्राप्ति होगी।
- **सिंह** सक्रियता बनाये रखें,सभी काम देरसबेर पूरा होगा, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे।
- **कन्या** आर्थिक उन्नति, पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे। पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा।
- **तुला** कर्मक्षेत्र में अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे।
- **वृश्चिक** चिरसंचित अभिलाषा पूरी होगी, आकस्मिक लाभ, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।
- **धनु** सुख-साधनों की वृद्धि, आत्मविश्वास में वृद्धि, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।
- **मकर** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ, हर्षदायक समाचार मिलेंगे।
- **कुंभ** कुंभ-महत्वपूर्ण काम सिद्ध होंगे, आरोग्यसुख, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।
- **मीन** कर्मक्षेत्रमें संतोषजनक प्रगति, सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, व्यापार में लाभ होगा।

# आदिवासी होने का केवल दंभ भरते हैं हेमंत : बाबूलाल

## गरीब आदिवासी विधवा का प्रधानमंत्री आवास तोड़ा गया, मुख्यमंत्री मौन रहे

**गैर मजरुआ जमीन दलाल बिचौलिये बेच रहे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपनी संकल्प यात्रा के पांचवें चरण की शुरुआत सिसई विधानसभा क्षेत्र की जनसभा से की। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए अपने पुराने तेवर में राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने हेमंत सरकार को अपराध ,लूट, भ्रष्टाचार का संरक्षक बताया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार से विकास की उम्मीद बेमानी है। इसे उखाड़ कर फेंके बिना राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त और विकास युक्त नहीं बनाया जा सकता।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा के विकास के लिए संकल्पित है। कहा कि नये संसद भवन को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति के वंदन और उसके सशक्तिकरण को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन बिल के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की 33% सीट आरक्षित होने से नारी शक्ति की अपार ऊर्जा संसदीय प्रणाली से जुड़ कर देश



की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभायेगी।

श्री मरांडी ने कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रही है, वहीं राज्य की हेमंत सरकार में लूट, अपराध और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। राज्य में रोज हत्या, अपहरण, डकैती की घटनाएं हो रही हैं। व्यवसायी वर्ग दहशत में है। बहन बेटियों की इज्जत घरों में भी सुरक्षित नहीं। यहां की पुलिस अपराधियों को दंडित करने में नहीं, बल्कि अपराधियों को बचाने में लगी है। पुलिस का काम अब केवल वसूली करना रह गया है। उन्होंने भ्रष्टाचार पर बोलते हुए कहा कि थाना, ब्लॉक कहीं भी बिना पैसे का कोई काम नही होता। पदाधिकारी बेखौफ बोलते हैं कि पैसा ऊपर तक पहुंचाना पड़ता है।

मरांडी ने कहा कि राज्य में खान-खनिज, पत्थर-बालू, जमीन और गरीबों के अनाज लूटे जा रहे। महाजन प्रथा का विरोध करते-करते मुख्यमंत्री का परिवार आज सबसे बड़ा महाजन बन गया है। कहा कि रांची, धनबाद, बोकारो, दुमका सब जगह हेमंत सोरेन ने आदिवासियों की जमीन नाम बदल बदल कर ली है। उन्होंने कहा कि गैर मजरूआ जमीन को दलाल बिचौलिये बेच रहे और आदिवासी विधवा के प्रधानमंत्री आवास को पदाधिकारी बुलडोजर से तुड़वा रहे हैं। मुख्यमंत्री मौन साधे बैठे रहे। कहा, जब गरीबों को हेमंत सोरेन नहीं सुन रहे, तो पदाधिकारी क्यों सुनेगा। कहा कि भाजपा सरकार आते ही ऐसे पदाधिकारी के वेतन से पैसे वसूले जायेंगे। विधवा का घर बनेगा और अगर नहीं बना, तो बाबूलाल मरांडी वापस यहां नही आयेंगे। उन्होंने कहा कि। हेमंत सरकार ने नियुक्ति वर्ष के नाम पर युवाओं को ठगा। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद भी बिना पिछड़ों को आरक्षण दिये पंचायत चुनाव करा दिये और अब नगर निकाय चुनाव को रोक दिया। ट्रिपल टेस्ट अभी तक शुरू नहीं हुआ। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यह सरकार सड़क की मरम्मत तक नहीं करा पा रही। विद्यालयों में शिक्षक नही, अस्पताल में डॉक्टर्स नहीं, दवाई नही, एंबुलेंस नहीं, नर्स नहीं। उन्होंने कहा कि राज्य को इस राज्य संपोषित भ्रष्टाचार, लूट, अपराध को समाप्त करने के लिए भाजपा को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को भाजपा की मजबूती के लिए संकल्प दिलाया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम स्थल पर मुख्य रूप से संकल्प यात्रा के कार्यक्रम प्रभारी विनय कुमार लाल, जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, प्रदेश महामंत्री मुनेश्वर साहू, पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, बिशुनपुर क्षेत्र के भाजपा के पूर्व प्रत्याशी अशोक उरांव, जिला महामंत्री यशवंत सिंह, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष आफताब आलम लाडले, शमीम खान, गायत्री देवी, लक्ष्मी साहू सहित काफी लोग उपस्थित थे।

## 25 पुलिस अधिकारियों को हुआ बैच अलॉटमेंट

# प्रमोशन पाकर बने आइपीएस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रमोशन पाकर आइपीएस बने 25 पुलिस अधिकारियों के बैच का आवंटन हुआ है। इससे संबंधित आदेश केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी कर दिया है। गौरतलब है कि झारखंड सरकार ने बीते 13 और 14 सितंबर को केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिख कर एसपीएस कोटे से पदोन्नति पर नियुक्त 25 आइपीएस अधिकारियों की चयन सूची में उनके नाम शामिल करने के आधार पर वरिष्ठता/आवंटन के वर्ष के निर्धारण के लिए प्रस्ताव भेजा था।

### जानें किस आइपीएस अधिकारी को कौन-सा बैच हुआ आवंटित


| नाम | बैच | पूज्य प्रकाश | |
|---|---|---|---|
| आनंद प्रकाश | 2012 | सहदेव साव | 2016 |
| सरोजनी लकड़ा | 2014 | अमित कुमार सिंह | 2016 |
| एमेल्डा एक्का | 2014 | अजीत कुमार | 2016 |
| सादिक अनवर रिजवी | 2014 | मुकेश कुमार | 2016 |
| अरविंद कुमार सिंह | 2014 | दीपक कुमार पांडेय | 2016 |
| विकास कुमार पांडेय | 2014 | अनिमेष नैथानी | 2016 |
| विजय आशीष कुजूर | 2014 | अजय कुमार-1 | 2017 |
| दीपक कुमार शर्मा | 2016 | आरिफ एकराम | 2017 |
| राजकुमार मेहता | 2016 | डा. विमल कुमार | 2017 |
| शंभु कुमार सिंह | 2016 | मनीष टोप्पो | 2017 |
| अजय कुमार सिन्हा | 2016 | कैलाश करमाली | 2017 |
| अनुदीप सिंह | 2016 | पितांबर सिंह खेरवार | 2017 |

# इडी ने गोरा संजय और काला संजय को भेजा समन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने साहिबगंज के गोरा संजय और काला संजय को एक नया समन जारी किया है। इडी ने उन्हें साहिबगंज के अवैध खनन मामले में 27 सितंबर को इडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले भी इडी ने दोनों को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन दोनों उपस्थित नहीं हुए थे। गोरा संजय और काला संजय बच्चू यादव का भांजा है। इडी को जानकारी मिली है कि बच्चू यादव की अवैध खनन से अर्जित संपत्ति का निवेश उसके दोनों रिश्तेदारों ने किया है। इडी ने बैंक खातों के ट्रांजेक्शन से जुड़े साक्ष्य और निवेश की जानकारी जुटायी है। इसी आधार पर दोनों को इडी ने समन किया है। बताते चलें कि बीते दिनों बच्चू यादव को सुप्रीम कोर्ट ने अवैध खनन केस में सशर्त जमानत दे दी थी।

## सीबीआइ की स्पेशल कोर्ट में पेश हुए लालू



**पटना।** सीबीआइ की स्पेशल कोर्ट में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की बुधवार को पेशी हुई। चारा घोटाला मामले में भागलपुर-बांका ट्रेजरी से 46 लाख रुपये निकासी से जुड़े मामले में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पटना सीबीआइ की स्पेशल कोर्ट में लालू पेश हुए। चारा घोटाले के आरसी 63 ए1996 मामले में लालू प्रसाद यादव, पूर्व सांसद जगदीश शर्मा, पूर्व सांसद आरके राणा, अधिकारी बेक जूलियस और फूलचंद सिंह समेत 22 लोग आरोपी हैं। सीबीआइ ने अब तक 76 गवाह पेश कर गवाही करवायी है। चारा घोटाले के इस मामले में सीबीआइ ने लालू प्रसाद यादव समेत 44 आरोपियों पर चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें 22 लोगों की मौत होने की वजह से ट्रायल बंद कर दिया गया है।

# चार उपायुक्तों को मिली आपराधिक गतिविधियों को रोकने की शक्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बढ़ते अपराध और नक्सल गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए चार जिलों के उपायुक्तों को शक्ति दी गयी है। जमशेदपुर, सिमडेगा, रामगढ़ और गढ़वा जिले के उपायुक्तों सह जिला दंडाधिकारी के पत्र के आलोक में यह कार्रवाई की गयी है।

गृह विभाग से इस स्तर पर विमर्श हुआ, जिसमें यह बात सामने आयी कि इन जिलों में सामान्य दंड संहिता के सिर्फ उपयोग से अपराध या नक्सल गतिविधियों में शामिल लोगों पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता है। इसलिए अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 का उपयोग करते हुए चारों जिलों के डीसी को धारा 12 (2) से सीसीए लगाने का अधिकार दिया गया है। इस संबंध में बुधवार को अधिसूचना जारी की गयी है। यह शक्ति अगले तीन माह के लिए दी गयी है।

# महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित है मोदी सरकार: आरती कुजूर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा में मोदी सरकार द्वारा पेश किये गये नारी शक्ति वंदन बिल का स्वागत उत्सव मना कर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा ने प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर के नेतृत्व में किया। प्रदेश कार्यालय में मोर्चा की बहनों ने गाजे बाजे के साथ अबीर गुलाल लगा कर और मिठाइयां बांट कर खुशियां मनायीं। एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं



के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलायीं, साथ ही 11 महिलाओं को अपने कैबिनेट में जगह भी दी और अब नारी शक्ति वंदन अध्यादेश लाकर आधी आबादी को जो सम्मान दिया, इसके लिए उनका आभार।

वहीं राष्ट्रीय मंत्री महिला मोर्चा की आरती सिंह ने आधी आबादी को दिये गये इस सम्मान के लिए प्रधानमंत्री को झारखंड प्रदेश की ओर से धन्यवाद दिया। कहा कि स्वच्छता अभियान, शौचालय निर्माण, गर्भवती माताओं का सहयोग, मातृत्व अवकाश में वृद्धि, तीन तलाक की समाप्ति, उज्ज्वला गैस योजना, बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रम चला कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़े कार्य किये।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष रेणुका मुर्मू, प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता पांडेय, प्रदेश मंत्री रेनू तिर्की, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिन्हा, फूदो देवी, संपति देवी, युवा मोर्चा प्रवक्ता प्रियंका रंजन, महिला मोर्चा प्रवक्ता सुचिता सिंह, कार्यालय मंत्री बबिता वर्मा, रेखा महतो, लक्ष्मी कुमारी, बबली कुमारी, कुमुद झा, संजू कुशवाहा, पूजा शौर्य सिंह, बबिता झा, सोशल मीडिया प्रभारी रंजिता सिंह सहित कई महिला बहनें उपस्थित थीं।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

एनआईटी संख्या : एसटी-सीओएन-आरएनसी-एडीए-एएफडीएएस, दिनांक : 19.09.2023। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची एवं आद्रा मंडलों के 13 स्टेशनों पर संकेत एवं दूरसंचार कार्यों के लिए डेटालॉगर द्वारा नेटवर्किंग सहित ऑटोमैटिक फायर डिटेक्शन एंड अलार्म सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं शुरुआत। **निविदा का विज्ञापित मूल्य:** ₹ 2,68,58,414.07। **बयाना राशि:** ₹ 2,84,300। **निविदा का प्रकार:** खुली। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 13.10.2023 को सुबह 11.30 बजे। उपर्युक्त निविदा सूचना का विवरण वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
(PR-622)

## राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान का 100वां स्थापना दिवस समारोह

# कृषि विकास को दिशा देने में संस्थान ने निभायी महत्वपूर्ण भूमिका: राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान ने हमारे देश में कृषि विकास को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। आइसीएआर-एनआइएसए की सफलता इसके वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और कर्मियों के समर्पित प्रयासों से ही संभव हो सका। कृषि के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के कारण कई सफलताएं और प्रगति हुई हैं। राज्यपाल बुधवार को रांची के नामकुम स्थित राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के 100वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्थान के जरिये न केवल पारंपरिक और नये





मेजबान पौधों का उपयोग करके कुसुमी और लाह की खेती, संग्रह और प्रसंस्करण की वैज्ञानिक पद्धति विकसित की गयी है, बल्कि इसने लाह उत्पादकों और प्रसंस्करण से जुड़े व्यक्तियों के आर्थिक उत्थान के लिए इसे प्रसारित करने में भी अहम भूमिका निभायी है। इस संस्थान के जरिये विकसित प्रौद्योगिकियों के 80 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी छोटानागपुर क्षेत्र के गरीब और सीमांत जनजातीय किसान हैं। उन्होंने हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि विगत 99 वर्षों में, संस्थान की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से 10 लाख से अधिक व्यक्तियों को कौशल प्रदान कर उनके सामाजिक-आर्थिक उन्नयन के लिए प्रयास करना सराहनीय है। राज्यपाल ने कहा कि आज हमारा देश कच्चे लाह के उत्पादन के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी उत्पादक है, जिसका वार्षिक उत्पादन 20,000 टन से अधिक है, जो विश्व के कुल उत्पादन का लगभग 80 प्रतिशत है। इसमें झारखंड राज्य का योगदान प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि कृषि हमेशा हमारे राष्ट्र की रीढ़ रही है। हमारे राज्य में वार्षिक लगभग 1500 मिमी वर्षा होने के बावजूद कृषि के क्षेत्र में कतिपय समस्याएं हैं। हमारे किसानों को उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी अपनानी होगी। प्रधानमंत्री किसानों की आय में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इसके लिए किसानों को द्वितीयक कृषि पद्धतियों का उपयोग करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को इंटरनेशनल मिलेट ईयर घोषित किया गया है। राज्यपाल ने कहा कि राज्य में कृषि से संबंधित गतिविधियों को बढ़ाया जाना चाहिए। सब्जियों, मसालों, औषधीय पौधों, सुगंधित चावल आदि की जैविक खेती की यहां पूर्ण संभावना है। उन्होंने मत्स्य पालन, मुर्गी पालन के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह संस्थान प्रतिबद्धता से कार्य करते हुए और उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करेगा। इस दौरान राज्यपाल ने लाह कलर एनालायजर और पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया।

## राज्यपाल को डीजीपी ने दिया आमंत्रण

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह ने राज भवन में भेंट की। अधिकारियों ने 'पुलिस ड्यूटी मीट' में सम्मिलित होने के लिए राज्यपाल को आमंत्रित किया।

UNIVERSITY COLLEGE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY (UCET)
**VINOBA BHAVE UNIVERSITY**
Hazaribag 825319 (Jharkhand)
Approved by UGC & AICTE
BACHELORS IN ARTIFICIAL INTELLIGENCE & MACHINE LEARNING Department of CSE, UCET
Ph.No.: 06546-261929 (0), Fax: 06546-261929,
E-mail: vbuucet@gmail.com, Website: www.ucetvbu.ac.in

**Admission notice through open counseling in Bachelor in AI & ML PROGRAMME (Session: 2023-26)**

Eligible candidates are invited to take admission in course Bachelor in AI&ML through open spot counseling for 34 vacant seat on 23.09.2023. The selected candidates can take admission on same day on the basis of merit list prepared on marks obtained in PCM /commerce /PCB with computer science/ I.P in I.SC/10+2 examination with aggregate minimum 45% marks.

Interested candidates are directed to come to the AI office,UCET-VBU with original documents of passing, CLC and Migration certificates of 10th and 12th class between 9:30A.M to 12:00 P.M on 23.09.2023.

For detailed information visit website: www.ucetvbu.ac.in/ www.vbu.ac.in

For any enquiry, Contact No. 6206363923/9162523117/ 9430182008

Memo No. : VBU/UCET/AI&ML-021/2023
Dated : 16.09.2023

Director
UCET, VBU-Hazaribag

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,600 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 21 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# नारी आकांक्षाओं का सम्मान मोदी सरकार की पहचानः अन्नपूर्णा देवी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण नारी शक्ति वंदन अधिनियम बुधवार को लोकसभा से पारित हो गया। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में आज का दिन स्वर्णाक्षरों में अंकित हो गया है। नारी सम्मान और अधिकार को समर्पित इस चिर प्रतीक्षित विधेयक को समर्थन देनेवाले सभी दलों और सभी सांसदों के प्रति आभार प्रकट करती हूं।

मुझे पूरा विश्वास है कि राज्यसभा में भी दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर सभी सदस्य इस विधेयक का समर्थन करेंगे और यह विधेयक कानून बनेगा। मोदी जी ने नारी आकांक्षाओं को कितना ज्यादा महत्व दिया है, यह इस बात से समझा जा सकता है कि नये संसद भवन की पहली संसदीय कार्यवाही के रूप में इसे चुना गया। ये सही है कि महिलाओं को आरक्षण देने के प्रस्ताव पहले भी सदन में आये हैं लेकिन उनमें से कोई भी कानून नहीं बन सका क्योंकि कभी नीयत साफ नहीं रही, कभी तैयारी पूरी नहीं रही तो कभी आंकड़े पक्ष में नहीं थे, लेकिन मोदी जी यह विधेयक नारी शक्ति के प्रति पूरी श्रद्धा रखते हुए पूरी तैयारी के साथ लेकर आये हैं और इसलिए अब महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण का हक लेने से कोई रोक नहीं सकता। मोदी जी और भाजपा सदैव महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिका के लिए सचेष्ट हैं। सशस्त्र सेनाओं और सैनिक स्कूलों में महिलाओं का प्रवेश, उद्योगों में भी अबतक वर्जित कामों में महिलाओं को जोड़ना, लोकसभा और केंद्रीय मंत्रिपरिषद में अबतक का सर्वाधिक महिला प्रतिनिधित्व यह प्रमाणित भी करता है।

# प्रेम प्रकाश को जमानत देने से अदालत ने किया इनकार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने बुधवार को अवैध खनन के साथ चेशायर होम रोड के एक एकड़ जमीन समेत अन्य जमीन फर्जीवाड़े से प्राप्त राशि का मनी लांड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अदालत ने 14 सितंबर को दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। अदालत बुधवार को अपना सुरक्षित आदेश सुनाया। प्रेम प्रकाश ने जमानत की गुहार लगाते हुए 11 सितंबर को अर्जी दाखिल की थी।

दाखिल अर्जी में वह जमीन से जुड़े फर्जीवाड़े में अपने आप को निर्दोष बतलाया था। अदालत में सुनवाई के दौरान इडी के वकील शिव कुमार काका ने जमानत अर्जी का विरोध किया। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ जमीन फर्जीवाड़े में पर्याप्त सबूत हैं। मामले में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। ऐसे में जमानत की सुविधा प्रदान करना उचित नहीं होगा। जमीन घोटाले के आरोप में इडी ने प्रेम प्रकाश को 11 अगस्त को रिमांड किया था।

पांच दिनों की पूछताछ के बाद इडी ने उसे जेल भेज दिया था। तब से इस मामले में जेल में है। बता दें कि प्रेम प्रकाश अवैध खनन मामले में 25 अगस्त 2022 से जेल में है। 11 अगस्त से अवैध खनन के साथ जमीन घोटाले के केस में भी न्यायिक हिरासत में लिया गया। जमीन घोटाले से जुड़े मामले में इडी ने पिछले दिनों निलंबित आइएएस अधिकारी छवि रंजन, प्रेम प्रकाश समेत 10 के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इसी के बाद उसकी मुश्किलें बढ़ गयी हैं।

## टेक होम राशन में उचित पोषण सुनिश्चितः शशि प्रकाश

रांची (आजाद सिपाही)। समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि हर साल की तरह इस वर्ष भी पोषण माह का आयोजन पूरे प्रदेश में प्रखंड स्तर तक किया जा रहा है। इस वर्ष का थीम सुपोषित झारखंड, साक्षर झारखंड और सशक्त झारखंड है। हमने भगवान बिरसा मुंडा के पवित्र गांव से इस मिशन की शुरुआत की है। वह बुधवार को प्रोजेक्ट बिल्डिंग स्थित नये सभागार में मीडिया को पोषण माह की जानकारी दे रहे थे। शशि प्रकाश ने बताया कि लक्षित लाभार्थियों का पोषण सुधारने के लिए हमारे यहां टीएचआर यानी टेक होम राशन में उचित पोषण सुनिश्चित किया गया है। हम हर महीने 38432 आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा 34 लाख से अधिक लाभार्थियों को टीएचआर के तहत सेवा प्रदान कर रहे हैं। पोषण माह के दौरान हर गोदाम की निगरानी पोषण ट्रैकर में सभी लाभार्थियों की डिजिटल डेटा एंट्री भी सुनिश्चित की गयी है, ताकि हम वास्तविक समय में निगरानी कर सकें और जान सकें कि किन लोगों को टीएचआर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कुछ इसी तरह से सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में भी हर दिन तीन-छह साल के बच्चों को गर्म पका हुआ भोजन और नाश्ता का वितरण भी कराया जाता है। विभाग की ओर से बच्चों की नियमित निगरानी के साथ गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और छह वर्ष के बच्चों को सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। निदेशक ने बताया कि राज्य भर में पोषण माह के दौरान कई अलग- अलग गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अब तक राज्यभर में 6.76 लाख से अधिक गतिविधियां की जा चुकी हैं। सेविका, हेल्पर, सभी सीडीपीओ, आब्जर्वर, डीएसडब्ल्यूओ, यूनिसेफ और अन्य विभागों का सहयोग लिया जा रहा है। हम सभी 224 योजनाओं से प्रत्येक सेविका और सहायिका को बेहतर प्रदर्शन के लिए नकद पुरस्कार भी देने जा रहे हैं। निदेशक ने मिलेट्स के खाद्य पदार्थों को भी शामिल करने की बात कही ताकि पोषाहार को ज्यादा बल मिल सके।

## उदय शंकर ओझा की सातवीं पुण्यतिथि मनायी गयी

# मजदूरों के मसीहा थे समाजसेवी उदय शंकर ओझा : सीपी सिंह

**श्रद्धा और प्रेम ऐसा कि खराब मौसम के बाद भी समर्थक और चाहनेवाले जमे रहे**

आजाद सिपाही संवाददाता







**रांची।** पंडरा बाजार समिति प्रांगण में बुधवार को संघर्षशील, मजदूरों की आवाज, विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक संगठनों से जुड़े रहे सामाजिक नेता स्वर्गीय उदय शंकर ओझा की सातवीं पुण्यतिथि मनायी गयी। मजदूर नेता स्वर्गीय उदय शंकर ओझा की पुण्यतिथि के मौके पर शहर के सामाजिक, धार्मिक, व्यावसायिक और राजनीतिक दलों के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। खराब मौसम के बाद भी स्वर्गीय ओझा के समर्थक और चाहनेवाले चार से पांच घंटे वहां जमे रहे। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित हो श्रद्धांजलि दीं। वहीं रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि मजदूरों के मसीहा थे समाजसेवी उदय शंकर ओझा। एक मसीहा का असमय चला जाना दुखद है। इनकी कमी हमेशा खलेगी।


### जरूरतमंदों के मसीहा थे : राजेश ठाकुर

इस अवसर पर राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मजदूरों के शुभचिंतक और ट्रक एसोसिएशन और रांची महावीर मंडल के अध्यक्ष उदय शंकर ओझा मजदूरों, गरीबों, जरूरतमंदों के बहुत बड़े मसीहा थे। उनकी पहचान मजदूर नेता के तौर होती रही है। रांची में उन्होंने मजदूरों के प्रति कार्यों से अलग पहचान बनायी थी। श्रद्धांजलि देनेवालों में रांची के सम्मानित लोगों में विधायक नवीन जयसवाल, पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, स्वर्गीय उदय शंकर ओझा के भाई ललित नारायण ओझा, डब्लू ओझा, पुत्र दीपक ओझा, गौतम, हर्ष सहित पूरे परिवार के सदस्य उपस्थित थे। साथ ही रवींद्र सिंह, शमशेर आलम, ज्योति सिंह मथारू, धर्मेंद्र तिवारी, राजीव रंजन मिश्र, विनय सिंह दीपू, जैलेंद्र कुमार, मनोज सिंह, संजीव विजयवर्गीय, अजयनाथ शाहदेव, सत्यनारायण सिंह, अतुल शाहदेव, शिवपूजन पाठक, संजय कुमार जयसवाल, पवन साहू, केके गुप्ता, कुमार राजा, वरुण साहू, सुनील सिंह चौहान, बाबू पाठक, किशोर मंत्री, पवन शर्मा, अमरेंद्र सिंह, संजय पांडेय, शशांक राज, अनीता वर्मा, संतोष सिंह, वरुण तिवारी, सचिइरनंद सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## नीट की तैयारी के लिए गोल ने सेमिनार का आयोजन किया

# लक्ष्य निर्धारण कर प्रत्येक दिन अपने लक्ष्य को पाने की कोशिश करें : विपिन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




**पटना।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को तैयारी के दौरान क्या करें क्या न करें? किस तरीके से तैयारी करें? इस तरह के अनेकों प्रश्न परेशान करते रहते हैं। सही समय पर सही दिशा निर्देश और उनके मन में उठ रहे प्रश्नों का उचित उत्तर देकर उनके कठिन रास्ते को सुगम बनाया जा सकता है। छात्रों के इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिए गोल इंस्टीट्यूट द्वारा पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में सेमिनार का आयोजन किया गया। दो पाली में आयोजित इस सेमिनार में हजारों छात्रों ने भाग लिया। छात्रों को दिशा निर्देश देने के लिए ऑनलाइन जूम के माध्यम से टॉपर्स क्लब के एम्स-दिल्ली में पढ़ाई कर रहे द्वितीय वर्ष के छात्र दिपक साहु (नीट 2021 एआइआर - 5, मार्क्स - 715/720) तथा प्रथम वर्ष में पढ़ाई कर रहे पार्थ खंडेलवाल (नीट 2023 एआइआर - 10, मार्क्स - 715/720) ने मॉक टेस्ट और टाइम मैनेजमेंट के फायदे बताये। एम्स-पटना के प्रथम वर्ष के छात्र सत्यम बर्णवाल, स्वेता कुमारी, रोहित कुमार, अमन राज, प्रवीण कुमार सिंह और सृष्टी कुमारी ने गोल में तैयारी से संबंधित अपने अनुभव को साझा किया और महत्वपूर्ण टिप्स दिये।

छात्रों को संबोधित करते हुए गोल इंस्टीट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर विपिन सिंह ने कहा कि अगर छात्र प्रत्येक दिन, प्रत्येक सप्ताह और प्रत्येक महीने का लक्ष्य निर्धारण कर प्रत्येक दिन अपने लक्ष्य को पाने की कोशिश करें तो मेडिकल के कॉम्पीटीशन में सफलता प्राप्त करना मुश्किल नहीं होगा। गोल इंस्टीट्यूट के असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने टाइम मैनेजमेंट के महत्व को समझाते हुए कहा कि प्रकृति ने सभी छात्रों को दिन रात मिलाकर 24 घंटे का बराबर समय दिया है। इसी समय से जो छात्र ज्यादा समय इस्तेमाल कर लेते हैं वे सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंच जाते हैं।

छात्रों के बीच गौरव सिंह, संजीव एवं विनित ने भी अपने महत्वपूर्ण अनुभवों को साझा किया और बताया कि गोल इंस्टीट्यूट छात्रों को सफलता दिलाने के लिए हर संभव मदद करने को प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में गोल संस्थान के निरोज सिंह, निकेत वर्धन, संजित कुमार (पिंटू), राहुल आदि भी उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण तथ्य भी साझा किये

एनसीइआरटी की पुस्तकों से करें तैयारी।
ऑब्जेक्टिव प्रश्नों का करें अभ्यास।
अंतिम समय में नयी पुस्तकों का चयन न करें।
टेस्ट के द्वारा अपने तैयारी के लेवल की करें जांच।
हमेशा कूल और कॉन्फीडेंट रहें।
तैयारी के दौरान सकारात्मक सोच जरूरी।

## चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े मामले में इडी में हाजिर हुए साहिबगंज एसपी, कोर्ट ने कहा-

# गुमशुदा बच्चों की बरामदगी जल्द सुनिश्चित करें

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपी कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि एसआइ और एएसआइ के नेतृत्व में एक दल बनाकर बच्चों की खोज खबर के लिए उन्हें दिल्ली भेजा गया है। वे वहां की लोकल एजेंसी के साथ मिलकर लापता बच्चों को खोज कर रहे हैं, लेकिन अब तक बच्चों का सुराग नहीं मिल पाया है। मामले के सह आरोपी वीरेन साह एवं पप्पू साह को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं कुलदेव साह को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। कोर्ट ने मामले मामले की गंभीरता को देखते हुए सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन को बुलाया। कोर्ट ने एसपी साहिबगंज को निर्देश दिया कि जिन तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है उन्हें कस्टडी में लेकर लापता बच्चों के बारे में जानकारी इकट्ठा करें और उसे दिल्ली भेजे गये दल को बतायें ताकि बच्चों की जल्द सकुशल बरामद किया जा सके। वहीं महाधिवक्ता ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि गुमशुदा बच्चों की तलाशी के लिए कार्रवाई तेज की जायेगी। कोर्ट ने अगली सुनवाई में साहिबगंज एसपी एवं मामले के अनुसंधानकर्ता (आइओ) को फिर से सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश देते हुए उन्हें बच्चों की बरामदगी को लेकर अबतक की गयी कार्रवाई पर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 6 अक्टूबर निर्धारित की है। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता प्रत्यूष लाला एवं दीपक साहू ने पर पैरवी की। प्रार्थी की ओर से कोर्ट से जमानत का आग्रह किया गया था। दरअसल, कुलदेव साह व वीरेन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर कंप्लेन केस संख्या 148/ 2022 दर्ज करायी थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है। वहीं बोरियो थाना में कुलदेव साह एवं पप्पू साह के खिलाफ दर्ज कांड संख्या 2020/ 2022 में बी हंसदा ने अपने छोटे भाई की वर्ष 2014 में लापता होने को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### लायंस क्लब ऑफ रांची में व्याख्यान सह गोष्ठी




रांची (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ रांची में एक व्याख्यान सह गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि थे डॉ प्रोफेसर विनोद कुमार (प्रोफेसर बीपी सिन्हा) जो रांची यूनिवर्सिटी के जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट एवं रेडियो खांची के भी निदेशक रहे और एक प्रसिद्ध कवि, लेखक और फिल्मकार हैं। उनका व्याख्यान सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना पर विमर्श पर आधारित था। मौके पर लायंस अध्यक्ष परविंदरजीत सिंह ने उनका स्वागत किया। सचिव लायन पूनम निगम सहाय ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि सदियों से भारत आक्रमण का दंश झेलता आया है। इस से जहां देश की स्थिति बहुत बदतर हुई, पर हमारे देश की संस्कृति ने उसे भी आत्मसात करके एक नयी संस्कृति को पहचान दी। प्रोफेसर विनोद कुमार ने विषय को आगे बढ़ाते हुए कहा कि जब हम आज की सभ्यता और सांस्कृतिक पहचान के संदर्भ में विमर्श करते हैं तो पाते हैं कि हमें अपने इतिहास को जरूर खंगालना चाहिए। बुद्धकालीन भारत ने नालंदा में एक महान विश्वविद्यालय स्थापित किया जहां चीन के महान विचारक व्हेन सांग और इत्सिंग ने बौद्ध धम्म पर शिक्षा ग्रहण की। व्याख्यान काफी रोचक रहा और उद्देश्यपूर्ण भी। पीडीजी लायन वीके गढ़यान, लायन अमित सेन, लायन हरमिंदर बीर सिंह, लायन सिद्धार्थ मजूमदार, लायन शुभ्रा मजूमदार, लायन सिमलजीत कौर, लायन शांतनु तिवारी, लायन टीपी बर्णवाल, लायन विजय पांडे समेत कई वरिष्ठ लायन उपस्थित थे। लायन डॉक्टर हरमिंदर बीर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। यह जानकारी लायन श्याम सुंदर शर्मा, मीडिया प्रभारी ने दी।

### रांची रिवोल्ट जन मंच ने डेंगू-चिकनगुनिया के प्रति लोगों को जागरूक किया



रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची में बढ़ते डेंगू-चिकनगुनिया के संबंध में जमीनी स्थितियों का निरीक्षण करने के लिए सामाजिक वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जन मंच के पांच सदस्यीय दल ने मंगलवार को राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों का दौरा किया। दल ने लोगों से यह अपील किया है कि सभी लोग जागरूक होकर डेंगू-चिकनगुनिया का मुकाबला करें और इसपर नियंत्रण के लिए अपने घर के आस-पास जलजमाव को रोकें। यदि आम लोग सतर्क और सावधान रहेंगे तो डेंगू और चिकनगुनिया को आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है।

### हज हाउस रांची ने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए नि:शुल्क कोचिंग सेंटर का किया एलान



रांची (आजाद सिपाही)। हज हाउस कडरू में जामताड़ा विधायक सह झारखंड राज्य हज समिति के अध्यक्ष डॉ इरफान अंसारी की अध्यक्षता में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में हज समिति के विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर डॉ इरफान अंसारी ने एलान किया की झारखंड के अल्पसंख्यक, आदिवासी, दलित बच्चियों के लिए अगले कुछ दिनों के अंदर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग की शुरुआत की जायेगी। इस कोचिंग की शुरुआत हज हाउस रांची में की जायेगी। इस कोचिंग का भविष्य में झारखंड के हर जिले में विस्तार भी किया जायेगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चियां लाभान्वित हो सके। उन्होंने कहा कि मैं समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ाने के उद्देश्य में विश्वास करता हूं। इसी विचार के तहत दिल्ली के अभी ज्ञान कोचिंग के साथ इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत करा रहा हूं। मेरा सपना झारखंड की बच्चियों को उच्च पदों पर आसीन होकर देश की सेवा करते देखना है। इस सपने को साकार करने के लिए मैं हर संभव प्रयास कर रहा हूं। हमारे लिए ये गर्व की बात होगी। जब झारखंड की बच्चियां प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा, विदेश सेवा जैसी जगहों पर कार्य करेंगी। मैं मुख्यमंत्री से अल्पसंख्यक, आदिवासी, दलित बच्चियों के लिए स्कॉलरशिप की भी बात करूंगा ताकि उन्हें आर्थिक सहायता मिल सके। डॉ इरफान अंसारी की इस योजना को हज समिति के सभी सदस्यों ने खूब सराहा। इस बैठक में हज हाउस के रख रखाव, सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, साफ सफाई सहित अन्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की बात हुई।

### एलएलएम में नामांकन के लिए करें आवेदन

रांची (आजाद सिपाही)। एलएलएम में नामांकन के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में एक बार पुनः अवसर उपलब्ध है। कोर्स में नामांकन के लिए आवेदन दिनांक 30.09.2023 तक जमा किये जा सकते हैं। अभ्यर्थी स्पेशलाइजेशन के लिए उपलब्ध दो विकल्पों - 1.क्रिमिनल लॉ और 2. कॉरपोरेट लॉ में से किसी एक का चयन कर सकते हैं। चार सेमेस्टर के इस पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु वैसे अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने यूजीसी अथवा बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त संस्थान से 3 या 5 वर्षीय छछइ की परीक्षा 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। वैसे विद्यार्थी, जिनकी परीक्षाएं हो चुकी हैं परंतु परीक्षा परिणाम नहीं आया है, भी इस शर्त पर आवेदन कर सकते हैं कि सर्टिफिकेट सत्यापन के समय मूल अंक पत्र प्रस्तुत करना होगा। नामांकन हेतु आवेदकों का चयन प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जायेगा। प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन मोड में होगी। इसके अलावा सर्टिफिकेट इन लीगल ड्राफ्टिंग में भी नामांकन प्रक्रिया जारी है। 6 माह की अवधि के इस कोर्स में 10+2 पास कोई भी विद्यार्थी नामांकन योग्य हैं। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पढाई संचालित होगी। कोर्स फीस रू०5000/- मात्र है। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करने के बाद नामांकन हेतु वांछित प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। वेबसाइट पर नामांकन संबंधी विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। विशेष जानकारी के लिए अभ्यर्थी 9431587424 पर संपर्क कर सकते हैं।

# अपने स्तर से मीडिया से संवाद न करें पुलिस अधिकारी: डीजीपी

**पुलिस की विभिन्न इकाई सीआइडी, जैप, रेल, स्पेशल ब्रांच, एससीआरबी, एसीबी, एटीएस से मीडिया को उपलब्ध करायी जाने वाली सामग्री पुलिस प्रवक्ता को उपलब्ध करायी जायेगी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस की मीडिया नीति से संबंधित आदेश डीजीपी अजय कुमार सिंह ने जारी किया है। इसमें कहा गया है कि अब पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी द्वारा मीडिया से संवाद नहीं किया जायेगा। आदेश जारी करने का उद्देश्य पुलिस विभाग की नीति है कि उस समय मीडिया को संबंधित सूचना सही समय पर उपलब्ध करायी जाये, जब अनुसंधान की प्रक्रिया प्रतिकूल रूप से बाधित न हो या पुलिस अभियान में बाधा न उत्पन्न हो या फिर पुलिसकर्मियों की सुरक्षा खतरे में ना हो। पीड़ित या अभियुक्त के कानूनी और मूलभूत अधिकारों का हनन न हो। इससे राष्ट्रीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

**प्रत्येक जिला कार्यालय में मीडिया सेल की शाखा होगी**

कहा गया है कि पुलिस मुख्यालय के लिए डीजीपी या उनके द्वारा प्राधिकृत पुलिस प्रवक्ता ही पुलिस से संबंधित मीडिया को जानकारी दे सकेंगे। प्रत्येक जिला के कार्यालय में एक मीडिया सेल की शाखा होगी, जिसके प्रभारी मुख्यालय स्थित एएसपी या डीएसपी होंगे। जिलों में एसपी द्वारा या प्रभारी मीडिया के द्वारा संबंधित जानकारी मीडिया को दी जा सकेगी।

**मीडिया ब्रिफिंग का स्थान, समय और तरीका:** सामान्यतः मीडिया ब्रीफिंग का स्थान कार्यालय कक्ष होगा और प्रतिदिन निर्धारित समय शाम चार बजे से छह बजे के बीच निर्धारित होगा, जिसकी सूचना यथा-समय सभी मीडियाकर्मियों को दी जायेगी। पुलिस से संबंधित मामलों-जैसे बड़ी आपराधिक या विधि-व्यवस्था की घटना, महत्वपूर्ण उद्भेदन गिरफ्तारी, बरामदगी या अन्य उपलब्धि पर स्वयं जिला एसपी द्वारा मीडिया से वार्ता की जायेगी। जिला एसपी द्वारा सामान्यतः मीडिया सेल शाखा में घटना की परिस्थिति के अनुसार घटनास्थल, थाना अथवा अन्य कार्यालय में प्रेस से संवाद किया जा सकता है।

एसपी और प्रभारी मीडिया सेल शाखा द्वारा वर्दी में ही मीडिया के साथ साक्षात्कार किया जायेगा। किसी अपराध के दर्ज होने के 48 घंटों के भीतर केवल इतनी ही सूचना साझा की जायेगी, जो घटना के तथ्यों को प्रकट करे और आश्वस्त कर सके कि मामले को गंभीरता से किया जा रहा है। किसी अपराध के संबंध में गुप्त या तकनीकी सूत्रों को मीडिया के समक्ष प्रकट नहीं किया जायेगा और न ही अनुसंधान की दिशा या तकनीकों का खुलासा किया जायेगा। यौन हिंसा के पीड़ितों और बच्चों / किशोरों की पहचान का खुलासा मीडिया के सामने नहीं किया जायेगा। अभियुक्तों की गिरफ्तारी होने पर मीडिया को बताया जायेगा, किंतु उन्हें मीडिया के समक्ष पेश नहीं किया जायेगा। प्राधिकृत पुलिस प्रवक्ता पुलिस से संबंधित जानकारी मीडिया को दे सकेंगे। पुलिस की विभिन्न इकाई सीआइडी, जैप, रेल, स्पेशल ब्रांच, एससीआरबी, एसीबी, एटीएस से मीडिया को उपलब्ध करायी जाने वाली सामग्री पुलिस प्रवक्ता को उपलब्ध करायी जायेगी। इन सामग्रियों को पुलिस प्रवक्ता प्रेस विज्ञप्ति या प्रेस कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से मीडिया को जारी करेंगे। पुलिस की विभिन्न इकाई के क्षेत्रीय जिला स्तरीय पदाधिकारी और समादेष्टा अपने क्षेत्राधिकार की उपलब्धि संबंधी सूचनाएं मीडिया से साझा कर सकेंगे। जोनल आइजी और डीआईजी भी पुलिस से संबंधित जानकारी मीडिया को दे सकेंगे।

पुलिस के नीतिगत सभी मामलों में केवल डीजीपी या उनके निर्देश पर पुलिस प्रवक्ता ही मीडिया ब्रीफिंग करेंगे।

# अग्रवाल और मारवाड़ी समाज का 26वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन 24 सितंबर को

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** अग्रवाल सभा रांची द्वारा आयोजित मारवाड़ी समाज और संपूर्ण अग्रवाल का 26वां सामूहिक विवाह का आयोजन 23 नवंबर को महाराजा श्री अग्रसेन भवन में आयोजित किया जायेगा। महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित प्रेस-वार्ता में सामूहिक विवाह आयोजन समिति के मुख्य संयोजक भागचंद पोद्दार ने बताया कि सामूहिक विवाह के लिए अग्रवाल और संपूर्ण मारवाड़ी समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन 24 सितंबर को अग्रसेन भवन में होगा। उन्होंने कहा कि अग्रवाल सभा ने वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन सर्वप्रथम वर्ष 1993 में किया था। उन्होंने कहा कि विवाह की संपूर्ण जिम्मेदारी खर्च और व्यवस्था अग्रवाल सभा वहन करती है। सामाजिक विवाह का भव्य आयोजन में समाज के प्रतिष्ठित लोग और प्रमुख सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि इस पुनीत आयोजन में विवाह के संपूर्ण नेगचार जैसे मेहंदी, हल्दी, तेलबान, चाकभात, कोरथ, वरमाला, स्वागत समारोह, फेरा व विदाई समस्त कार्य रीति रिवाज से किया जाता है। वर-वधू जोड़ों को सभा की ओर से उपहार स्वरूप स्टील अलमारी, 52 वर्तन सेट, हाथ खड़ी, पॉली, पाजेब, नथ, मंगटीका, 4 साडी, चुन्नी, घाघरा, वलाउज, सिलाई मशीन, आयरन इसके अलावा समाज के दाताओं द्वारा भेंट भी प्रदान किया जाता है। सभा की ओर से आवास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, वैवाहिक प्रमाण पत्र अन्य सुविधा प्रदान की जाती है। प्रेस वार्ता का अध्यक्षता अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने की। अग्रवाल सभा के संचालन प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ और धन्यवाद ज्ञापन मंत्री मनोज कुमार चौधरी ने किया। प्रेस वार्ता में अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, चंडी प्रसाद डालमिया, रतन लाल बंका, राजेंद्र केडिया, विश्वनाथ जाजोदिया, नंदकिशोर पाटोदिया, मनोज चौधरी, ललित कुमार पोद्दार, सज्जन पाड़िया, अनिल अग्रवाल, नरेश बंका, अजय डीडवानिया, पवन पोद्दार, सुनील पोद्दार, संजय सराफ, विजय कुमार खोवाल, राजकुमार मित्तल, प्रकाश बजाज, आकाश अग्रवाल, मनोज रूईया, मंजीत जाजोदिया, सुरेश चौधरी, सहित अन्य मौजूद थे।

# जागरण और भंडारा का आयोजन हुआ

**जागरण महोत्सव में 501 किलो की खीर, पूरी एवं सब्जी बनाकर दस हजार श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर सह रिद्धिसिद्धि विनायक गणेश मंदिर रातू रोड में बुधवार को बहुत ही धूम-धाम से गणेश महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर जागरण व भंडारा का आयोजन हुआ। जागरण संध्या का उद्घाटन श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जय सिंह यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना, लाल चढ़ावे गजमुख को, राम जी की निकली सवारी, कसम राम की खाते हैं बनायेंगे मंदिर जैसे भजनों पर भक्त जमकर थिरके। इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों की टीम ने माहौल को भक्ति मय कर दिया। जागरण महोत्सव में 501 किलो की खीर, पूरी एवं सब्जी बनाकर दस हजार श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर दीपक ओझा, अजय वर्मा, कमलेश यादव, अशोक यादव, रोशनलाल यादव, सिद्धि विनायक मंदिर के मुख्य पुजारी एवं अन्य विशेष रूप से मौजूद थे।

# अव्यवस्था के खिलाफ नंगे पांव प्रदर्शन करते डीसी आवास पहुंचीं कस्तूरबा की छात्राएं, लगाये कई गंभीर आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**उपायुक्त के निर्देश पर सदर एसडीओ के नेतृत्व में तीन से चार पदाधिकारियों ने मामले की जांच की**

**रांची।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में वैसी बच्चियों को शिक्षा दी जाती है, जो गरीब परिवार से आती हैं। रहने के साधन के साथ साथ भोजन की भी व्यवस्था विद्यालय परिसर में ही की गयी है। सारे संसाधनों को लेकर शिक्षा विभाग बड़ी बड़ी बातें करता है, लेकिन बुधवार को इन तमाम दावों की पोल कस्तूरबा चैनपुर की छात्राओं ने खोल कर रख दी। अव्यवस्था के खिलाफ विद्यालय की दर्जनों छात्राएं स्कूल से निकल कर सड़क पर आ गयीं और तीन किलोमीटर प्रदर्शन करते हुए छहमुहान स्थित उपायुक्त शशि रंजन के आवासीय परिसर में पहुंच गयीं। उपायुक्त से मिलीं और पूरी स्थिति से उन्हें अवगत कराया। उपायुक्त ने उन्हें भरोसा दिलाते हुए कहा कि आप सभी स्कूल जायें, मामले की जांच करायी जायेगी। इधर उपायुक्त के निर्देश पर सदर एसडीओ राजेश साह के नेतृत्व में तीन से चार पदाधिकारियों ने मामले की जांच की। उनकी जांच में पानी की समस्या नजर आयी। लो वोल्टेज के कारण मोटर नहीं चली थी। इसके लिए बिजली विभाग से बात कर निर्देशित किया गया। वार्डन को स्कूल में ही रहने की हिदायत दी गयी। इसी तरह छात्राओं की सभी मांगों पर अविलंब सुधार करने का निर्देश वार्डन को दिया गया। प्रदर्शन करने वाली छात्राओं चंचला कुमारी, रूखसाना परवीण, जमीना खातून, राधिका, साजिया परवीण, नूरजहां खातून, मुस्कान, एकता, विद्या सहित अन्य ने आरोप लगाते हुए कहा कि स्कूल में ना तो संसाधान बेहतर मिलते हैं और ना ही पढ़ाई हो पाती है। रात 11 बजे भोजन दिया गया। कई दिनों से पानी नहीं मिल रहा है। स्कूल की रसोइया खाना नहीं पकाती। उसकी जगह छात्राओं को ही खाना पकाना पड़ता है। साफ सफाई भी छात्राएं ही करती हैं। काम करने से मना करने पर पिटाई की जाती है। यही कारण है कि लंबे समय से समस्याओं को झेलते हुए आज उनके सब्र का बांध टूट गया और स्कूल से निकल कर पैदल ही उपायुक्त आवास पहुंच गयीं। छात्राओं ने उपायुक्त से बेहतर माहौल देने की मांग की है, ताकि वे बेहतर तरीके से शिक्षा ग्रहण कर सकें।

# वेबसाइट के जरिये हो रहा था ठगी का धंधा

## लड़कियों की फोटो दिखा फंसाया जाता था ग्राहकों को

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर/ कोडरमा।** एक फर्जी वेबसाइट के जरिये जिले समेत दूसरे जगह के लोगों से हजारों रुपये की ठगी की जा रही थी। इसकी सूचना कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह को मिली जिसके बाद इस पूरे मामले का ना सिर्फ भंडाफोड़ किया गया बल्कि इस धंधे में शामिल लोगों को भी धर दबोचा गया। उन्होंने बताया कि कुछ लोग नंदनी कॉल गर्ल एस्कॉर्ट सर्विस के नाम से वेबसाइट बनाकर ग्राहकों से संपर्क कर ग्राहकों को लड़कियों का फोटो दिखाकर ग्राहकों को फंसाते थे। लड़की उपलब्ध कराने का प्रलोभन देकर विश्वास में लेकर पैसे की ठगी करना तथा व्हाट्सएप के माध्यम से क्यू आर कोड भेज कर पैसे की मांग करते थे। जयनगर थाना अंतर्गत परसाबाद रेलवे फाटक गडगी के पास छापामारी में नंदनी कॉल गर्ल एस्कॉर्ट सर्विस के जितेंद्र साव पिता इंद्रदेव साव, दिलीप कुमार साहू और एक नाबालिग को छापामारी कर गिरफ्तार किया।

## भंडरा में मांदर वितरण कार्यक्रम आयोजित, मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा

# प्रकृति पर्व करम पूजा हमारी संस्कृति की धरोहर है : मंत्री रामेश्वर उरांव

**मांदर, ढोल, नगाड़ा झारखंड का प्राचीन और अत्यंत लोकप्रिय वाद्य यंत्र हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा/लोहरदगा।** पर्यटन कला संस्कृति, खेल कूद और युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा प्रखंड सभागार में मंगलवार को मांदर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधयाक सह वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव उपस्थित हुए। कार्यक्रम मे पहुचे मंत्री का स्वागत पारंपरिक अंदाज में ढोल नगाड़ा से महिलाओं द्वारा स्वागत कर कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि और अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मांदर वितरण के दौरान डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की राज्य सरकार सभी जनता के हित मे कार्य कर रही है सरकार सभी तरह की योजना चाहे कब्रिस्तान का घेराव हो, पीसीसी सड़क, अखरा का निर्माण, अखरा में सोलर लाइट, धोती साड़ी योजना, राशन कार्ड का निर्माण, पेंसन जिसके लिए वर्षो तक इंतजार करना पड़ता था उसे हमने अपने वायदे के अनुसार पुरा करने का काम कर रहे हैं। आदिवासी की पहचान उसके पहनावा, सभ्यता, संस्कृति, वाद्य यंत्र का वितरण करने का हम काम कर रहे हैं। पूरे जिले में हमने 300 मांदर देने का काम किया है। मंत्री ने कहा कि मांदर, ढोल, नगाड़ा झारखंड का प्राचीन और अत्यंत लोकप्रिय वाद्य यंत्र है। हमारे संस्कृति सभ्यता की पहचान है। यहां के लोग खासकर आदिवासी प्रत्येक त्योहार, शादी-विवाह में इसका उपयोग करते हैं। आदिवासी धार्मिक, सांस्कृतिक, परंपरा को बचाएं रखने के लिए विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में मांदर और नगाड़े का वितरण किया जा रहा है। आदिवासी परंपरा को बचाएं रखने के लिए विधायक मद से युद्ध स्तर पर अखड़ा का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा जिले के 62 अखड़ा में सोलर लाईट लगाने का काम किया जा रहा है। वह आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं। डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की प्रकृति महापर्व करमा पूजा हमारे संस्कृति की धरोहर है। यह प्रकृति के साथ समाज के समरूपता का परिचायक भी है। प्रकृति के प्रति लोगों का प्रेम और समर्पण ही यहां चलने को नृत्य बन देता है और बोलने को संगीत। कहां करमा प्रकृति से मानव जीवन के गहरे जुड़ाव का पर्व है। इसे हम सभी को धूम धाम से मनाने की जरूरत है। सभ्यता और संस्कृति को एक नई पहचान देने की जरूरत है। मौके पर बीडीओ रंजीत सिन्हा, सीओ दिनेश गुप्ता, थाना प्रभारी गौतम कुमार, कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकील अहमद, डॉ अजयनाथ शाहदेव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जुगल, डोमना, विशाल डुंगडुंग सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# झारखंड में 91 इनामी माओवादियों के खात्मे के लिए तैनात हैं सुरक्षा बलों की 86 कंपनियां

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में अब प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी, टीपीसी और पीएलएफआइ कमजोर पड़ गये हैं। नक्सली वारदात में कमी आयी है। नक्सल प्रभाववित कई इलाकों से नक्सलियों के पैर उखड़ गये हैं। पिछले कुछ वर्षों में पुलिस की ओर से लगातार चलाये गये अभियान की वजह से ऐसा संभव हुआ है। झारखंड पुलिस के अनुसार, राज्य में अब मात्र 91 माओवादी बचे हुए हैं। इन माओवादियों के खात्मे के लिए सुरक्षा बलों की 86 कंपनियां तैनात हैं। इनमें सीआरपीएफ की 31, जैप की 38, आइआरबी की छह, एसएसबी की चार और सैप की सात। इसके अलावा झारखंड जगुआर की भी कई कंपनियां नक्सल अभियान में लगी हुई हैं।

**झारखंड में बचे सिर्फ 91 इनामी नक्सली:** झारखंड में पिछले एक साल के दौरान 45 इनामी नक्सली कम हो गये। साल भर पहले झारखंड में इनामी नक्सलियों की संख्या 136 थी, जो अब घट कर 91 पर पहुंच गयी है। झारखंड में इस साल 21 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। 181 नक्सली गिरफ्तार हुए हैं और सात नक्सली मारे गये हैं। झारखंड पुलिस के लिए वर्तमान में चार बड़े नक्सली प्रयाग मांझी, मिसिर बेसरा, असीम मंडल और पतिराम मांझी को पकड़ना चुनौती है। झारखंड में वर्तमान में एक करोड़ के चार, 25 लाख के आठ इनामी, 15 लाख के 15, 10 लाख के 12, पांच लाख के 21, दो लाख के 10, एक लाख के 21 इनामी नक्सली बचे हैं।

**अति माओवाद प्रभाव वाले 25 में आठ जिले झारखंड के**

झारखंड के आठ जिले माओवादियों की सक्रियता के लिहाज से अति माओवाद प्रभावित श्रेणी में हैं। वहीं राज्य के 16 जिलों में माओवादियों का प्रभाव है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक, पूर्व में देशभर के 90 जिले माओवाद प्रभावित थे, लेकिन अब इसकी संख्या घट कर 70 रह गयी है। केंद्र ने 70 में से 25 जिलों को अति माओवादी प्रभाव वाला माना है। देश के अति माओवाद प्रभाव वाले 25 में आठ जिले झारखंड के हैं। झारखंड में माओवाद प्रभाव वाले 16 जिलों में रांची, खूंटी, बोकारो, चतरा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं।

### ये इनामी बड़े नक्सली मारे गये

बुद्धेश्वर उरांव, सनिचर सुरीन, गौतम पासवान, अजीत उरांव, अमर गंझू।

### इन इनामी बड़े नक्सलियों ने किया सरेंडर

संतोष भुइयां, अमरजीत यादव, इंदल गंझू, दुर्योधन महतो, सुरेश मुंडा, महाराजा प्रमाणिक, अमन गंझू, राधेश्याम यादव।

### ये इनामी बड़े नक्सली हुए गिरफ्तार

प्रशांत बोस, प्रद्युमन शर्मा, चंदन सिंह खेरवार, कृष्णा हांसदा, दिनेश गोप, बलराम उरांव, भीखन गंझू, नंदलाल सोरेन।

# 16 थानों के 96 पुलिसकर्मियों ने दी दर्जनों ठिकानों पर दबिश, 38 गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गढ़वा जिले में विभिन्न थाना क्षेत्रों के फरार स्थायी व गिरफ्तारी वारंटियों को पुलिस अभियान चलाकर 38 आरोपी को गिरफ्तार किया है। 16 थानों के करीब 96 पुलिसकर्मी जिलेभर में अपराधियों के धरपकड़ के लिये विशेष अभियान चलाया।

16 थानों के 96 पुलिस अधिकारियों व जवानों ने दर्जनों ठिकानों पर दबिश देकर 38 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें गढ़वा थाना में छः, कांडी थाना में एक, मझिआंव थाना में एक, मेराल थाना में एक, बरडीहा थाना में एक, डंडई थाना में तीन, नगर उंटारी थाना में चार, भवनाथपुर थाना में तीन, खरौंदी थाना में दो, धुरकी थाना में दो, केतार थाना में एक, विशनपुरा थाना में दो, रमना थाना में दो, रंका थाना में चार, चिनिया थाना में एक, और रमकंडा थाना में चार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## इन लोगों की हुई है गिरफ्तारी

गढ़वा थाना पुलिस ने शमशेर अंसारी, तेजवली भुइयां, दिनेश राम भुइयां, उर्फ दिनेश भुइयां, श्री राम भुइयां, सोनू राम और सुभाष कुमार उर्फ गोलू, कांडी थाना पुलिस ने गोलू सिंह, मझिआंव थाना पुलिस ने उपेंद्र विश्वकर्मा, मेराल थाना पुलिस ने सूरज कुमार रवि, बरडीहा थाना पुलिस ने जगदीश यादव, डंडई थाना पुलिस ने वसरुद्दीन अंसारी, दिलसाद रज्जा, राजकुमार राम उर्फ राजू कुमार रवि, नगर ऊंटरी थाना पुलिस ने जोखन चौधरी, चमन चौधरी, राम केवल राम, दिलीप भुइयां, भवनाथपुर थाना पुलिस ने राजेश्वर प्रसाद गुप्ता, अमरेश कुमार गुप्ता, वशिष्ठ पासवान, खरौंदी थाना पुलिस ने राजू मेहता, विफन भुइयां, धुरकी थाना पुलिस ने चंदन कुमार, लक्षु राम, केतार थाना पुलिस ने बीरबल उरांव, विष्णुपुर थाना पुलिस ने मनोज राम, श्री राम कुमार मेहता, रमना थाना पुलिस ने लालदेव साव, लाल बिहारी चंद्रवंशी, रंका थाना पुलिस ने संजय यादव, राजेंद्र यादव, सोमारु साव, मंतोष कुमार रवि, चिनिया थाना पुलिस ने सुरेंद्र प्रजापति, रमकंडा थाना पुलिस ने जमाल मियां, हकीम मियां, आशीष कुमार रवि और जगनारायण यादव को गिरफ्तार किया है।

# रिश्ते और बिगड़ेंगे

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के वहां की संसद में दिए गए ताजा बयान दोनों देशों के पहले से बिगड़ते रिश्तों को और बदतर ही बनाएंगे। उनका यह आरोप लगाना सचमुच अजीब है कि जून महीने में ब्रिटिश कोलंबिया में हुए एक खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार का हाथ होने के 'विश्वसनीय आरोप' हैं। खुद ट्रूडो के बयान के मुताबिक वहां की एजेंसियां अभी इस मामले की जांच ही कर रही हैं। जब जांच किसी नतीजे तक नहीं पहुंची है तो फिर उस आधार पर कोई नतीजा भी नहीं निकाला जा सकता। शायद इसीलिए ट्रूडो ने आरोपों को ही विश्वसनीय बता दिया। ये आरोप कनाडा के खालिस्तानी तत्व शुरू से लगा रहे हैं, लेकिन कोई सबूत नहीं दे पा रहे। बावजूद इसके, खुद कनाडाई प्रधानमंत्री ने इस हत्या के सिलसिले में भारत का नाम ले लिया। भारएत ने ठीक ही इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। लेकिन ट्रूडो ने कोई पहली बार इस तरह का गैरजिम्मेदार रवैया नहीं दिखाया है। पिछले दिनों जी-20 शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान भी उनके रुख से यही संकेत मिला कि वह कनाडा में खालिस्तान समर्थक तत्वों की हरकतों को गंभीरता से नहीं लेते। उन्होंने जहां खालिस्तानी तत्वों की गतिविधियों को अपने नागरिकों की अभिव्यक्ति की आजादी का हिस्सा करार दिया, वहीं यह भी कहा कि वे किसी देश को इस मामले में दखलंदाजी नहीं करने देंगे। साफ है कि भारत की संप्रभुता और इसकी एकता-अखंडता जैसे महत्वपूर्ण मसले का वह अन्य मुद्दों से घालमेल कर रहे हैं। इससे पहले 2020 में भारत में हो रहे किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान भी उन्होंने बेवजह ही किसान आंदोलन का समर्थन कर भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने का प्रयास किया था। उससे भी पहले 2018 में जब वह भारत दौरे पर आए थे तो मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में उनकी पूर्व पत्नी की एक खालिस्तानी नेता जसपाल सिंह अटवाल के साथ तस्वीर को लेकर विवाद हो गया था। पंजाब के एक पूर्व कैबिनेट मंत्री की 1986 में वेंकुवर में हुई हत्या के मामले में 20 साल जेल में बिता चुके अटवाल का नाम कनाडियाई हाईकमिशन की ओर से आयोजित डिनर की गेस्ट लिस्ट में भी शामिल था, जिसे विवाद के बाद हटाया गया। हालांकि कुछ जानकार ट्रूडो के इस रवैये के पीछे उनकी चुनावी राजनीति की मजबूरियां गिनाते हैं। संसद में दिए उनके ताजा बयान को भी फूड इन्फ्लेशन और हाउसिंग संकट के कारण घरेलू मोर्चे पर बढ़ती उनकी मुश्किलों से जोड़कर देखा जा रहा है। लेकिन वजह चाहे जो भी हो, उनका यह रुख दोनों देशों के रिश्तों में खटास तो बढ़ाता ही जा रहा है। दोनों देश एक-एक सीनियर डिप्लोमैट को निष्कासित करने की घोषणा तो कर ही चुके हैं, करीब एक दशक के गैप के बाद शुरू हुई मुफ्त व्यापार समझौते की वार्ता भी अटक गई है।

**कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के हालिया बयान के बाद दोनों देशों के बीच रिश्ते और खराब होंगे। उन्होंने संसद में आरोप लगाया है कि खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार का हाथ है।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**इतिहास का यह खंडकाल भारत के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण काल कहा जा सकता है क्योंकि एक तो भारत पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है तो वहीं भविष्य को लेकर भी भारत के आर्थिक विकास के संबंध में लगभग समस्त वित्तीय संस्थान भव्य सम्भावनाएं व्यक्त करते हुए केवल यह दशक ही नहीं बल्कि यह शताब्दी ही भारत की बता रहे हैं।**

# मोदी के नेतृत्व में बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है भारत



**प्रह्लाद सबनानी**



**भारत ने सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी धाक पूरे विश्व में ही जमाई है। इस क्षेत्र में भारत पूरे विश्व के लिए एक पावर हाउस की भूमिका अदा करता हुआ दिखाई दे रहा है। अब तो स्टार्ट अप के क्षेत्र में भी भारत विश्व में दूसरे स्थान पर आ गया है। भारतीय युवाओं ने इन क्षेत्रों में अपना लोहा वैश्विक स्तर पर मनवा लिया है।**

वैश्विक स्तर पर, विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में, भारत आज अपने स्वर्णिम काल में प्रवेश कर गया है। जनसंख्या की दृष्टि से भी भारत आज विश्व में प्रथम स्थान पर आ गया है और भारत को वैश्विक स्तर पर सबसे युवा देश कहा जा रहा है। जबकि, भारत की तुलना में विश्व के कई अन्य विकसित देशों जैसे, जापान, जर्मनी, चीन, अमेरिका, फ्रांस, इटली, ब्रिटेन आदि में बुजुर्ग आबादी की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इतिहास का यह खंडकाल भारत के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण काल कहा जा सकता है क्योंकि एक तो भारत पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है तो वहीं भविष्य को लेकर भी भारत के आर्थिक विकास के संबंध में लगभग समस्त वित्तीय संस्थान भव्य सम्भावनाएं व्यक्त करते हुए केवल यह दशक ही नहीं बल्कि यह शताब्दी ही भारत की बता रहे हैं। 1980 के दशक के मध्य, वर्ष 1985 में, भारत विश्व की 10 सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल था (अमेरिका, सोवियत यूनियन, जापान, पश्चिमी जर्मनी, फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम, इटली, कनाडा, चीन और भारत)। परंतु अगले दो दशकों से भी अधिक समय तक भारत उक्त सूची में से बाहर हो गया। फिर वर्ष 2014 आते आते भारत एक बार पुनः विश्व की 10 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया। इसके बाद से तो भारतीय अर्थव्यवस्था ने तेज रफ्तार पकड़ ली है और वर्ष 2022 में भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब तो भरपूर सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि वर्ष 2030 के पूर्व भारत अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आर्थिक क्षेत्र में भारत के विकास की कहानी को केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र में लगातार किए जा रहे सुधारों की सफल कहानी भी कहा जा सकता है। वैश्विक स्तर पर, विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में, भारत के बढ़ते महत्व के चलते विभिन्न देश एवं वैश्विक संस्थान भारत की आवाज को अब गम्भीरता से लेने लगे हैं।

**आज भारत, विश्व की सबसे तेज गति से आर्थिक विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है।**

भारतीय सनातन संस्कृति, परम्पराओं एवं मयार्दाओं का पालन करते हुए भारत ने आर्थिक क्षेत्र में अतुलनीय प्रगति की है। आज भारत, विश्व की सबसे तेज गति से आर्थिक विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत ने सकल घरेलू उत्पाद के मामले में पिछले 9 वर्षों के दौरान 5 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ा है। वैश्विक स्तर पर जहां सकल घरेलू उत्पाद 3 से 3.5 प्रतिशत के बीच बढ़ रहा है वहीं भारत में यह 7 प्रतिशत से अधिक की गति से आगे बढ़ रहा है और यह आर्थिक विकास दर आगे आने वाले लम्बे समय तक बने रहने की भरपूर सम्भावना है क्योंकि भारत के पास बहुत बड़ी मात्रा में युवा, सक्षम एवं शिक्षित आबादी है, जो भारत के लिए एक 'पावर हाउस' बनकर उभर रही है। भारत के पास मजबूत बैंकिंग व्यवस्था है, जो उद्यमियों को पूंजी उपलब्ध कराने में हमेशा आगे रहती है। सरकारी क्षेत्र के बैंकों सहित निजी क्षेत्र के बैंकों में भी गैरनिष्पादन कारी आस्तियों को बहुत कम स्तर पर लाया गया है एवं इन लगभग सभी बैंकों का पूंजी पर्याप्तता अनुपात वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े बैंकों के समतुल्य पहुंच गया है।

भारत में हाल ही के समय में आधारभूत ढांचा खड़ा करने के लिए अभूतपूर्व कार्य सम्पन्न हुआ है। सड़क मार्ग, रेल यातायात, समुद्रीय मार्ग से यातायात में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। आधारभूत ढांचा में हुए जबरदस्त सुधार के चलते कई बहुराष्ट्रीय विदेशी कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयां भारत में स्थापित करने की ओर लालायित हो रही हैं। परिवहन सम्बंधी आधारभूत ढांचे के साथ ही संचार सम्बंधी आधारभूत ढांचे में भी अतुलनीय सुधार दृष्टिगोचर है। आज इंटरनेट की सुविधाएं भारत के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच गई हैं। जनधन योजना के अंतर्गत 50 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं एवं इन खातों में आज 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा हो गई है, जो देश के गरीब नागरिकों की ओर से भारत के आर्थिक विकास में उनके योगदान के रूप में देखी जा सकती है। बुनियादी ढांचे को विकसित करने के अलावा नागरिकों को घरेलू स्तर की सामान्य सुविधाएं जैसे शौचालय, पीने का पानी, खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन एवं बिजली आदि की सुविधाएं भी सफलता पूर्वक उपलब्ध कराई जा रही हैं।

भारत ने सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी धाक पूरे विश्व में ही जमाई है। इस क्षेत्र में भारत पूरे विश्व के लिए एक पावर हाउस की भूमिका अदा करता हुआ दिखाई दे रहा है। अब तो स्टार्ट अप के क्षेत्र में भी भारत विश्व में दूसरे स्थान पर आ गया है। भारतीय युवाओं ने इन क्षेत्रों में अपना लोहा वैश्विक स्तर पर मनवा लिया है।

भारत डिजिटल आधारभूत ढांचे को विकसित करने में भी सफल रहा है, जिससे देश की विशाल आबादी को प्रदान की जाने वाली तमाम सेवाओं का डिजिटलीकरण करने में आसानी हुई है, जैसे मनी ट्रांसफर, कैश ट्रांसफर आदि। भारतीय अर्थव्यवस्था में डिजिटल व्यवहारों का प्रतिशत बहुत बढ़ा है। आज भारत टेक्नॉलाजी की दुनिया के कुछ सबसे बड़ी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया है।

बुनियादी ढांचे के विकास के साथ ही भारत के नागरिकों की रोजगार के लिए अब कृषि क्षेत्र पर निर्भरता धीरे धीरे कम हो रही है। अब सेवा के क्षेत्र में रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध होने लगे हैं एवं साथ ही विनिर्माण इकाईयों के स्थापित होने से उद्योग के क्षेत्र में भी रोजगार के नए अवसर निर्मित होने लगे हैं। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना अब सरकार के लिए एक प्राथमिक कार्य की श्रेणी में आ गया है। भारतीय डॉक्टर, इंजीनीयर एवं प्रबंधन में विशेषज्ञता हासिल किये हुए युवाओं की विकसित देशों में भारी मांग है एवं इसके कारण कई भारतीय युवा अब रोजगार के लिए इन देशों की ओर भी रुख करने लगे हैं।

आज जब विश्व के कई देश आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र में कई गम्भीर समस्याओं से जूझ रहे हैं और वे इन समस्याओं को हल करने में अपने आप को सक्षम नहीं पा रहे हैं, इन गम्भीर परिस्थितियों के बीच भारतीय सनातन संस्कृति एवं परम्पराएं इन देशों के लिए आशा की किरण के रूप में दिखाई दे रही हैं। भारत ने न केवल आर्थिक क्षेत्र में विभिन्न गम्भीर समस्याओं को हल करने में सफलता पाई है बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी सनातन संस्कृति एवं परम्पराओं का अनुपालन करते हुए कई प्रकार की सामाजिक समस्याओं को भी सफलतापूर्वक हल किया है। आज, विश्व में 10 देशों के राष्ट्राध्यक्ष अथवा प्रधानमंत्री भारतीय मूल के नागरिक ही बन गए हैं। इसके अलावा, कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी भारतीय मूल के नागरिक बन गए हैं। अतः आज विश्व के कई देश अपनी आर्थिक एवं सामाजिक समस्याओं के हल हेतु भारतीय सनातन संस्कृति एवं परम्पराओं की ओर आशाभारी नजरों से देख रहे हैं।

**(लेखक भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

# सिख दंगों में सज्जन कुमार का बरी होना पीड़ादायक : सतनाम



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन के पूर्वी भारत अध्यक्ष सतनाम सिंह गंभीर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा दिल्ली के राउज एवेनयु अदालत में बुधवार को 1984 के सिख विरोधी दंगो से संबंधित हत्या के एकमामले में कोग्रेस नेता सज्जन कुमार व अन्य को बरी कर दिया गया। यह मामला सुल्तानपुरी इलाके में तीन सिखों की हत्या से जुड़ा है। इस मामले पर झारखंड में 1984 सिख पीड़ित परिवारों को इंसाफ दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे है। उन्होंने कहा सिख कत्लेआम के दोषी सज्जन कुमार का बरी होना काफी पीड़ादायक है। पीछे कई सवाल छोड़ गया है। जिसपर पूरी कौम को मंथन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा इस मामले को सही ढंग से दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनज्मेंट कमेटी ने नही लड़ा न ही गंभीरता दिखाई। उन्होंने दिल्ली कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका से आग्रह करते हुए कहा इस मामले पर अदालत में अपील कर सही ढंग से केस को लड़ें ताकि कौम को इंसाफ मिल सके।

## हिन्दूपीठ में तीन दिवसीय गणेश उत्सव का आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** हिन्दूपीठ में तीन दिवसीय गणेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों ने शामिल होकर गणपति बप्पा से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, भाजपा नेता कुणाल षाड़ंगी, कांग्रेसी नेता अजय सिंह सहित अन्य शामिल रहे। वही बुधवार को हिन्दूपीठ के महिला विंग की ओर से महिलाओं के लिए सांस्कतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर शहर की प्रख्यात गायिका श्रद्धा दास प्रस्तुति दी। साथ ही महिलाओं के लिए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हिंदू पीठ जमशेदपुर के सुरक्षा प्रमुख सोमनाथ सिंह ने बताया हिंदू पीठ जमशेदपुर में यह छठा गणेश उत्सव है। इसका मुख्य उद्देश्य शहर के सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को आगे बढ़ाना है। तीसरे दिन सैनिक सम्मान समारोह में शहर के पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जायेगा। उत्सव को सफल बनाने में संरक्षक अरुण सिंह, प्रकाश दुबे, महिला अध्यक्ष कुमकुम सिंह, शिखा श्यामल, शंभू जयसवाल, कपिल हुई, किशोर गोलछा, सीएन बनर्जी, विजय अग्रवाल का अहम योगदान रहा।

# महिला आरक्षण बिल पारित होने पर भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया जश्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मिठाई खिलाकर व गुलाल लगाकर की आतिशबाजी**



**जमशेदपुर।** लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पारित होने के बाद जमशेदपुर के महिलाओं में जश्न का माहौल है। बुधवार को भाजपा महिला मोर्चा से जुड़े कार्यकर्ताओं ने साकची जिला कार्यालय के समक्ष पर खुशियां मनायी। भाजपा महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति अधिकारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं एक दूसरे को गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर महिला आरक्षण बिल पेश होने पर बधाई दी। मौके पर जमशेदपुर के पूर्व सांसद आभा महतो, भाजपा प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा व भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव मौजूद रहे। महिला कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के समक्ष आमजनों को लड्डू खिलाकर और आतिशबाजी कर खुशियां साझा की। महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति अधिकारी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने भारतीय राजनीति में इतिहास रचा है। इसके लिए पूरी भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। पूर्व सांसद आभा महतो ने कहा महिला आरक्षण विधेयक पेश किए जाने से महिलाओं में हर्ष है। लंबे इंतजार के बाद महिलाओं को राजनीति में आरक्षण मिला। महिलाओं के अधिकार व उनके हितों से जुड़ी बातों को महिलाएं अब अपने दम पर संसद तक पहुंचा सकते। प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा ने गणेश चतुर्थी के दिन लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पेश किए जाने का स्वागत किया। उन्होंने कहा बिल लागू होने के बाद लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ेगी। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने भी महिला आरक्षण बिल को लोकसभा में पेश किये जाने का स्वागत करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रधानमंत्री का युगांतकारी कदम बताया। मौके पर मीडिया प्रभारी लकी, प्रीति, प्रभा, लीना, अरविंदर, सरिता, मीरा समेत अन्य महिला मोर्चा के कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल का विधायक ने किया भूमि पूजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत घोड़ाबांधा पंचायत कुंफूटा में श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण के लिए भूमि पूजन का आयोजन किया गया। बुधवार भूमि पूजन में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। मौके पर विधायक ने पूजा कमेटी के सदस्यों संग व पुरोहित के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना भूमि पूजन कर पंडाल निर्माण कार्य शुरू करवाया। मौके पर विधायक कालिंदी ने कहा कमेटी के लोगों के द्वारा हर वर्ष धूमधाम से मां दुर्गा की पूजा की जाति है। मां के आशीर्वाद से इस वर्ष भी धूमधाम के साथ पूजा का आयोजन किया जा रहा है। विधायक ने क्षेत्रवासी को भाईचारे के साथ धूमधाम से त्यौहार मनाने की अपील की। मौके पर पूजा कमेटी के अध्यक्ष अमित, मदन, राजू राणा, गुंजन कर्मकार, लालू, भूदेश्वर, जोगेश्वर राम करमकर, बिकास, नन्दलाल, विक्रम, लाल कर्मकार, एप शर्मा, गुंजन कर्मकार, राहुल लोहार, गोपाल सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## स्कॉर्पियो व स्कूटी के टक्कर लगने से लगी आग

# स्कूटी सवार घायल, एमजीएम रेफर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** धालभूमगढ़ थाना अंतर्गत भाठीसाल के पास एनएच 18 में सड़क पार करने के दौरान स्कॉर्पियो की चपेट में आने से आकर स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। बुधवार को घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगो ने घायल स्कूटी सवार बलराम सिंह को 108 एंबुलेंस की मदद से अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। जहा प्राथमिक उपचार के बाद एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया। उधर सड़क दुर्घटना के बाद अचानक स्कॉर्पियो में आग लग गयी। स्कॉर्पियो में सवार लोगो ने किसी तरह अपने जान बचाया। मौके पर स्थानीय गैराज मिस्त्र ने बताया बलियागुडी के रहने वाले बलराम सिंह बाजार से सड़क पार कर घर की ओर जारहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार से स्कॉर्पियो की चपेट में आगया। जोरदार टक्कर से वे बुरी तरह घायल होगया। वही घटना के बाद स्कॉर्पियो पूरी तरह जलने लगा। हालांकि की स्कॉर्पियो में सवार लोगो ने किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे। स्कॉर्पियो किसका है कोई जानकारी नही। फिलहाल सूचना मिलने पर पहुची पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## मानवाधिकार संगठन ने मंत्री के आवासीय कार्यालय में सौंपा मांग पत्र



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम क्षेत्र में बढ़ते डेंगू के प्रकोप पर अंकुश लगाने के लिए कोल्हान मानवाधिकार संगठन ने बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री के आवासीय कार्यालय में एक मांग पत्र सौंपा। मंत्री ने सौंपे गए पत्र के आधार पर नगर निगम के प्रशासक गिरिजा शंकर प्रसाद को शीघ्र उचित कार्रवाई के आश्वासन दिया। मानवाधिकार संगठन के प्रवक्ता अनिल कुमार ने बताया बरसात के मौसम में क्षेत्र में डेंगू, चिकनगुनिया व वायरल मलेरिया जैसी बीमारी फैलने की संभावना बनी रहती है। नगर निगम के द्वारा रोकथाम नाकामयाब साबित हो रही है। जबकि डेंगू के मरीज मिल रहे हैं। इलाज के लिए एमजीएम भेजा जा रहा। वहां बेड के अभाव में मरीजों का उचित ईलाज नहीं हो पा रहा।

## झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल टूर्नामेंट का रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन

# फाइनल मैच में जमशेदपुर ने गोड्डा को 5-0 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया



**फाइनल मैच का उद्घाटन मंत्री मिथिलेश ठाकुर और गुलाम रब्बानी ने किया**

**शिव कुमार रवि**

**गढ़वा/रंका।** गढ़वा जिला फुटबाल संघ के तत्वावधान में 10 सितंबर से आयोजित झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन बुधवार को रंका अनुमंडल मुख्यालय के प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में संपन्न हो गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत इंडियन आइडियल के सुरंजन एवं गायत्री मंडल के द्वारा देश भक्ति गीत मेरा कर्मा तू मेरा धर्मा तू...... से की गयी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में झारखंड के सरायकेला खरसावां के शिव शंभू छऊ नृत्य ग्रुप के द्वारा नृत्य का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही जबलपुर से पहुंची इंडियन ताशा बैंड के द्वारा मैदान में बैंड बजाकर खिलाड़ियों और अतिथियों का स्वागत किया गया। दर्शकों के मनोरंजन के लिए यहां चीयर्स लीडर्स की भी व्यवस्था की गई थी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत गोड्डा एवं जमशेदपुर के बीच मैच की शुरुआत की गई।

मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मिथलेश कुमार ठाकुर एवं झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के प्रदेश सचिव गुलाम रब्बानी ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। इससे पूर्व उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे, आयोजन समिति के अध्यक्ष का गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम, रंका का अनुमंडल पदाधिकारी राम नारायण सिंह, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव सहित सभी अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के अध्यक्ष राज महेश्वरम एवं सचिव आलोक मिश्रा के द्वारा गुलदस्ता व शॉल देकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक ने किया। जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन उद्घोषक जेनिफर के द्वारा किया गया। मैच में जमशेदपुर की टीम ने गोड्डा की टीम को 5-0 से पराजित कर शील्ड पर कब्जा जमा लिया।

समापन के बाद विजेता व उपविजेता टीम को नगद राशि व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मैच में जमशेदपुर की टीम के घनश्याम मुर्मू ने गोड्डा टीम के विरुद्ध पहला गोल दागा। जबकि विकास नायक ने दूसरा गोल, हज्जु सोरेन ने तीसरा गोल, साधु मरांडी ने चौथा गोल तथा पुनः विकास नायक ने पांचवां गोल कर 5-0 से जमशेदपुर की टीम को विजय दिलायी। जबकि गोड्डा की टीम एक भी गोल नहीं कर सकी।

मैन ऑफ द मैच जमशेदपुर के खिलाड़ी सी. लाल हरियतपुरिया को दिया गया, जबकि मैन ऑफ द सीरीज का खिताब जमशेदपुर के खिलाड़ी विकास नायक को दिया गया, जिन्होंने पूरे श्रृंखला में कुल 06 गोल दागे। पुरस्कार एवं सम्मान वितरण के दौरान विनर एवं रनर टीम के खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त पूरे टूर्नामेंट में बेस्ट गोलकीपर के रूप में गोड्डा टीम के मुज्जमिल अंसारी को अवार्ड दिया गया एवं सबसे अनुशासित टीम के रूप में चाईबासा की टीम को पुरस्कृत किया गया। मैच कमिश्नर एवं मैच रेफरी को भी उनके योगदान हेतु पुरस्कृत किया गया।

## रंका को बनाया जायेगा नगर पंचायत, उवि के मैदान का होगा सुंदरीकरण : मंत्री मिथिलेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा/ रंका।** रंका उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय अंतर जिला फुटबाल टूर्नामेंट के समापन मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री, झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट का आयोजन काफी बेहतर तरीके से संपन्न हुआ। इसके लिए झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव गुलाम रब्बानी, गढ़वा जिला फुटबाल संघ एवं ओलंपिक संघ के सभी पदाधिकारी सदस्यों एवं झामुमो के सभी कार्यकर्ता धन्यवाद के पात्र हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यदि रंका के लोग हस्ताक्षर अभियान चला कर उन्हें ज्ञापन दें एवं गढ़वा उपायुक्त को भी दें, तो वे रंका को नगर पंचायत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे छोटा-छोटा जगह विश्रामपुर एवं मंझिआव को नगर पंचायत बनाया गया है। यदि यहां के लोग हस्ताक्षर अभियान चला कर मांग पत्र सौपें तो रंका को भी नगर पंचायत क्षेत्र बनाने का प्रयास किया जाएगा।

साथ ही ग्रामीणों की मांग पर मंत्री ने कहा कि रंका उच्च विद्यालय के मैदान का सुंदरीकरण कराने एवं रंका में बेहतर फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कराने का भी वे प्रयास करेंगे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज रंका में आज जहां भी हाई मास्ट लाइट दिखाई पड़ रही है यह सब उनकी ही लगवायी हुई है।

## मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया इंपिरियल स्पाइसेस रेस्टोरेंट का उद्घाटन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के चिनिया रोड में इंपिरियल स्पाइसेस रेस्टोरेंट का उद्घाटन पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने फीता काटकर किया। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री ने कहा कि गढ़वा शहर का तेजी से विकास हो रहा है। लगातार नए-नए संस्थान की शुरुआत हो रही है। उससे गढ़वा शहर के लोगों को बड़े महानगरों की तरह सुविधा भी उपलब्ध हो रही है। इस तरह के रेस्टोरेंट खुलने से लोग कई व्यंजनों का लुत्फ पूरे परिवार के साथ उठा सकेंगे। रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर सत्य हसन ने बताया कि इस रेस्टोरेंट में बड़े शहरों की तरह विभिन्न तरह की सुविधाएं उपलब्ध हैं। बर्थडे पार्टी, मैरिज एनिवर्सरी रिंग सेरेमनी जैसे कई पार्टी की सुविधा उपलब्ध है। बड़े शहरों की तरह यहां भी ड्राई फ्रूट सहित स्पाइसी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मौके पर पूर्व सांसद घूरन राम, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, पूरन तिवारी, डॉ संतोष मिश्रा, आनंद सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## महिला आरक्षण बिल पास होने पर भाजपा नेत्री लवली आनंद ने प्रधानमंत्री सहित पूरे देशवासियों को दी बधाई



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** महिला आरक्षण बिल पास होने पर भाजपा नेत्री लवली आनंद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पूरे देशवासियों को बधाई दी है। लवली आनंद ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि देश की आधी आबादी को 33% आरक्षण देने के बाद अब देश की महिला शक्ति फ्रंट फुट पर खेलेगी। उन्होंने कहा कि भारत की नारियां शक्ति का उदाहरण हैं। भारतीय नारियों ने विभिन्न क्षेत्रों में ऊंचे मुकाम को हासिल कर अपनी प्रतिभा और क्षमता को दर्शाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए महिला नारी शक्ति को सम्मान देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया है। मनानीय प्रधानमंत्री मंत्री जी की इस दूरदृष्टि को देश की आधी आबादी की ओर से नमन।

## हंगामा : एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला की मौत

# उग्र परिजनों ने किया सड़क जाम, अस्पताल सील

**परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने एवं मरीज की स्थिति बिगड़ने पर उसे डालटनगंज अस्पताल में ले जाने का आरोप लगाते हुए तीन घंटे तक किया गढ़वा-रंका मार्ग जाम**

**सोनू कुमार गुप्ता**



**गढ़वा।** गढ़वा शहर में पान गुमटी की तरह कई दर्जन अवैध निजी अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं। जहां सुविधा नहीं रहने तथा योग्य चिकित्सकों के नहीं होने के बावजूद बड़े-बड़े ऑपरेशन कर मरीजों को जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला अभी सामने आया है।

गढ़वा सदर थाना क्षेत्र के नारायणपुर स्थित सौम्या नामक एक निजी हॉस्पिटल में ऑपरेशन के बाद महिला की मौत पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने एवं मरीज की स्थिति बिगड़ने पर उसे डालटनगंज अस्पताल में ले जाने का आरोप लगाते हुए गढ़वा रंका मार्ग को करीब तीन घंटे तक जाम कर दिया। जाम के कारण आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया।

जानकारी के अनुसार गढ़वा थाना क्षेत्र के करके गांव निवासी सुनील राम की पत्नी ममता देवी को प्रसव के लिए सौम्या हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार सुबह 6:00 बजे ऑपरेशन से एक लड़की का जन्म हुआ। उसके बाद से महिला की स्थिति बिगड़ने लगी। मंगलवार देर शाम महिला की स्थिति बिगड़ने पर अस्पताल प्रबंधन की ओर से महिला को मेदनी नगर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजन शव को लेकर सौम्या हॉस्पिटल पहुंचे। जहां जमकर हगामा किया।

करीब तीन घंटे सड़क जाम के बाद बीडीओ, कुमुद झा, सीओ मयंक भूषण ने हॉस्पिटल को सील कर दिया है।

**हॉस्पिटल के बोर्ड पर छह डॉक्टर के नाम हैं दर्ज :** गढ़वा सौम्या हॉस्पिटल के बोर्ड पर छह चिकित्स्कों के नाम दर्ज हैं, जिसमें डॉ मकबूल आलम, डॉ अजय कुमार, डॉ राकेश कुमार मालवा, डॉ आसका अहमद, डॉ सब महतो, डॉ विजय कुमार सिंह शामिल हैं।

जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन : गढ़वा सीएस के निर्देश पर तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की गयी है, जिसमें अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर हरेंद्र चंद्र महतो, मेराल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, महामारी नियंत्रक डॉ संतोष मिश्रा शामिल हैं।

**मेडिकल टीम ने किया पोस्टमार्टम :** गढ़वा अस्पताल के उपाधीक्षक के निर्देश पर मेडिकल टीम गठित कर पोस्टमार्टम कराया गया। मेडिकल टीम में डॉ राकेश कुमार तरुण, डॉ संजय कुमार एवं डॉ होरो शामिल थे।

## जायंट्स सेवा सप्ताह के चौथे दिन ज्ञान निकेतन स्कूल में लगा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायन्ट्स सेवा सप्ताह के चौथे दिन ज्ञान निकेतन स्कूल में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन टाईटन आई मेन रोड गढ़वा के सहयोग से किया गया। नेत्र जांच शिविर में 100 से अधिक लोगों की आंखों की जांच कर रोग से बचाव के टिप्स दिए और जिनकी आंखों की रोशनी कम थी उनकी आंखों की पावर जांच की गई एवं उन्हें चश्मा या लेंस लगाने की सलाह दी गई। इस अवसर पर जायन्ट्स इंटरनेशनल वेलफेयर के पूर्व स्पेशल कमेटी सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी एवं एम पी केशरी, फेडरेशन उपाध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता, यूनिट 2 डायरेक्टर मनोज केशरी, जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के निवर्तमान अध्यक्ष ध्रुव केशरी, बिनोद कुमार, प्रशासनिक निदेशक चंद्रभूषण सिन्हा, वित्त निदेशक अशोक केशरी, मनोज केशरी सन रेडियो, मीडिया प्रभारी मोजिबुद्दीन खान आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कार्यालय–प्रमंडलीय प्रबन्धक,
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल हजारीबाग।
dm.haz_jsfdc@yahoo.in

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन प्रमण्डल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमण्डल के अन्तर्गत बरही प्रक्षेत्र के प्रांगण में विभिन्न प्रजाति के दावा रहित जप्त वन पदार्थों / प्रकाष्ठों की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय हजारीबाग एवं चौपारण वनागार से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता है।

| वनागार का नाम | सितम्बर 2023 |
|---|---|
| बरही प्रक्षेत्र के प्रांगण में | 27.09.2023 |

विश्वासभाजन
प्रमंडलीय प्रबन्धक
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमंडल, हजारीबाग।

PR 307291 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24 (D)

## लाभुकों ने राशन में कटौती को लेकर प्रखंड कार्यालय का किया घेराव




**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** मझिआंव प्रखंड क्षेत्र के करमडीह पंचायत के जोगिबीर गांव के राशन कार्ड धारियों ने नेहा महिला स्वयं सहायता समूह के जनवितरण प्रणाली के डीलर पर अगस्त एवं सितंबर 2023 का राशन नहीं देने का आरोप लगाया है। राशन नहीं मिलने से आक्रोशित सैकड़ों कार्ड धारियों ने बुधवार को प्रखंड कार्यालय का घेराव किया और बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नीतीश भास्कर को शिकायत पत्र देकर अगस्त एवं सितम्बर 23 का राशन दिलाने की मांग की।

जोगिबीर गांव के राशन कार्डधारियों ने बीडीओ से मिलकर प्रखंड आपूर्ति कार्यालय सह बीडीओ के द्वारा नेहा महिला स्वयं सहायता समूह को भेजे गए आदेश पत्र की अवहेलना का आरोप लगाया। शिकायत पत्र में सजदा वीवी, मंसूर आलम, समीम अंसारी, मुमताज अंसारी, इरफान अंसारी, कलीम अंसारी, करार अंसारी, हसन अंसारी, एजाज अंसारी, निजामुदीन अंसारी, सरवरी वीवी, नजमा खातून सहित 88 लाभुकों के हस्ताक्षर हैं।

## अज्ञात व्यक्ति ने समस्ता माइक्रो फाइनेंस कंपनी के दो कर्मियों पर चाकू से हमला कर किया घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बुका तितही टोला में मंगलवार की देर शाम एक अज्ञात व्यक्ति ने समस्ता माईक्रो फाइनेंस कम्पनी के दो कर्मियों पर चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उक्त दोनों कर्मी महिला समूह के समस्ता कम्पनी के ब्रांच मैनेजर हैं। जिसमें पलामू जिला के हैदरनगर निवासी अक्षय कुमार तथा गिरिडीह निवासी सदाम हुसैन के नाम शामिल हैं। घायल सद्दाम हुसैन के लिखित आवेदन पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचकर इलाजरत कर्मी से चाकूबाजी की घटना की जानकारी ली। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने इस घटना में घायल होने से डरकर तितही टोला के एक घर में छुपे समस्ता फाइनेंस कम्पनी के कर्मी सदाम हुसैन को सकुशल बरामद कर उसे इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार समस्ता फाइनेंस कम्पनी के उक्त दोनों ब्रांच मैनेजर मंगलवार की शाम करीब सात बजे पड़वा चट्टान स्थित तितही टोला में पैसा कलेक्शन हेतु गए हुए थे।

JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology, Govt of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401067 email: japit_doit@rediffmail.com

**Corrigendum -1**

**Selection of Service Provider for, Installation of Video Conferencing System at District and Sub Divisional Court of Jharkhand**

Ref PR no. 304766

Below table(s)/section(s) illustrates the clarifications and amendments issued as per this corrigendum published for the RFP published for "Selection of Service Provider for Installation of Video Conferencing System at District and Sub Divisional Court of Jharkhand" (Tender Notice No. JAPIT/VC/Court/01/2023. All other terms and conditions mentioned in the published RFP document and previous corrigendum remain unchanged.

| Sl.No. | Existing Clause | Clarification/Amendment |
|---|---|---|
| 1. | Last date of submission of bid 14/09/2023 at 3:00 PM | Last date of submission of bid 29/09/2023 at 3:00 PM |
| 2. | Technical bid opening of bid 15/09/2023 at 3:30 PM | Technical bid opening of bid 03/10/2023 at 3:30 PM |

Sd/-
OSD, JAP-IT

PR 307301 Information Technology(23-24)#D

## प्रेस कांफ्रेंस : भाजपा की वरिष्ठ महिला नेत्री ने की पूर्व विधायक के बयान के विरोध में निकाले गये विरोध मार्च की निंदा

# गढ़वा की भोली-भाली महिलाओं को आगे करके किया गया है घृणित कार्य : अंजलि गुप्ता

**अपने स्वार्थ में गढ़वा की भोली भाली महिलाओं को सड़क पर उतार कर झामुमो महिला जिलाध्यक्ष अपने आप को क्या साबित करने में लगी हुई हैं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** भाजपा की वरिष्ठ महिला नेत्री अंजली गुप्ता ने पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के बयान के विरोध में निकाले गए विरोध मार्च पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि गढ़वा की भोली भाली महिलाओं को आगे करके घृणीत कार्य किया गया है। इसकी जितनी घोर निंदा की जाए बहुत कम है। वे प्रेसवार्ता में बोल रहीं थीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अपमान की दुहाई देनेवाली झामुमो महिला जिलाध्यक्ष उस समय कहां थीं जब गढ़वा के प्रतिष्ठित महिला को सरेआम पीटा गया था और थाने में मामला तक भी दर्ज नहीं होने दिया गया। जिस दिन मेराल जिला परिषद महिला सदस्य को जान से मारने की धमकी दी गई थी तथा जिस दिन कल्याणपुर में सरेआम एक भाई के सामने एक लाचार बहन के साथ छेड़खानी की गयी थी और जिस दिन एक सम्मानित महिला को मंच पर अपमानित किया गया था और उस मंच पर स्वयं रेखा चौबे उपलब्ध थीं। लेकिन उन्होंने कभी अपनी आवाज महिलाओं के अपमान के लिए बुलंद नहीं किया। उस दिन वे कहां थीं जब प्रख्यात गायिका महिला अक्षरा सिंह को मुंह छुपा कर कार्यक्रम से भागना पड़ा था। इन सब घटनाओं में क्या महिलाओं का अपमान उन्हें नहीं दिखाई दिया था। आज महिला अपमान के नाम पर जो घड़ियाली आंसू बहा रही है। मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि जिस दिन इस सरकार ने वादा किया था सभी सहिया बहनों को परमानेंट करने का, सभी महिलाओं को 6000 प्रतिमाह चूल्हा खर्च देने का क्या यह सब पूरा हो गया। क्या यह महिला का अपमान नहीं है। अपने स्वार्थ में गढ़वा की भोली भाली महिलाओं को सड़क पर उतार कर झामुमो महिला जिलाध्यक्ष अपने आप को क्या साबित करने में लगी हुई हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का पूरा बयान वीडियो में मैंने सुना है। उसमें कहीं महिला के ऊपर कोई टिप्पणी नहीं की गयी है।

प्रेसवार्ता में भाजपा की महिला जिला कोषाध्यक्ष मीना गुप्ता, भाजपा नेता मुरारी यादव, जयंत पाण्डेय सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,खूँटी

**सत्र – 23–24–25 अंतर्गत रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु सूचना**

सूचना संख्या:–09 (iii) खूँटी, दिनांक:– 20.09.2023

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खूँटी अंतर्गत सत्र –23–24–25 के रिक्त सीटों पर वैसे अभ्यर्थी जिन्होनें नामांकन हेतु https://iti.jharkhand.gov.in पर पूर्व में Online Apply किया है। किसी कारणवश नामांकन नहीं ले पाए हों उन्हें Online Spot Admission के द्वारा नामांकन कराने हेतु एक अवसर प्रदान किया जाता है।

**रिक्त सीटों की विवरणी**

| Sl | संस्थान का नाम | Name of the Trade | महिला / पुरूष | Unit | NCVT / SCVT | Duration | UR | Economically Poor Class | ST | SC | BC - I | BC - II | PH | SMQ | Total Seat |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | आरक्षण प्रतिशत में | | | | | | | | |
| 1 | महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खूँटी | इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक | महिला | One (1) | NCVT | 2 Years | 40% | 10% | 45% | 5 % | 0% | 0% | | | |
| | | | | | | | 2 | 02 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 5 |
| | | ड्रोन टेक्नीशियन | महिला | 1 | NCVT | | 9 | 2 | 10 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 24 |
| 2 | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्रा खूँटी | इलेक्ट्रिशियन | महिला / पुरूष | One (1) | NCVT | 2 Years | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |

प्रभारी प्राचार्य
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खूँटी
Contact Person - 7903099566 / 8581044701

PR 307318 Labour Employment and Traning(23-24).D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 21 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in
08

## लोकेश मिश्रा ने की मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा, पदाधिकारियों का दिये निर्देश

# 15 अक्टूबर तक सभी विद्यार्थियों के बैंक का खाता खुलवायें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय बैठक में विभाग की अति महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन, पठन-पाठन की स्थिति, अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई, शिक्षकों की उपलब्धता, आइसीटी लैब और आधारभूत संरचना की विस्तृत समीक्षा की गई। तीनों उत्कृष्ट विद्यालयों के बेहतर संचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक, नोटबुक, पोशाक की उपलब्धता की समीक्षा की गई। डीसी ने निर्देश दिया कि जो योजनाएं लंबित हैं, उनका यथाशीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अध्ययनरत कोई भी बच्चा योजनाओं से वंचित न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। डीसी ने निर्देश दिया कि सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत सभी छात्रों का खाता 15 अक्टूबर तक आवश्यक रूप से खुलवाना सुनिश्चित करें। साथ ही जिले में शिक्षकों की उपस्थिति की भी समीक्षा की और निर्देश दिया कि पदाधिकारी सुनिश्चित करें कि विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति शतप्रतिशत हो। इसे लेकर उन्होंने जिला सूचना पदाधिकारी को बायोमेट्रिक अटेंडेंस की जांच करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि ड्रॉप आउट बच्चों को चिह्नित करते हुए उन्हें विशेष प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से विद्यालयों से जोड़ें। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के अलावा सभी परियोजनाओं के पदाधिकारी सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी और सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की वार्डेन आदि उपस्थित थे।



पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीसी लोकेश मिश्रा।

### सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सुविधा सुदृढ़ करें : डीसी





खूंटी (आजाद सिपाही)। डीसी लोकेश मिश्र ने बुधवार को स्वास्थ्य विभाग से संबंधित जिला स्तरीय गठित सर्वे टीम के साथ समीक्षा बैठक कर स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की जनकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिये। डीसी ने जिले के अस्पताल और स्वास्थ्य उप केंद्रों में आधारभूत संरचनाओं के विकास और सुदृढ़ीकरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेने के लिए जिला स्तरीय प्रखंडवार टीम का गठन किया गया। चिह्नित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सदर अस्पताल में उपलब्ध आधारभूत संरचना और सुविधाओं का सर्वे कार्य कराया गया है। सर्वे कार्य के लिए प्रखंडवार सर्वे दल का गठन किया गया है। सर्वे के लिए चिह्नित स्वास्थ्य केंद्र खूंटी सदर अस्पताल, सीएचसी खूंटी मारंगहादा, कर्रा, गोविन्दपुर, अड़की, बीरबांकी, उलिहातु, मुरहू, रनिया और सीएचसी तोरपा हैं। बैठक के दौरान अस्पताल की आधारभूत सरंचना की उपलब्धता, संसाधन, दवा केंद्र, आयुष्मान, स्वास्थ्य सुविधा, चिकित्सकों की उपलब्धता, अस्पताल प्रबंधन और उनके सुदृढ़ीकरण की समीक्षा की गई। डीसी ने निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल के साथ-साथ सभी पीएचसी-सीएचसी में भी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाना महत्वपूर्ण है। डीसी ने कहा कि अड़की प्रखंड के उलिहातू और बिरबांकी में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाना महत्वपूर्ण है।

## झारखंड का त्योहार हमारी संस्कृति और पहचानः संजय



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब में बुधवार को करमा पूर्व महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार के अलावा कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय, आरसीएम साईडिंग मैनेजर धीर प्रताप सिंह, कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग आदि शामिल हुए। आयोजन समिति की ओर से अतिथियों सम्मानित किया गया। जिसके बाद सामूहिक रुप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बाहर से आयी टीम की ओर से कई सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। जिसमें खोड़हा और आदिवासी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि झारखंड में सभी पर्व-त्योहार हमारी संस्कृति और पहचान है। यहां सभी धर्मों के लोग सभी त्योहार उत्साह-उमंग के साथ मनाते हैं। करमा पूजा प्राकृतिक पूजा के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान में प्राकृतिक की रक्षा के लिए सभी को जागरूक होने की जरूरत है। आदिवासी समाज का सभी त्योहार प्राकृतिक से जुड़ा होता है। ऐसे में प्राकृतिक को सुरक्षित रखने के लिए आदिवासी समाज की ओर से सार्थक पहल किया जा रहा है। सीसीएल प्रबंधन भी प्राकृतिक को बचाने के लिए हर तरह के उपाय और कार्यक्रम का आयोजन कराया जाता है। वहीं, अतिथियों ने भी मांदर बजाकर करमा पूजा का उत्सव मनाया। मौके पर आनंद मुंडा, हिमांशु चाटर, ईश्वर पाहन, जीतू तिर्की, सुनील मुंडा, उमेश उरांव, रमेश भगत, धनंजय मुंडा, प्रकाश तिग्गा, गौरव हेंब्रम, राजकिशोर मिस्त्री, जूलियस टोपनो, रामपति मुण्डा, मनीष बोदरा, अजेश मुंडा, विजय कुमार आदि मौजूद थे।

## वेतन समझौता बचाओ आंदोलन के तहत पांच अक्टूबर से कोयला उद्योग में तीन दिवसीय हड़ताल की घोषणा

**डकरा में हुई संयुक्त मोर्चा की बैठक में लिया गया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** डकरा वीआइपी क्लब मे बीएमएस, एचएमएस, एटक सीटू एवं इंटक यूनियनों की बैठक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले हुई। जिसकी अध्यक्षता ललन प्रसाद सिंह और संचालन शैलेश कुमार ने किय। इस दौरान कोयला मजदूरों का 11 वां वेतन समझौता होने के बाद मामले को जबलपुर उच्च न्यायालय में अधिकारियों से अधिक वेतन होने की चुनौती दिये जाने के बाद वेतन समझौता को खारिज किये जाने पर आक्रोश जताया गया। यूनियन नेताओं ने कहा कि बढ़ा हुआ वेतन जुलाई माह से मिलना भी शुरू हो चुका है और एरियर का भी भुगतान हो चुका है। अब स्थिति ऐसी बन गई है कि एरियर रिकवरी की नौबत आ गई है। इस स्थिति से निपटने के लिए कोयला उद्योग में कार्यरत सभी केंद्रीय श्रम संगठन पूरे देश के कोयला उद्योग में पांच से सात अक्टूबर (तीन दिवसीय) हड़ताल की घोषणा की गयी है। बैठक में आज से सभी परियोजनाओं एवं सर्विस यूनिटों में गेट मीटिंग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रेम कुमार, कृष्णा चौहान, मनोज कुमार रजक, अमर भूषण सिंह, सुनील कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, दिनेश भर, एसएन सिंह, ध्वजा राम धोबी, रामा उरांव, प्रधान मुंडा, बिनोद सतनामी, रमेश कुमार सिंह, वरुण कुमार गोराई, उदय कुमार सिंह, किशुन महतो, राजेंद्र लोहार, लालचंद लोहार, रामाकांत मिश्रा, अजय सिंह, हरेंद्र सिंह, कन्हाई पासी, मो सज्जाद, जगदीश चौहान, रतिया गंझु, इरफान खान, रंथू उरांव, जगरनाथ महतो सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## समान नागरिक संहिता के बारे में लोगों को गुमराह कर रहा झामुमो : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि समान नागरिक संहिता पर झामुमो और राज्य की हेमंत सरकार लोगों को गुमराह कर रही है। जिस बच्चे का अभी जन्म ही नहीं हुआ, उसको लेकर झामुमो बिना कारण हल्ला मचा रही है। विधायक ने कहा कि कहा कि यूसीसी के लिए अभी लोगों से राय मांगी गई है। कोई कानून नहीं बना है। उन्होंने कहा कि झामुमो राय देने के बजाय लोगों को गुमराह कर रहा है। बालू की कालाबाजारी पर विधायक ने कहा कि बालू घाटों की नीलामी न कर सरकार बालू की कालाबाजारी करा रही है और भ्रष्टचार को बढ़ावा दे रही है। राज्य सरकार चाहती तो बालू का टेंडर कराकर कम दामों में लोगों को बालू मुहैया करा सकती थी, लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। इससे राजकीय कोष की क्षति तो हुई ही, दूसरी ओर अधिक कीमत में लोगों को बालू मिल रहा है। इस प्रकार भ्रष्टाचार और दो नंबर के कारोबार को बढ़ावा मिल रहा है। कोचे मुंडा ने कहा कि झामुमो और हेमंत सरकार को मणिपुर और मध्य प्रदेश दिखाई दिया, लेकिन झारखंड में बहू-बेटियों और बच्चियों के साथ हो रहे अत्याचार दिखाई नहीं देते है। विधायक ने कहा कि इस पर लोगों को जानकारी देनी चाहिए कि अपने ही घर में क्या हो रहा है। इस सरकार के रहते भ्रष्टाचार किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए ही पूरे राज्य में भाजपा द्वारा संकल्प रैली निकाली जा रही है।

## मणिपुर और मध्यप्रदेश में हुई हिंसा की घटना के विरोध में झामुमो ने निकाली आक्रोश रैली



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद और रनिया प्रखंड अध्यक्ष रेमिश कंडुलना के नेतृत्व में मणिपुर और मध्यप्रदेश के आदिवासी महिला-पुरुषों पर अत्याचार और यूसीसी के विरोध में बुधवार को रनिया में आक्रोश मार्च निकाला गया। आक्रोश रैली में कार्यकर्ताओं ने केंद्र और मणिपुर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध किया। जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि न वोट डालने का दिन है और न चुनाव का दिन है, लेकिन केंद्र सरकार ने जो माहौल बनाया है, उसे लेकर आदिवासी, मूलवासी, दलित को एकजुट होने की आवश्यकता है। केंद्र की भाजपा सरकार साजिश के तहत फुट डालो और राज करो की नीति के तहत सभी को एक-दूसरे से लड़वा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने खजाना खाली कर दिया था। लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोरोना काल रहते हुए भी स्थिति को संभाला और हवाई चप्पल वालों को हवाई जहाज में चढ़ाया। हम सभी को एकजुट रहना है और आदिवासी मूलवासी एकता का हमेशा परिचय देते रहना है। मौके पर राहुल केसरी, वीरेन कंडुलना, विनोद उरांव, नामजन होरो, जयदीप तोपनो, रीमिस कंडुलना, जोलेन बरला, पंचानन स्वांसी और देवनाथ मघईया सहित कई लोग उपस्थित थे।

## तमाड़ के नये सीओ ने संभाला पदभार

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** अंचल में नये सीओ अतुल रंजन भगत ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। वे इसके पहले दुमका में पदस्थापित थे। निवर्तमान सीओ विमल सोरेन का तबादला मुख्यलय में कर दिया गया है।

### चिंतनीय : ना ही नगर पंचायत ले रहा सूध ना पंचायत प्रतिनिधि

## बदतर हो गयी है पुराना अनुमंडलीय अस्पताल जाने वाली बाइपास सड़क, जमा रहता है दो से तीन फीट तक पानी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** नगर पंचायत के रॉकी सिनेमा हॉल होते हुए पुराना अनुमंडलीय अस्पताल जाने वाली बाइपास सड़क की हालात इन दिनों बद से बदतर हो गयी है। इस सड़क पर चलना दुस्वार हो गया है। सड़क पर दो से तीन फीट तक पानी जमा रहता है। नगर पंचायत ध्यान नहीं दे रही। न ही पार्षद ही इसे देखते है। पहले बरसात में सड़क के नाली के पानी का सही ढंग से निकासी नहीं होने के कारण तालाब बन गया है। इससे लोगों व वाहनों की आवाजाही में काफी परेशानी हो रही है। इस दिक्कतों से मुक्ति के लिए बुंडू नगर पंचायत नाली निर्माण कर पानी की निकासी की व्यवस्था करने के लिए टेंडर निकाल संवेदक द्वारा नाली निर्माण भी कर दिया गया, लेकिन नाली निर्माण के दौरान जो मिट्टी निकाली गई वह जस के तस सड़क पर ही छोड़ दिया गया। इसके चलते बरसात में सड़क पहले से भी ज्यादा बदतर हो गया है। जिससे दुर्घटना की संभावना प्रबल हो गयी है। लोगों ने नगर पंचायत एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों से सवाल किया कि क्या नाली निर्माण करने से ही समस्या का समाधान हो जाएगी। जब संवेदक नाली का वेस्ट मटेरियल कहां स्थानांतरित कर रहे हैं यथावत जगह पर छोड़ दे रहे हैं। यह सब नगर पंचायत या पूर्व जनप्रतिनिधियों की ओर से नहीं देखा जाना चाहिए या संवेदक द्वारा कार्य पूर्ण करवाकर बिल पास कर देना ही है। पूर्व जनप्रतिनिधियों की जनता की समस्या एवं समाधान की जवाबदेही किसकी है। उनके क्षेत्र में नगर पंचायत द्वारा जो कार्य कराया जाता है या हो रहा है वह सही तरीके से हो रही है कि नहीं ये देखने की जरूरत है। वहीं, आजसू के बुंडू नगर इकाई के अध्यक्ष शुभम कुमार ने जनता का ध्यान इस ओर खींचा है। उनका कहना है कि आम जनता इतना उत्पीड़न क्यों झेलेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता इसका जवाब जरूर देगी।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## अर्जुन मुंडा ने की खूंटी डाक मंडल के सृजन की मांग



खूंटी (आजाद सिपाही)। केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री सह खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा ने केंद्रीय संचार मंत्री को पत्र लिखकर खूंटी के मुख्य डाकघर को प्रधान डाकघर में उन्नत कर नया खूंटी मंडल बनाने का आग्रह किया है। संचार मंत्री को लिखे पत्र में अर्जुन मुंडा ने कहा कि खूंटी जिले में डाक सेवा रांची मंडल के अधीन संचालित है। इस कारण इस क्षेत्र के लोगों, कर्मचारी और ग्रामीण डाक सेवकों को हर छोटे-बड़े विभागीय कार्य और विशेष सेवाओं के लिए रांची जाना पड़ता है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों, डाक कर्मचारी और डाक सेवकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने और उनके कार्य क्षमता बढ़ाने के लिए एक नए डाक मंडल के सृजन की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री ने पत्र में कहा कि एक लंबे कालखंड तक खूंटी क्षेत्र वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित रहा है। वामपंथी उग्रवाद ने इस क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य में सदैव व्यवधान डालने का प्रयास किया, जिसका नतीजा यह हुआ कि विकास के कई मानकों में यह क्षेत्र पीछे छूट गया। हाल के दिनों में डाक विभाग ने अपने को काफी रूपांतरित किया है और पत्र वितरण के साथ-साथ बीमा और बैंकिंग जैसी सुविधाएं भी जन-जन तक पहुंच रही है। ऐसी स्थिति में खूंटी क्षेत्र के लिए एक अलग डाक मंडल की मांग लगातार उठ रही है, ताकि गांव के लोगों को बेहतर डाक सेवा मिल सके।

## विधायक विकास मुंडा ने दिवड़ी मंदिर परिसर में किया नये प्रशासनिक भवन का उद्घाटन



तमाड़ (आजाद सिपाही)। दिवडी मंदिर परिसर में बुधवार को नये प्रशासनिक भवन सह आफिस का उद्घाटन विधायक विकास कुमार मुंडा, एसडीओ अजय कुमार साहू और बीडीओ गिरजा शंकर महतो ने संयुक्त रूप से किया। इसके पहले विधिवत पूजा पाठ की गयी और नये कमरे मे प्रवेश किया गया। यह भवन दिवडी मंदिर ट्रस्ट की होगी।

## झारखंड आंचलिक पत्रकार संघ का सम्मान समारोह आयोजित



खलारी (आजाद सिपाही)। झारखंड आंचलिक पत्रकार संघ की ओर से बुधवार को डकरा वीआईपी क्लब में सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें शामिल एनके एरिया महाप्रबंधक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ईमानदार पत्रकारिता पूरी तरह से समाजसेवा है। ऐसे कार्य से जुड़े लोग विपरीत परिस्थितियों और हालातों में भी लगातार कार्य करते रहते हैं। ऐसे लोग अपने क्षेत्र की सभी समस्याओं का खुद में समाधान होते हैं। इसलिए मेरा मानना है कि अंचल पत्रकार अपने आप में एक संस्थान होते हैं। अंचल क्षेत्र में 25 वर्ष या उससे अधिक समय तक पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों को महाप्रबंधक एवं खलारी इंस्पेक्टर फरीद आलम के हाथों सम्मानित कराया गया। दोनों ने कहा कि सोशल मीडिया के इस दौर में जहां एक तरफ गलत खबरों की बाढ़ सी आ गई है ऐसे समय में प्रतिष्ठित संस्थानों के लिए काम करने वाले पत्रकारों की भूमिका व जवाबदेही और अधिक बढ़ गई है। समारोह में विष्णु साहू, धर्मेंद्र गिरि, दीपक जयसवाल, अरुण चौरसिया, राकेश कुमार सिंह, बसंत कुमार पंकज, केशव भगत, सुनील गुप्ता, प्रदीप कुमार प्रमाणिक, जमालुद्दीन अंसारी, तौफीक आलम, अनिल चौधरी, कविलाश बैठा, श्रीमंत चटर्जी, भुनेश्वर महतो आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुक्तिनाथ गिरि, संचालन सुनील कुमार और धन्यवाद ज्ञापन दिलीप ठाकुर ने किया। इस मौके पर अब्दुल्ला अंसारी, सुनील सिंह, सोनू पांडेय, प्रीति, अवधेश राय, प्रवीण प्रसाद, धीरेंद्र प्रसाद, दिनेश पांडेय, प्रमोद तिवारी, जीतेंद्र राणा, अमोद कुमार, रोहित लाल, संजय श्रीवास्तव आदि मौजूद थे। इसके पहले संघ की बैठक में बायलॉज, निबंधन, कमेटी, रांची प्रेस क्लब का चुनाव आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई और रांची प्रेस क्लब के वर्तमान कार्यकारिणी सदस्य धर्मेन्द्र गिरि को अगले चुनाव में उपाध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार बनाने का निर्णय लिया गया।

## तमाड़ के जोजोडीह गांव में नागरिक जन कल्याण कार्यक्रम का आयोजन



तमाड़ (आजाद सिपाही)। 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट एसडी शेरखाने के मार्ग दर्शन से सेवा सुरक्षा बंधुत्व उद्देश्य कि प्राप्ति के लिए प्रखंड के जोजोडीह गांव में नागरिक जन कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत जी समवाय सशस्त्र सीमा बल तमाड़ के कंपनी कमांडर निरीक्षक सामान्य जगन्नाथ उरांव की अगुवाई में कमांडेंट चिकित्सक ब्रजेश कुमार सशस्त्र सीमा बल रांची की ओर से प्रखंड के जोजोडीह गांव में मानव चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें जरूरतमंद ग्रामीणों की जांच के बाद मुफ्त दवाइयां दी गई। ब्रजेश कुमार ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि नशा पान न करें। अंत में तमाड़ के जी कंपनी परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

## खूंटी में होने वाली संकल्प यात्रा अब कचहरी मैदान की जगह जदूर अखड़ा में आयोजित होगी

खूंटी (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की ओर से निकाली गई संकल्प यात्रा 22 को खूंटी पहुंचेगी और जनसभा होगी। इस संबंध में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और कार्यक्रम के जिला खूंटी विधानसभा क्षेत्र प्रभारी काशीनाथ महतो ने बताया कि भारी बारिश को देखते हुए संकल्प रैली के स्थान में परिवर्तन किया गया है। उन्होंने बताया कि पहले यह कार्यक्रम कचहरी मैदान में निर्धारित था, लेकिन मौसम को देखते हुए और संकल्प रैली का आयोजन खूंटी के जदूर अखडा में सुबह 10 बजे से होगी।

# राज्य स्तरीय खेलो झारखंड कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न



**विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर किया गया पुरस्कृत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में गणपत राय इंडोर स्टेडियम खेल गांव, रांची में आयोजित खेलो झारखंड राज्य स्तरीय स्कूली कुश्ती प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हुई। प्रतियोगिता के फ्री स्टाइल अंडर 14 बालक वर्ग में कोडरमा, पाकुड़ और लोहरदगा, अंडर 17 बालक वर्ग में जेएसएसपीएस, गोड्डा और रांची, अंडर 19 बालक वर्ग में साहेबगंज, लोहरदगा और रांची, अंडर 14 बालिका वर्ग में लोहरदगा, जेएसएसपीएस और कोडरमा, अंडर 17 बालिका में जेएसएसपीएस, पाकुड़ और गढ़वा, अंडर 19 बालिका में जेएसएसपीएस, पाकुड़ और गुमला एवं ग्रीकोरोमन वर्ग में अंडर 17 बालक में जेएसएसपीएस, कोडरमा और गढ़वा, अंडर 19 में जेएसएसपीएस, केडरमा और लोहरदगा की टीम क्रमशः पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रही। विजेता टीमों को रजनीश कुमार (महासचिव, झारखंड राज्य कुश्ती संघ) विजय शंकर सिंह (महासचिव, झारखंड हॉकी संघ) एवं धीरसेन सोरेंग (राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी) ने विजेताओं को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के विद्या कुमारी, एम मोदस्सर, समीर कुमार, शंकर पाल, कलावती कुमारी, मो जावेद अंसारी, उमेश दास, जगजीत सिंह एवं चंद्रदेव सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## झारखंड की बेटियों ने 23-0 से दिल्ली को रौंद सुब्रतो कप फुटबॉल अंडर 17 लीग मैच में किया शानदार आगाज



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सुब्रतो मुखर्जी सोसायटी द्वारा नई दिल्ली में 62वें संस्करण अन्तर्गत 19 से 26 सितंबर तक नई दिल्ली में आयोजित अंडर 17 बालिका वर्ग सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट में गत वर्ष की चैंपियंन टीम इस वर्ष स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के नेतृत्व में राज्य शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा भाग लेते हुए संत पैट्रिक हाई स्कूल, गुमला झारखंड की टीम ने एयर फोर्स बाल भारती स्कूल नई दिल्ली को अपने पहले लीग मैच में 23-0 से धोकर जोरदार आगाज किया। जिसमें अल्फा कंडूलना 07, बिना कुमारी 03, साऊलीना डांग 03, रेशमी मिंज 02, एलिजाबेथ लकड़ा 02, अल्का इंदवार 2, बिनीता होरो 01, अनिता डुंगडुंग 01, रिया 01, दीपिका कुमारी 01 गोल का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। इस उपलब्धि पर शिक्षा सचिव के. रवि कुमार, परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग सहित अन्य अधिकारियों ने खिलाड़ियों एवं खेल कोषांग के सदस्यों सहित समस्त खिलाड़ियों और टीम के कोच वीना केरकेटा, टीम मैनेजर प्रभात रंजन तिवारी आदि को बधाई दी।

## अधूरे आवास योजना को जल्द पूर्ण कराने का बीडीओ ने दिया निर्देश



**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त रांची के द्वारा 'चलो करें आवास पूरा' अभियान अंतर्गत मांडर प्रखंड के पंचायत नगरा में लंबित आवासों का निरीक्षण किया गया। जिसमें लाभुक लच्छू उरांव, हरिनंदन टाना भगत, आफताब अंसारी, दीपक लोहार, नेसारुन बीवी, सीता देवी, चंद्रदेव उरांव, नजीब खान और सभी लाभुकों को 10 अक्टूबर तक आवास पूर्ण करने को कहा गया है। अन्यथा प्रशासनिक कार्रवाई की जायेगी। अभियान के अंतर्गत आवास लाभुकों को जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक विकाश कुमार गुप्ता, मुखिया बहादुर उरांव, जनसेवक समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** नगड़ी के नारों बाजार टांड़ में करम पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

# झारखंड की सभ्यता और संस्कृति की झलक करम पर्व में देखने को मिलती है : सुबोधकांत

**कार्यक्रम का आयोजन आदिवासी 21 पड़हा समिति, आदिवासी छात्र संघ और सरना प्रार्थना सभा ने किया**

**कार्यक्रम में उपस्थित सभी खोड़हा दलों को उपहार देकर किया गया सम्मानित**




आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के नारों बाजार टांड़ में करम पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक नाच गान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के दर्जनों खोड़हा दल के लोगों ने अपनी पारंपरिक भेष भूषा में नगाड़ा और मान्दर की धुन पर अपनी कला एवं संस्कृति का परिचय दिया। कार्यक्रम का आयोजन आदिवासी 21 पड़हा समिति, आदिवासी छात्र संघ और सरना प्रार्थना सभा के तत्वावधान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने जतरा मेला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि करम झारखंड का महत्वपूर्ण पर्व है। झारखंड की सभ्यता और संस्कृति की झलक इस पर्व में देखने को मिलती है। ऐसी सभ्यता की रक्षा करना हम सबों का कर्तव्य है। नाच गान हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं। झारखंड अलग राज्य निर्माण इसी उद्देश्य से किया गया कि हमारी संस्कृति अक्षुण्ण बनी रहे।

विशिष्ट अतिथि कांग्रेस पार्टी के नेता अजय नाथ शाहदेव ने कहा झारखंडी लोक नृत्य की पहचान हमारी झारखंडी संस्कृति से है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक अमर उरांव एवं संचालन सोमनाथ उरांव ने किया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी खोड़हा दलों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर बन्दे उरांव, बजरंग महतो, शशिभूषण भगत, डॉ साकिर अहमद, शहीद अहमद, राजेन्द्र महतो, सुनील कच्छप, कुलदीप तिवारी, यासीन अंसारी, प्रभात तिर्की, बब्लू तिर्की, प्रकाश तिर्की, सुकेश सहित अन्य लोग शामिल थे।

## केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में रेशम दिवस का आयोजन

**तसर रेशम उत्पादन में ग्रामीण आदिवासी महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है : डॉ त्रिवेणी नाथ साहू**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में स्वतंत्र भारत के प्रथम उद्योग मंत्री डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान एवं दूरदर्शिता की स्मृति में रेशम दिवस का आयोजन किया गया। रेशम दिवस के मुख्य अतिथि झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ त्रिवेणी नाथ साहू ने कहा कि केंद्रीय रेशम बोर्ड की स्थापना के पीछे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूल भावना थी कि रेशम के माध्यम से गांव का अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे। उन्होंने बताया कि भारत में तसर रेशम उत्पादन और विस्तार हेतु ग्रामीण आदिवासी महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह आजीविका का भी साधन बन गया है। डॉ साहू ने कहा कि मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि संस्थान देश के 10 से अधिक राज्यों को सेवा प्रदान करता है। जिसमें 3.5 लाख से अधिक परिवारों जिसमें आदिवासी महिलाओं को स्थायी आजीविका मिलती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने कहा कि डॉ साहू को क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल है। तसर रेशम की जो पत्रिका छपती है अगर वह क्षेत्रीय भाषा में हो जाये तो ग्रामीणों को समझने में काफी सुविधा होगी। हमें रेशम के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिये प्रतिबद्ध रहना होगा तथा यह प्रयास करना होगा कि इसके उत्पादन और उत्पादकता में निरंतर वृद्धि होते रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया। संचालन डॉ जेपी पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन केके बडोला ने किया।

## श्री श्री दुर्गा पूजा समिति कांके के अध्यक्ष अशोक गोप व मुख्य संरक्षक बने पंकज सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता





अध्यक्ष अशोक गोप

मुख्य संरक्षक पंकज सिंह

**कांके।** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति कांके की बैठक शिव मंदिर परिसर में संस्थापक मदन कुमार महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से अशोक गोप को अध्यक्ष व मुख्य संरक्षक पंकज सिंह बनाये गये। वहीं संरक्षक सुरेश कुमार बैठा, चन्दन बैठा, महेश कुमार मनीष, मिथिलेश तिवारी, विनोद साहू, उनिल महतो, रघुनाथ मुंडा, सुखलाल चौधरी, मुख्य संयोजक अशोक कुमार महतो, गौरीशंकर महतो, संयोजक गणेश महतो, शिवधन मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष ललिन्द्र महतो, उपाध्यक्ष सीताराम मुण्डा, रमेश महतो, राजेश लिंडा, अरविन्द राम, मनीष कुमार, पंकज मेहता, आलोक बैठा, कोषाध्यक्ष शालीग्राम महतो, सहकोषाध्यक्ष तरुण वर्मा, सचिव सूरज कुमार महतो, सह सचिव नसीबलाल महतो, राधा नायक, महासचिव अजय प्रजापति, सूरज लिंडा, शंकर गाड़ी, योगेन्द्र महतो, विवेक साहू, राजेश गोप, पंकज मुंडा, प्रचार मंत्री शिवचरण, संदीप महतो, पूजा प्रभारी राजेन्द्र पाण्डेय, पंडाल प्रभारी राजकुमार महतो, प्रसाद व भोजन प्रभारी सोना ठाकुर, बाजा प्रभारी मोबिन अंसारी बनाए गए। वही स्वागताध्यक्ष भोला महतो, संदीप महतो, जलेश्वर महतो, अजय महतो, मोहितलाल महतो, रोहित महतो, मनीष महतो, आशिष महतो, नीरज महतो, आलोक महतो बनाए गये। बैठक में दर्जनों भक्त उपस्थित थे।

बैठक में सभी ने निर्णय लिया गया कि वर्ष 2023 में दुर्गा पूजा को भव्य और हर्षोल्लासपूर्वक पूर्वक मनाया जाएगा। दर्शकों की सुविधा का अच्छा और विशेष इंतजाम पंडाल परिसर में किया जाएगा। पूजा विधि विधान पूर्वक और धूमधाम के साथ मनायी जाएगी। माता के भक्तों को हरसंभव सहायता समिति द्वारा की जाएगी।


## महत्वपूर्ण न्यूज

### नामकुम में दस दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव सह मेला का शुभारंभ



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम रेलवे स्टेशन स्थित तेतरी टोली हंसराज वाधवा मैदान में श्री कृष्णा क्लब गणेश पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव सह मेला का शुभारंभ पूर्व डिप्टी सीएम सह आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर मुख्य रूप से आयोजन समिति के अध्यक्ष श्रीकृष्ण कन्हैया सिंह, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, भाजपा रांची जिला के पूर्व अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, आजसू पार्टी रांची जिला उपाध्यक्ष संजीव सिंह, भाजयुमो चुटिया मंडल उपाध्यक्ष अशोक गोप, पिंटू सिंह, नवीन सोनी, विनोद गुरुंग, निर्भय सिंह, अमरेंद्र सिंह के साथ समिति के सदस्य मौजूद थे।

### गणेश महोत्सव से बेड़ो हुआ भक्तिमय



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में श्री राधेकृष्ण यूथ संगम क्लब गणेश पूजा महासमिति के तत्वावधान में आयोजित भव्य गणेश पूजा महोत्सव में गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। विघ्न विनाशक गणपति बप्पा के जयकारे से सुबह शाम पंडाल गुंजायमान हो रहे हैं। वहीं सुबह शाम आरती में आस्था का सैलाब देखने को मिल रहा है। वहीं गुरुवार की शाम में 1001 महिलाओं द्वारा महाआरती के बाद सूजी के हलुआ का प्रसाद वितरण किया जाएगा। पूजा को सफल बनाने में शिवेंद्र सौरभ, अंकित सोनी, उत्तम सोनी, अमन गुप्ता, आशीष महतो, प्रेम गुप्ता, अविनाश कश्यप, आशीष सोनी, अर्चित गुप्ता, राकेश साहू, अभिनव कुमार, अजय साहू, अमित नायक, सुशांत राय, प्रीतम कुमार, उत्तम प्रसाद, संकित मंगल, सूरज गुप्ता, अभिजीत लकी गुप्ता, परमेश्वर, आकाश, चीकू, प्रिंस, सौरभ, तुषार, विजय सहाय सहित अन्य सदस्य लगे हुए हैं।

### बुंडू में रक्तदान शिविर 23 सितंबर को

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अनुमंडलीय अस्पताल बुंडू के पुराना भवन आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक दिवसीय रक्तदान शिविर 23 सितंबर को आयोजित की गई है। इसकी जानकारी अनुमंडल अस्पताल प्रभारी दिलीप पासवान ने दी। साथ ही लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग इस रक्तदान शिविर में भाग लें।

### दो कारों के बीच टक्कर में दो घायल

**तमाड़/रड़गांव (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची-टाटा पथ पर रुगड़ी हाई स्कूल के समीप दोपहर के समय दो कारों के बीच जबरदस्त टक्कर हुई, जिसमें दोनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी नं. जेएच01डीसी 4310 टाटा से रांची की तरफ जा रही थी उसी के विपरित नं. जेएच01बीभी 6254 आ रही थी दोनों के बीच जबरदस्त टक्कर हुई, जिसमें पालतू तथा पिंटू नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को टाटा टीएमएच में भर्ती कराया गया है। पालतू चौका का रहने वाला है और पिंटू टाटा आदित्यपुर का रहने वाला है। बताते चलें कि एक साईड का रोड बंद था वहीं फोर लेन सड़क में टू लेन बंद था।

### कुर्मी/कुड़मी समाज के रेल टेका में शामिल हुए पिपरवार खलारी के लोग

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कुर्मी/कुड़मी विकाश मोर्चा द्वारा रांची के मुरी जंक्शन मे आयोजित रेल टेका कार्यक्रम मे पिपरवार और खलारी कोयलांचल क्षेत्र से काफी संख्या मे लोग शामिल हुए। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार के नेतृत्व मे आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कुर्मी/कुड़मी जाति के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के माध्यम से समाज के लोगों ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार कुड़मी समाज को एसटी में शामिल नहीं करती है तब तक झारखंड में रेल के सभी साधन बन्द रहेंगे। पिपरवार खलारी से इस कार्यक्रम में शामिल होने वालों में महेंद्र महतो, दीपक महतो, विजय महतो, मनकू महतो, तारकेश्वर महतो, प्रमोद महतो, अंगद महतो, चिंतामन महतो, मणिलाल महतो, धर्मनाथ महतो, दिलीप महतो, अरुण महतो, तेजनाथ महतो, सुरेंद्र महतो, यशपाल महतो, नागेश्वर महतो सहित सैकड़ों लोगों के नाम शामिल हैं।

**कार्यक्रम :** सीआईटी में नये विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटशन प्रोग्राम आयोजित

# अध्ययन काल में डोमेन स्कील के साथ-साथ लाइफ स्कील भी डेवलप करें : डॉ डीके सिंह

**अतिथियों ने विद्यार्थियों के टेक्निकल मॉडल का अवलोकन किया व विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया**




आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बुधवार को सत्र 2023-24 के नवागंतुक विद्यार्थियों के लिये ओरिएंटशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जेयूटी के कुलपति डॉ डीके सिंह व विशिष्ट अतिथि जेयूटी के रजिस्ट्रार डॉ अमर कुमार चौधरी एवं उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ रंजीत कुमार सिंह ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलन से हुई। इसके बाद सरस्वती बंदना और स्वागत गान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कुलपति डॉ डीके सिंह ने विद्यार्थियों को सर्वप्रथम कयामत से कयामत तक फिल्म का गाना पापा कहते थे, बड़ा नाम करेगा, सुनवाया फिर उनकी मनोदशा के बारे में बात की। उन्होंने विद्यार्थियों को सक्सेस मंत्र देते हुये कहा कि वे अध्यन काल में डोमेन स्कील के साथ-साथ लाइफ स्कील भी डेवलप करें। कहा कि विद्यार्थियों को बिग ड्रीमर, वर्क हार्ड और बी फ्लेक्सीबल होना चाहिये। कुलपति ने कार्यक्रम के दौरान विवि के न्यू एजुकेशन प्रोग्राम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बता दें कि कुलपति ने विद्यार्थियों से विशेष रूप से आह्वान कर कहा कि वे शारीरिक खेलकूद में अवश्य भाग लें। साथ ही कोई एक विदेशी भाषा जरूर सीखें। विशिष्ट अतिथि डॉ अमर कुमार चौधरी, डॉ रंजीत सिंह, के अलावा संस्थान के प्रभारी प्राचार्य प्रो अरशद उस्मानी ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व (सिटा) एल्युमुनाई एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रो रशिका नवनीत सिंह ने कैंब्रिज ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष स्व. डॉ बहादुर सिंह का जीवन चित्रण किया। तत्पश्चात अतिथियों एवं उपस्थित लोगों ने श्रद्धापूर्वक उनके चित्र पर शीश झुकाये। कार्यक्रम के दौरान ही अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा निर्मित टेक्निकल मॉडल का अवलोकन किया व विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। मालूम हो कि ओरिएंटशन प्रोग्राम के बाद नावागंतुक विद्यार्थियों के लिये 21 दिन का इंडक्शन प्रोग्राम चलेगा। जिस दौरान विद्यार्थी अपने संस्थान, सिलेबस, हॉस्टल, और अन्य गतिविधियों से वाकिफ होंगे। उद्घाटन सत्र में संस्थान के डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ, परीक्षा नियंत्रक डॉ.बी एस सिंह, उप परीक्षा नियंत्रक डॉ रणवीर कुमार, ओएसडी डॉ पी एस शर्मा, डॉ नविन कुमार, डॉ डी के सिंह, डॉ शालिनी सिंह, सुनीता नाथ, अंकित कुमार सिंह, डॉ आलोक कुमार सिंह डॉ रितेश कुमार, प्रो विनीत कुमार, डॉ पवन कुमार, प्रो एसएस धाल के अलावे शिक्षक व अभिवावक उपस्थित थे।

## विवेकानंद सेवा संघों का पारंपरिक संस्कृतिक प्रतियोगिता सह करम पूर्व संध्या कार्यक्रम आज

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** विवेकानंद सेवा केन्द्र बरवाटोली के द्वारा रामकृष्ण मिशन आश्रम के मार्गदर्शन में नवागढ़ पंचायत के रंगामाटी बरवाटोली फुटबॉल मैदान में अनगड़ा प्रखंड के सभी विवेकानंद सेवा संघों का पारंपरिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता सह करम पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी में झारखण्डी गीत संगीत में प्रतिदिन हो रही उदासिनता को रोकना व अपने पारंपरिक गीत संगीत के प्रति युवा पीढ़ी में उत्साह भरना है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दल को प्रोत्साहन हेतु पुरस्कृत भी किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन के लिए जिला परिषद सदस्य अनगड़ा, टाटी, सुरसू, नवागढ़, कुच्चू, हरातु, हेसातु एवं बीसा पंचायत के मुखिया गण और पचायत समिति सदस्य उपस्थित रहेंगे।

## नरकोपी जाने वाली कच्ची सड़क गड्ढे में तब्दील

**लगभग दो किलोमीटर कच्ची सड़क पर बने गड्ढे राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रही है।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** लोहरदगा मार्ग से मुरतो होकर नरकोपी स्टेशन व गांव जानेवाली लगभग दो किलोमीटर कच्ची सड़क जलजमाव से इन दिनों पूरी तरह गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। जिसके कारण सड़क पर बने गड्ढे राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रही है।

हल्की वर्षा होने पर यहां जल-जमाव का समस्या हो जाती है। इसके कारण व्यवसायियों सहित राहगीरों व खासकर स्कूली बच्चों को भारी परेशानी होती है। स्टेशन जाने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को गड्ढों से होकर ही आवाजाही करना पड़ रहा है। सड़क पर कीचड़ और पानी जमा होने के कारण दो पहिया वाहन चालक और पैदल चलने वाले लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। लेकिन जलजमाव की समस्या दूर करने के लिए अभी तक कोई उपाय नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क नरकोपी सहित यहां आने वाले ग्रामीणों के लिए काफी अहम मानी जाती है। यही एकमात्र सड़क है जो प्रखंड के कई गांव के सैकड़ों की आबादी को यह सड़क से जोड़ती है। वहीं एक तरफ यह सड़क नरकोपी रेलवे स्टेशन को जोड़ती है। लेकिन इतनी महत्वपूर्ण सड़क की आज स्थानीय विधायक व सांसद सहित विभागीय अधिकारियों द्वारा अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी व जाड़े में तो हमलोग किसी तरह उक्त गड्ढानुमा सड़क से आवागमन कर लेते हैं। लेकिन वर्षा के दिनों में सड़क पर बने गड्ढे में जलजमाव होने से सड़क पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो जाती है। नतीजतन सड़क पर वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पक्कीकरण कार्य कराए जाने के लिए जिम्मेदारों को ध्यानाकर्षित कराया गया है। लेकिन आजतक इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल करते नहीं देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से जलजमाव की समस्या दूर करने की मांग की है।

## महिला आरक्षण बिल महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने गणेश चतुर्थी के दिन महिला आरक्षण बिल लाने लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी और नमन करते हुए चैनपुर में हिंदू एकता दल की ओर से स्थापित भगवान गणेश की आरती में शामिल होकर महिलाओं के हित में इस ऐतिहासिक फैसले करार दिया। कहा कि इस बिल की चर्चा तो हमेशा से होती रही है, लेकिन हिम्मत सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिखाई और एक ऐतिहासिक फैसला कर डाला। इस बिल के आने से महिलाओं को जहां समाज में सम्मान एवं भागीदारी सुनिश्चित होगी। वहीं, संसद एवं विधानसभा में महिला हित एवं सुरक्षा की बात बुलंद होगी। प्रथम महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गणेश चतुर्दशी के दिन नई संसद भवन में आधी आबादी के लिए प्रथम बिल लाकर महिलाओं के उज्जवल भविष्य का श्री गणेश कर इतिहास रच दिया, जिसे युगों तक याद किया जाएगा। इस दौरान संध्या आरती में संस्था के अध्यक्ष चंदू गुप्ता, विजय प्रमुख, आकाश, विकास, सागर, विवेक, रितेश फंटूश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद आइटीआइ में ऑनलाइन होगा स्पॉट राउंड नामांकन : प्राचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झारखंड के निर्देशानुसार हुसैनाबाद औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान ने शैक्षणिक वर्ष 2023-24-25 के लिए रिक्त सीटों को भरने के लिए स्पॉट राउंड ऑनलाइन एडमिशन की घोषणा की है। इसकी जानकारी देते हुए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य दीन मोहम्मद अंसारी ने बताया कि जो छात्र पूर्व से आईटीआई संस्थान में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर चुके है वे 22-23 सितंबर को आईटीआई कॉलेज परिसर में स्पॉट राउंड ऑनलाइन एडमिशन में पहले आएं पहले पाएं के आधार पर सीधे नामांकन ले सकतें हैं।

## वार्ड पार्षदों ने कार्यपालक पदाधिकारी को कराया जन समस्याओं से अवगत



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत (नपं) के नए कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी से बुधवार को निवर्तमान वार्ड पार्षदों ने शिष्टाचार मुलाकात कर क्षेत्र की जन समस्याओं से अवगत कराया। पार्षदों ने नपं क्षेत्र में जलजमाव, बाजारों में अतिक्रमण, पेयजलापूर्ति, आवास योजना के लंबित राशि का भुगतान करने समेत कई अन्य जन समस्याओं से अवगत कराया। वहीं, विपुल सन्नी ने पार्षदों को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही शहर के वार्ड नंबर तीन के सरस्वती विद्या मंदिर के समीप जलजमाव को हटाने का सार्थक प्रयास किया जाएगा। साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जो भी गंभीर समस्याएं मेरे संज्ञान में आएगा हम अपने स्तर एवं वार्ड पार्षद के सहयोग से निदान करने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद अखिलेश यादव, राजेंद्र पाल, अर्जुन प्रसाद गुप्ता, पवन अग्रवाल, राजकुमार कश्यप, डॉ अजय कुमार, संतोष शर्मा, प्रदीप पटेल और सुरेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

## हुसैनाबाद के स्थानांतरित सीओ को दी गयी विदाई



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में समारोह आयोजित कर हुसैनाबाद से स्थानांतरित हुए अंचल अधिकारी नंद कुमार राम को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता बीडीओ रतन कुमार एवं संचालन सीआई अशफाक अहमद ने किया। विदाई समारोह में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों, अंचल कर्मी एवं प्रखंड कर्मियों द्वारा हुसैनाबाद से स्थानांतरित अंचलाधिकारी नंद कुमार राम को अंग वस्त्र एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने स्थानांतरित सीओ नंद कुमार राम द्वारा हुसैनाबाद में बिताए गए कार्यकाल की सराहना की। कहा कि एक कुशल प्रशासक के तौर पर नंद कुमार ने अपने दायित्व का निर्वहन किया। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण राम, मुखिया नरेश पासवान, आत्मेश कुमार सिंह, प्रधान लिपिक सुनील सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर सुदामा, कुंदन कुमार, रामलखन यादव, बिमलेश पासवान व अशोक यादव आदि थे।

## लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के स्वास्थ शिविर में 109 मरीजों का हुआ मुफ्त इलाज

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की ओर से बुधवार को जोगा स्तरोन्नत उच्च विद्यालय परिसर में स्वास्थ शिविर लगाया गया। जिसमें जांच के बाद 109 मरीजों का मुफ्त इलाज किया गया। बतातें चलें कि विधायक सह एलसीएमसीएच के संस्थापक रामचंद्र चंद्रवंशी के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों में हमेशा स्वास्थ शिविर लगाया जाता है। मरीजों का इलाज डॉ मनीष मुंडा ने किया। मौके पर नरसिंह प्रभारी अमर कुमार, किरण कुमारी आदि थे।

**बैठक स्थगित :** पंचायत समिति के सदस्यों ने की अनुपस्थित अधिकारियों का वेतन काटने की मांग

# बीडीसी की बैठक से कई विभागों के अधिकारी गायब, स्पष्टीकरण मांगा

**बीडीओ ने कारण बताओ नोटिस जारी करने की बात कही**

आजाद सिपाही संवाददाता



बीडीसी की बैठक में उपस्थित प्रमुख. उप प्रमुख व अन्य अधिकारी

**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को भी पंचायत समिति की मासिक समीक्षा बैठक हुई। जिसमें कई विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहें। विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति पर प्रमुख विक्रांत सिंह यादव, सांसद प्रतिनिधि मथुरा गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान व उपस्थित पंचायत समिति सदस्यों ने गहरी नाराजगी जताई है। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों और कर्मचारी के खिलाफ प्रमुख विक्रांत सिंह यादव ने बीडीओ अशोक कुमार को स्पष्टीकरण निकालने व वेतन कटाने के लिए कहा। वहीं, बैठक प्रारंभ होते ही पंचायत समिति सदस्यों ने जानना चाहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली विभाग समेत अन्य कई महत्वपूर्ण विभाग के अधिकारियों को लगातार बैठक में नहीं आने के बावजूद उनके खिलाफ अबतक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई। पंचायत समिति सदस्यों का कहना था कि बैठक में कई विभाग के पदाधिकारियों के नहीं पहुंचने से कई मामलों का निपटारा लंबित रहता है। बीडीसी की बैठक की कार्यवाही का अनुपालन भी नहीं हो पाता है। वहीं बीडीओ अशोक कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली विभाग के अलावा कई विभाग के अधिकारी बीडीसी की बैठक में उपस्थित नहीं रहने के कारण बैठक को स्थगित किया जाता है। सभी विभाग के अधिकारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। इस समीक्षा बैठक में एमओ सह बीएओ सर्जुन राम, बड़ा बाबू संतोष कुमार, बीटीएम संजय सिंह, पंचायत सेवक नंदलाल गुप्ता, मुख्तार अंसारी, सुरेश मोची, जेइ गुड्डू कुमार, पीएमजीवाई बीसीओ धर्मपाल कुमार, घनश्याम कुमार, पंचायत समिति सदस्य जनेश्वर चन्द्रवंशी, पंसस प्रतिनिधि रवि रोशन कुमार, विजय भुइंया आदि शामिल थे।

## स्वास्थ्य मेला में 500 मरीजों की जांच, दी गयी दवा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा प्रखंड के दमवा मोड़ स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र में बुधवार को हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश कुशवाहा के नेतृत्व में स्वास्थ्य मेला का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन सीएचसी प्रभारी डॉ राजेश कुशवाहा, प्रमुख विक्रांत सिंह यादव (गुड्डू यादव), जिला परिषद ददन पासवान, विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान, मधुबाना पंचायत मुखिया राजेश राजवंसी, पंसस जनेश्वर चन्द्रवंशी ने संयुक्त रूप से किया। सीएचसी प्रभारी डॉ राजेश कुशवाहा ने कहा कि लोगों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से झारखंड सरकार की ओर से स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले में स्वास्थ्य जांच के साथ सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। मरीजों ने ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, मलेरिया, फाइलेरिया की निःशुल्क जांच करायी। वहीं गर्भवती माताओं का टीकाकरण, परिवार नियोजन के साधन के साथ ही स्वास्थ्य परामर्श अनुभवी चिकित्सकों द्वारा दिया गया। इस दौरान करीब 500 मरीजों की जांच की गई और निःशुल्क दवा दी गई। मेले में स्वास्थ्य जांच के लिए लैब, अंधापन, कुष्ट रोग एचआईवी सहित कई अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। इस मौके पर प्रमुख विक्रान्त सिंह, जीप सदस्य ददन पासवान और विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान ने अनुभवी चिकित्सकों द्वारा क्षेत्र में प्रत्योक बुधवार को मरीजों के बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों की मांग की। मेले में डॉ बिमलेश सिंह, एचआईवी कॉन्सोलर डॉ इस्लाम अंसारी, आयुष ओपीडी से डॉ अरविंद कुमार, डॉ गजालंनज दास, डॉ विद्या भूषण, बीपीएम संजय कुमार सिंह, बीटीटी संतन मिश्रा के अलावे पीपरा पंसस प्रतिनिधि रवि रोशन रवि, रविंद्र सिंह, सुनील सिंह, हरि यादव, बबलू सिंह आदि शामिल थे।

## पूर्वी जिप सदस्य नहीं जीत सके किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष पद का चुनाव, मिले सात वोट



**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड किसान सलाहकार समिति के प्रखंड अध्यक्ष चुनाव को लेकर बुधवार को प्रखंड सभागार में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार पासवान ने किया। चुनाव प्रक्रिया में बीडीओ अनिल कुमार द्वारा नामांकन करवाने का प्रस्ताव रखा गया। नीलांबर पितांबरपुर पूर्वी जिप सदस्य विजय राम एवं अजय पासवान चुनाव प्रक्रिया के लिए नामांकन किया, जिसमें कुल 26 मतदाताओं ने गुप्त मतदान किया। इस दौरान जिप सदस्य विजय राम को महज सात मत ही मिले। जबकि अजय पासवान 19 मत पाकर जीत दर्ज कीर। इस मौके पर नीलांबर पीतांबरपुर पश्चिम जिप सदस्य आशा देवी, प्रखंड सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रभारी सुनैना कुमारी, बीईओ राजेश पाठक, किसान समूह के लीडर ध्रुव नारायण सिंह, वशिष्ठ नारायण सिंह, कोमल देवी,किस्मत कुमारी एवं प्रगतिशील किसान जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार यादव, विजय पासवान, आकाश सिंह, विजय पासवान सहित प्रखंड क्षेत्र के कई कृषि मित्र पीएम किसान उपस्थित थे। वहीं, चुनाव जीतने के बाद केक काटकर खुशी मनाई गई। एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया। चुनाव जीतने के बाद अजय पासवान ने कहा कि वे किसान के बेटे हैं । किसानों का दुख दर्द समझते हैं। किसानों के हक के लिए प्रखंड क्षेत्र में हमेशा खरा उतरूंगा।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## सतबहिनी पंचायत में ग्रामसभा का आयोजन

**उंटारी रोड़/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत सतबहिनी पंचायत सचिवालय में बुधवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया शकुंतला देवी ने की। इसमें ब्लॉक उप प्रमुख खोखन राम, अधिकांश वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव पंकज कुमार के अलावा पंचायत की सभी जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया एवं जनवितरण प्रणाली के दुकानदार उपस्थित थे। इनके अलावा पंचायत क्षेत्र के अधिकांश गांव के जरूरतमंद ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे। मुखिया ने स्वास्थ्य और पेयजल जैसे बुनियादी मुद्दे का समाधान करने के लिए संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया। विशेषकर राशनकार्ड धारी को समय से खाद्यान का सही तरीके से उपलब्ध कराने को कहा। ग्राम सभा में गांव के विकास में जरूरी योजनाओं पर भी चर्चा की गई। साथ ही मुखिया ने स्पष्ट किया कि जनसाधारण की कोई भी समस्या का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। कहा कि वह नियमित रूप से सर्वसाधारण के दु:ख दर्द को सुनने व जानने के साथ ही उसका समूचित निवारण करने के लिए कृतसंकल्पित हैं। कहा कि सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ जरूरतमंद को मुहैया कराया जायेगा। गलत करनेवाले बख्शे नहीं जायेंगें।

## हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज एनएच 98 चौकठवा मोड के समीप हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत मौके पर ही हो गई। उसकी पहचान आसुतोष सिंह के रूप में हुई है। घटना बुधवार सुबह की है। मृतक बिहार के औरंगाबाद जिले के ढिबरा थाना क्षेत्र स्थित बरंडा गांव का रहने वाला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद भेज दिया है। वहीं हाईवा को भी जब्त किया गया है। एसआई निर्भय कुमार ने बताया कि छतरपुर की ओर से आ रही हाईवा ने बाइक सवार को सामने से टक्कर मार दी, जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## महिला आरक्षण से महिलाओं के सपनों व आकांक्षाओं को मिली ऊंची उड़ान : लवली



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** महिला आरक्षण बिल आने पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। पत्रकारों से बातें करते हुए लवली गुप्ता ने कहा कि 128वां संविधान संशोधन बिल यानि नारी शक्ति वंदन विधेयक प्रस्ताव लाने के लिए दिल से मोदी जी का आभार। इस विधेयक से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाएगा। लंबे इंतजार के बाद आज महिलाओं की उम्मीद को मोदी जी ने पंख दिया है। महिलाओं को राजनीति में बहुत मुश्किल से जगह मिल पाती है। कड़े संघर्ष के बाद ही महिलाएं राजनीति में अपनी जगह बना पाती हैं। पर महिलाओं को आरक्षण मिलने से वो विधानसभा व संसद तक महिलाओं की बात को पहुंचा सकेंगी।

**स्पोर्ट्स**



भारत के स्टार रेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज आइसीसी की वनडे रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज बन गये हैं। बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग में आठ स्थान का फायदा हुआ

**आइसीसी रैंकिंग :** एशिया कप में झटके थे 10 विकेट, विराट की रैंकिंग में भी सुधार

# मोहम्मद सिराज बने दुनिया के नंबर एक गेंदबाज

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज आइसीसी की वनडे रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। बुधवार को जारी आइसीसी की ताजा रैंकिंग में सिराज को आठ स्थान का फायदा हुआ। वह नौवें स्थान से सीधे पहले स्थान पर पहुंच गए। सिराज को एशिया कप फाइनल में घातक गेंदबाजी से फायदा हुआ। उन्होंने फाइनल में 21 रन देकर छह विकेट झटके थे। एशिया कप में इस गेंदबाज ने कुल 10 विकेट लिए। यह दूसरी बार है जब सिराज नंबर वन बॉलर बने हैं। इससे पहले मार्च 2023 में भी नंबर वन बॉलर रह चुके हैं। सिराज से पहले ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड नंबर वन बॉलर थे। सिराज ने हेजलवुड के अलावा ट्रेंट बोल्ट, राशिद खान और मिचेल स्टार्क जैसे गेंदबाजों को भी पीछे छोड़ा। अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब उर रहमान और राशिद ने भी अपनी रैंकिंग में सुधार करते हुए वनडे गेंदबाजों में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। सिराज के अलावा शीर्ष 10 में यही दो अन्य गेंदबाज रहे जिनकी रैंकिंग में सुधार हुआ। चोट से वापसी करने वाले दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज को रैंकिंग में काफी फायदा हुआ। महाराज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरूआती दो मैच गंवाने वाले दक्षिण अफ्रीका को आखिरी तीन मैच जीतने और सीरीज पर कब्जा जमाने में मदद की। बायें हाथ के इस स्पिनर ने पांचवें वनडे में 33 रन देकर चार विकेट चटकाए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में कुल आठ विकेट चटकाए। वह अभी 15वें स्थान पर हैं। यह उनके वनडे करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। आइसीसी वनडे बैटिंग रैंकिंग में भी कई खिलाड़ियों को फायदा देखने को मिला। दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे वनडे में अब तक की अपनी सबसे विस्फोटक पारी खेली। सेंचुरियन में क्लासेन के 209.64 के स्ट्राइक रेट से बनाए 174 रन ने दक्षिण अफ्रीका को 164 रन से जीत दर्ज करने में मदद की। क्लासेन वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में 20 स्थान ऊपर पहुंच गए। वह अब नौवें स्थान पर हैं। वहीं, भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को भी एक स्थान का फायदा हुआ और वह आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के डेविड मलान न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार दिखे थे। उन्होंने 92.33 की औसत और 105.72 के स्ट्राइक-रेट से 277 रन बनाए थे और सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। अपने करियर की शुरूआत में आईसीसी टी20 बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर रहने वाले इस बल्लेबाज को वनडे रैंकिंग में भी काफी फायदा हुआ और वह करियर बेस्ट 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। द ओवल में 182 रन की धमाकेदार पारी खेलकर वनडे में शानदार वापसी करने वाले मलान के हमवतन बेन स्टोक्स बल्लेबाजी रैंकिंग में 36वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## उपविजेता रांची गोस्सनर कॉलेज के प्राचार्य को सौंपी गयी ट्राफी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय, रांची अंतर महाविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट 14 से 18 सितंबर के बीच गुमला कार्तिक उरांव महाविधालय द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें फाइनल मैच रांची गोस्सनर कॉलेज बनाम रांची डोरंडा कॉलेज के बीच खेला गया। इसमें रांची गोस्सनर कॉलेज हार कर उपविजेता बनी। बुधवार को उपविजेता की ट्रॉफी कॉलेज के प्राचार्य को टीम ने सौंप दिया। इस पर प्राचार्य ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी विद्यार्थियों का प्रयास बहुत अच्छा रहा। अगली बार विजेता बनने के इरादे से अभ्यास जारी रखें। इस दौरान टूर्नामेंट संबंधी बातों पर भी समीक्षात्मक बैठक की गई। मानव शास्त्र विभाग द्वारा सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। बतातें चलें कि रांची गोस्सनर कॉलेज का ओवरऑल परफॉर्मेंस बहुत ही अच्छा रहा। पहला मैच खूंटी बिरसा कॉलेज से 4-0 से जीता। दूसरा मैच सिल्ली कॉलेज से 1-0 से जीता, तीसरा मैच मारवाड़ी कॉलेज रांची को 2-0 से हरा जीतकर क्वार्टर फाइनल में कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला को ट्राईब्रेकर में 4-2 से पराजित करते हुए सेमी फाइनल में प्रवेश किया। सेमी फाइनल में पीपी के बुंडू कॉलेज को 4-0 से पराजित कर फाइनल में जगह बनायी थी।

## सभी राशन कार्डधारी बनवा लें अपना आयुष्मान कार्ड: डीसी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी शशि रंजन ने जिले के सभी राशन कार्डधारियों से आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की है। उन्होंने लोगो से कहा कि पूरे जिले में युद्ध स्तर पर आयुष्मान कार्ड बनाई जा रही है। जिले की सभी राशन कार्डधारी अपना-अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशन कार्डधारी अपने-अपने क्षेत्र के मुखिया, जन वितरण प्रणाली के दुकानदार, सहिया (स्वास्थ्य) एवं प्रज्ञा केंद्र संचालक से संपर्क करें। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए उपरोक्त सभी व्यक्तियों को आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया गया है। डीसी ने लोगों से अपील के साथ ही जिले के सामाजिक संगठन से जुड़े व्यक्तियों, बुद्धिजीवियों और विभिन्न राजीनीतिक दलों से जुड़े नेताओं और युवाओं से भी सभी राशन कार्डधारियों का राशन कार्ड बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

**नाराजगी :** तिलाटांड में झारखंड राज्य बिजली कामगार यूनियन ने किया प्रदर्शन

# मांग पूरी नहीं होने पर 15 से 17 नवंबर तक राज्यव्यापी हड़ताल : रामकृष्णा


आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** झारखंड राज्य बिजली कामगार यूनियन के तत्वाधान में बुधवार को कतरास तिलाटांड विद्युत सब स्टेशन कार्यालय में 20 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। यूनियन के प्रदेश महामंत्री रामकृष्णा सिंह ने कहा कि प्रबंधन शासन और शोषण दोनों कर रहे हैं जो बर्दाश्त से बाहर है। पिछले 22-23 सालों से कार्य कर रहे कर्मियों को पदोन्नति नहीं दी जा रही है। उनका शोषण किया जा रहा है। 70 फीसदी उपभोक्ताओं की वृद्धि हुई है। उतना ही ट्रांसफार्मर भी लगा है, लेकिन 1976 के बाद एक भी यार्ड स्टीक नहीं है। सब कुछ हवा हवाई है। 1100 करोड़ के राजस्वृद्धि के बावजूद छह फीसदी ऊर्जा भत्ता संचिका में धूल फांक रहा है। मांग किया है कि 4200 ग्रेड पे लागू किया जाए। स्नातक कर्मियों को लिपिक में पदोन्नति दी जाए। बताया कि 11 अगस्त के पूरे राज्य में चरणबद्ध आंदोलन चल रहा है लेकिन प्रबंधन को वार्ता का समय नहीं है। पांच लाख उपभोक्ताओं में मात्र चार हजार विद्युत कर्मी कार्यरत है। उनकी मांगों को शीघ्र नहीं माना गया तो 15,16 और 17 नवंबर से तीन दिवसीय राज्य व्यापी सांकेतिक हड़ताल करेंगें। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूरे मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है। प्रदर्शन में उपेंद्र पटेल, राम केवल सिंह, दिनकर, प्रेम गोप, इंदु भूषण सिंह, मो शफीउल्लाह खान, राजीव चौधरी, श्रवण कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, मो इमामुद्दीन, कृष्ण कुमार, संटू मंडल, कुल बहादुर, संतोष सिंह, कैलाश सिंह, उज्जवल मित्रा, बलदेव मिश्रा आदि शामिल थे। इसमें चास, बोकारो एवं धनबाद के कर्मियों ने भाग लिया।


विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन करते यूनियन के सदस्य।

# बिहार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री पहुंचे सिंह मेंशन, रागिनी सिंह से मिले

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान अपने प्रवासीय दौरे के दौरान बुधवार को सिंह मेंशन पहुंचे। यहां उनका स्वागत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर किया। मंत्री ने पूर्व विधायक संजीव सिंह के इलाज में हो रही लापरवाही एवं गिरते स्वाथ्य पर दुख व्यक्त किया एवं उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मौके पर रवि सिंह के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद थे।



**झारखण्ड सरकार, ग्रामीण कार्य विभाग**
**मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

पत्रांक– दिनांक–

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची के **RFP No.-01/RFP Dashboard/RWD/2023-24**, दिनांक– **24.08.2023**, PR NO.- **305552, Title of RFP- Selection of Consulting Agency to Design and Implement dashboard for Construction Management and MIS of Rural Roads and Bridges Construction in Jharkhand** के द्वारा प्रकाशित **RFP** के तिथि में अपरिहार्य कारणवश निम्नरूपेण परिर्वतन किया जाता है।

1. Last Date and Time for Downloading of RFP Document- **03.10.2023 upto 17:00 Hours**
2. Last Date and Time for online Submission of RFP- **03.10.2023 upto 17:00 Hours.**
3. The hard copy of documents fee and EMD should be submitted to the office of Chief Engineer, Rural Works Department, 102 2nd Floor, Abhiyantran Bhawan, Kutchery Road, Ranchi- 834001 on or before **04.10.2023, 15:30 Hours.**
4. Date of opening of the RFP- **05.10.2023, 12:30 Hours**

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है। अन्य शर्तें यथावत रहेगें।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 307319 Rural Work Department (23-24)_D

## महत्वपूर्ण न्यूज

### स्वास्थ्य मेला में 46 लोगों की हुई जांच

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कनकनी में बुधवार को आयोजित स्वास्थ्य मेला में 46 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसमें अधिकांश बीपी और डायबिटीज के रोगी पाए गए। दो रोगियों में असाध्य रोग पाए जाने पर करकेंद स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया गया। जांच शिविर राष्ट्रीय आयुष्मान स्वास्थ मेला के मौके पर आयोजन किया गया था। कई रोगियों में सर्दी खांसी और बुखार पाए गए। जिन्हें नि:शुल्क दवाइयां दी गई। जांच अनुप कुमार, एएनएम मनिका रानी मंडल, मीना कुमारी, सीएचओ प्रवीण कुमार सिंह, गौतम कुमार महतो, शारदा कुमारी की टीम द्वारा किया गया।

### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुक चयन एवं अनुमोदन को लेकर की गयी बैठक



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को प्रमुख गिरजा देवी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत विभिन्न योजनाओं के लिए प्राप्त आवेदन का प्रखंड स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदन एवं अनुशंसा के लिए बैठक की गई। जिसमें प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से 126 लाभुको का चयन किया गया। इसकी सूची जिला पशुपालन पदाधिकारी को भेजी गई। बैठक में बेरमो बीडीओ मधु कुमारी, विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर सुजाता मुखर्जी, कल्याण पदाधिकारी शिलास भगत, प्रखंड पंचायती राज्य पदाधिकारी धीरेंद्र रजक, पंचायत सचिव आशीष रंजन सिंह, अनामिका गुप्ता, भुनेश्वर तुरी, आश्वनी पांडेय और उमा देवी आदि मौजूद थे।

### पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर एमओए पर हस्ताक्षर

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल ने अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए बोकारो के परिधीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उत्तरोत्तर बेहतर पेयजल उपलब्ध कराने के लिए बोकारो स्टील प्लांट के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग और सरकार द्वारा अनुमोदित गैर सरकारी संगठन समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के साथ एक एमओए पर हस्ताक्षर किया है। बीएसएल के परिधीय गांवों में पानी के स्तर में कमी, हैंडपंपों के सूखने के कारण पानी की गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2022-23 में, बीएसएल के परिधीय गांवों गंजुडीह, बोधनाडीह, महुआर, चिकलोपा और नरकारा में सौर ऊर्जा और बिजली आधारित पंप का उपयोग कर सभी ग्रामवासियों के लिए रोजाना 3000 लीटर पेयजल की सुविधा गैर सरकारी संगठन समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से उपलब्ध कराया जा रहा है. वर्तमान में, गंजुडीह, बोधनाडीह और महुआर परिधीय के ग्रामीण इस सुविधा का उपयोग कर रहे हैं।

# विधायक से मिले विद्युत विभाग के मेंडेज कर्मी

**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया विद्युत विभाग के मेंडेज कर्मी बुधवार को 14 माह का इपीएफ और पांच महीने से लंबित वेतन के भुगतान को लेकर झरिया विधायक पूर्णिमा निरज सिंह से उनके आवास रघुकुल में जाकर मुलाकात की। मेंडेज कर्मियों ने विधायक को बताया कि इसी वर्ष अप्रैल महीने से वे लोग रॉयल इंटरप्राइजेज में कार्यरत हैं। तब से अब तक पांच महीने के वेतन का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। इसके अलावे पुरानी कंपनी द्वारा मेंडेज कर्मियों का 14 महीने के ईपीएफ वेतन से काट कर विभाग के पास पड़ा हुआ है। अगर उनका इपीएफ जमा हुआ रहता तो वे लोग उक्त राशि के इंटरेस्ट से वंचित नहीं होते। मेंडेज कर्मियों की शिकायत के बाद विधायक ने विभाग के अधीक्षण अभियंता से उक्त मामले को लेकर फोन पर बात की और संबंधित एजेंसी को अविलंब लंबित वेतन और ईपीएफ का भुगतान कराने को कहा। इस पर अधीक्षण अभियंता ने झरिया विधायक को शीघ्र भुगतान कराने को लेकर आश्वस्त किया है।


पूर्णिमा नीरज सिंह को समस्याओं से अवगत कराते मेंडेज कर्मी।

**कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,कोडरमा**
**Clinical Establishments (Registration & Regulation) Act के तहत**

**आवश्यक सूचना**

कोडरमा जिला अन्तर्गत संचालित सभी निजी स्वास्थ्य संस्थान (नर्सिंग होम/अस्पताल/क्लिनिक/लैब/एक्स–रे/अल्ट्रासाउन्ड केन्द्र आदि) को सूचित किया जाता है कि सरकार के निदेशानुसार कोडरमा जिले अन्तर्गत Clinical Establishments(Registration & Regulation) Act के तहत निबंधित एवं गैर निबंधित सभी स्वास्थ्य संस्थान का निरीक्षण किया जाना है इसलिए सभी निबंधित संस्थान जिनका निबंधन अवधि समाप्त हो चुका है वे अपना निबंधन नवीकरण करा लें एवं जो संस्थान निबंधित नहीं हैं वे सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अंदर आवश्यक कागजात के साथ निबंधन हेतु आवेदन समर्पित कर दें । निरीक्षण के क्रम में बिना वैद्य निबंधन के स्वास्थ्य संस्थान संचालित पाये जाने पर संस्थान के संचालक एवं गैर निबंधित स्वास्थ्य संस्थान में सेवा देने वाले चिकित्सक के विरूद्ध Clinical Establishments (Registration and Regulation) Act के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगें ।

Clinical Establishments (Registration and Regulation) Act के तहत सभी स्वास्थ्य संस्थान का निबंधन अनिवार्य है । बिना निबंधन के स्वास्थ्य संस्थान संचालित करते हुए पाये जाने अथवा इसका उलंघन करते हुए पाये जाने पर **रू0 10000/– से रू0 500000/–** तक का जुर्माना किया जा सकता है ।

आदेशानुसार
सिविल सर्जन, कोडरमा

**PR 307329 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D**

# पंचायत स्तर पर जल्द कमेटी गठित कर काम शुरू करें : दीप नारायण

**जदयू की जिला स्तरीय बैठक में पार्टी के पदाधिकारी नेताओं को दिया गया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की जिला स्तरीय बैठक बुधवार को सेक्टर ९ए में हुई। जिसकी अध्यक्षता बोकारो जदयू के जिलाध्यक्ष प्रदीप महतो ने की। बैठक में झारखंड प्रदेश के महासचिव बोकारो जदयू जिला संगठन प्रभारी दीप नारायण सिंह भी उपस्थित हुए। बैठक में पार्टी के विस्तार को लेकर चर्चा की गई। साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारी को मनोनीत पत्र सौंपा गया। अपने संबोधन में दीप नारायण सिंह ने कहा कि जदयू के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जल्द से जल्द पंचायत स्तर तक कमेटी का गठन कर लें। आने वाले समय में जदयू गांव-गांव जायेगा। कहा कि जदयू गांव-गरीब, मजदूर-किसान की पार्टी होगी। इस दौरान बोकारो ज़िला बुद्धिजीवीं प्रकोष्ठ के ज़िला अध्यक्ष संजय कुमार झा, जिला उपाध्यक्ष शशि भूषण, राजा पांडे , मोहन महतो, महासचिव गोपाल कुमार गुप्ता , सुधीर कुमार, विनय कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष चंद्रपुरा करम महतो, पेटरवार प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार महतो, जरीडीह प्रखंड ब्रह्मदेव दास, चास प्रखंड महेश कुमार, कृष्ण सिंह, सुधीर किशोर, राज रजक, रोहित कुमार, विक्की कुमार, संजय, चांदी प्रजापति, विष्णु कुमार आदि उपस्थित हुए। सभी नियुक्त कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने क्षेत्र में संगठन विस्तार में जुट जायें।



**झारखण्ड सरकार, जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद, सिमडेगा**

ई–प्रोक्युरमेंट सूचना अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या– DOPT/DE/SIMDEGA/04/2023-24

कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला परिषद, सिमडेगा का कार्यालय भवन नवनिर्माण। | 685.302 | 13.706 | 10000.00 | 24 Month |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्त की तिथि एवं समय – दिनांक 29.09.2023 समय 11:00 बजे पूर्वाह्न से दिनांक 05.10.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक 09.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :– I) जिला परिषद, सिमडेगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – जिला अभियंता, का कार्यालय जिला परिषद , सिमडेगा।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 10.10.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, सिमडेगा।
10. ई०–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9060405905 (जिला अभियंता का दूरभाष सं० )
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो जिला अभियंता, जिला परिषद, सिमडेगा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
13. ई–निविदा में जिला परिषद, सिमडेगा अन्तर्गत समुचित श्रेणी के निबंधित एवं योग्य संवेदक ही भाग ले सकते हैं।
14. केवल ई०निविदा (दो लिफाफा पद्धति) ही स्वीकार किये जायेंगे।

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट (http://jharkhandtenders.gov.in) में देखी जा सकती है।

जिला अभियंता
जिला परिषद, सिमडेगा

PR 307297 Rural Development (23-24)_D

## अतिक्रमण चलते स्वास्थ्य केंद्र के अंदर नहीं जा पाते एम्बुलेंस और दवाइयों के वाहन

# स्वास्थ्य केंद्र में जबरन अतिक्रण, विरोध करने पर कर्मचारियों से ही उलझ गया अतिक्रमणकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** लोयाबाद थाना क्षेत्र के मदनाडीह स्वास्थ्य केंद्र के पास अतिक्रमण किये जाने को लेकर स्वास्थ्य कर्मी व घोलटू सिंह के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। स्वास्थ्य कर्मी के साथ गाली गलौज हुआ है। कर्मियों ने चिकित्सा प्रभारी अनिता चौबे को लिखित रूप से आवेदन देकर घोलटू सिंह पर कार्रवाई करने की मांग की है। घोलटू पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने का आरोप है। इस कारण स्वास्थ्य केंद्र का रास्ता फिलहाल बंद हो गया है। वहां कार, वैन नहीं जा पा रहा हैं। एम्बुलेंस या दवाइयों का वाहन जाने में दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्भवती महिला मरीज काफी परेशान है। उधर, मामले को तूल पकड़ता देख स्वास्थ्य सीएचसी के पानी के सायरा को घोलटू सिंह ने तोड़ दिया है। सायरा तोड़ते समय एएनएम मनिका रानी मंडल से नोकझोंक भी हुई। फिर भी सायरा तोड़ने का काम जारी रहा, ताकि दूसरे साइड रास्ता चालू हो जाएं। इसकी सूचना मिली तो लोयाबाद थाना प्रभारी भी पहुंच गए। कर्मियों ने घोलटू सिंह पर गाली गलौज देने का भी आरोप लगाया है। घोलटू पर यह आरोप है कि स्वास्थ्य केंद्र की सरकारी जमीन पर ईंटे की सोलिंग व रास्ते के बीच में चबूतरे का निर्माण कर दिया गया है। इसके अलावे स्वास्थ्य केंद्र के तरफ दरवाजा भी खोला गया है। स्वास्थ्य कर्मियों की मानें तो घोलटू सिंह अक्सर दबंगई करते रहता है। रास्ते के पास जानवर को बांधकर रखता है। इससे मरीजों को काफी परेशानी होती है। मवेशियों की वजह से गंदगी फैल रही। इस कारण मरीजों की बीमारी ठीक होने के बजाय बढ़ रही है। इस मामले को लेकर मंगलवार को स्वास्थ्य कर्मी अतिक्रमण करने से रोके तो, घोलटू स्वास्थ्य कर्मियों से ही उलझ गया और बदसलूकी करने लगा। उधर, घोलटू सिंह ने आरोप को झूठा और बेबुनियाद करार दिया। आरोप लगाया कि अनूप सिंह 40 हजार रुपये घूस मांग रहा था। पैसे देने से मना किया तो मुझी पर उल्टे काम में बाधा पहुंचाने का आरोप लगा दिया। घोलटू ने कहा कि उसने कोई रास्ता बंद नहीं किया हैं। इस पर स्वास्थ्य कर्मी अनूप ने बताया कि हमने रास्ता बंद करने का विरोध किया है। पैसा क्यों मांगेंगे। घोलटू शातिर है। शाम तक घोलटू स्वास्थ्य विभाग के पानी का सायरा भी तोड़ दिया है। उधर, थाना प्रभारी राजन राम ने कहा कि विवाद की सूचना पाकर सीएचसी गए थे। पानी का सायरा तोड़ा गया है। पर इस बाबत लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिली तो कार्रवाई जरूरी होगी। वहीं, धनबाद सदर की प्रभारी जिला चिकित्सा पदाधिकारी (एमओआईसी) अनिता चौबे ने कह कि स्वास्थ्य कर्मी की लिखित शिकायत मिली है। घोलटू सिंह द्वारा स्वास्थ्य विभाग की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया जा रहा है। सीएचसी का रास्ता बंद कर दिया गया। एम्बुलेंस नहीं जा पा रहा है। जांच कर रहे हैं। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**प्राचार्य का कार्यालय–औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,गुमला,झारखण्ड**
**सिलम,(सी0 आर0 पी0 एफ0 कैम्प0)जशपुर रोड,गुमला–835232**
**Email Id:-principalitigumla@gmail.com**

सुचना संख्या–37 गुमला, दिनांक–20.09.2023

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, में शैक्षणिक सत्र 2023–24–25 के लिए Sport Round online नामांकन से संबंधित सूचना**

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला/महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला/LWE औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिसई, गुमला में शैक्षणिक सत्र 2023–24–25 में रिक्त सिटों के विरूद्ध Sport Round online नामांकन के लिए अनुबंधित (Registerd) आवेदक **पहले आओ पहले पाओ** के आधार पर दिनांक **22 सितंबर 2023 से 23 सितंबर 2023 संध्या 5** बजे तक लिया जायेगा केवल झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी या स्थानीय निवासी के श्रेणी में आने वाले आवेदक ही नामांकन के पात्र होगें।

रिक्त सिटों कि विवरणी

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला

| क्र0सं0 | व्यवसाय | ST | SC | EWS | PH | SMQ | TOTAL VACANT SEAT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Electrician | 00 | 00 | 02 | 01 | 01 | 04 |
| 02 | Fitter | 00 | 01 | 02 | 01 | 01 | 05 |
| 03 | MMV | 00 | 01 | 02 | 01 | 01 | 05 |
| 04 | Wireman | 00 | 01 | 02 | 01 | 01 | 05 |
| 05 | Welder | 02 | 01 | 02 | 01 | 01 | 07 |

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिसई, गुमला

| क्र0सं0 | व्यवसाय | ST | SC | EWS | PH | SMQ | TOTAL VACANT SEAT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Electrician | 00 | 01 | 02 | 01 | 01 | 05 |
| 02 | Fitter | 00 | 01 | 02 | 01 | 01 | 05 |

महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला

| क्र0सं0 | व्यवसाय | GEN | ST | SC | EWS | PH | SMQ | TOTAL VACANT SEAT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Electronics Mechanic | 01 | 04 | 01 | 02 | 01 | 01 | 10 |

ह0–
प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला,झारखण्ड

**PR 307314 Labour Employment and Traning(23-24).D**

मुख्य संरक्षक
श्री संजीव विजयवर्गीय, श्री चंचल चरर्जी
श्री चुन्नू सिंह, श्री अरविंद मंडल, श्री मुकुल सिंह
श्री युवराज पासवान, श्री नंदकिशोर सिंह चंदेल
Kokar, Ranchi 7633969331
AR SOUND & LIGHT
we deals in all type of Sound & Light for all types of Event

पूजा क्लब : कोकर गणेश पूजा समिति 2023
संरक्षक
मिथिलेश छत्री, बड़े पाठक, प्रदीप रवि, राजेश झा,
बिहार गोप, राकेश साहनी, बैजनाथ प्रसाद, अभिजीत गुप्ता
केके वर्मा, सूरत शर्मा, संदीप गुप्ता, विक्की सिंह,
प्रिंस राकेश यादव, मुरारी पाठक, संजय कुमार, टिंकू झा
अध्यक्ष
गुड्डू सोनी
मीडिया प्रभारी
रोहित सिंह
उपाध्यक्ष
अखिलेश सिंह, जीतू सिंह
सुमित सिंह, दीपक विश्वकर्मा
दीपू, कैलाश पंडित, सतीश सिंह
कार्यकारी
दुर्गेश झा, बंटी अमित, अमन शीतल, प्रदीप
अमित कुमार, विधु सिंह, मनीष, गांधी
विक्की सिंह, दीपू, रोहित, प्रिंस

## न्यूज रील्स

### पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने दी कांग्रेस छोड़ने की धमकी

**चंडीगढ़ (आजाद सिपाही)।** हरियाणा में आम आदमी पार्टी के बाद इंडियन नेशनल लोकदल से कांग्रेस के गठबंधन की चर्चाओं पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह भड़क गये हैं। पार्टी सूत्रों की मानें तो हुड्डा ने इसे लेकर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के सामने अपनी नाराजगी जतायी है और पार्टी छोड़ने की धमकी भी दी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने दो मुद्दों पर सुनवाई की तारीख दी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट में अवैध प्रवासियों की नागरिकता पर 17 अक्टूबर और लोकसभा-विधानसभा में एससी-एसटी आरक्षण पर 21 नवंबर को सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में जस्टिस एएस बोपन्ना, एमएम सुंदरेश, जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पांच जजों की संविधान बेंच इन मामलों की सुनवाई करेगी।

# सांसदों को मिली संविधान की कॉपी, शुरू हुआ विवाद

### कांग्रेस का आरोप, प्रस्तावना से समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष शब्द हटाये

### सरकार बोली, ये मूल संविधान में नहीं थे, कांग्रेस गलत बयानबाजी कर रही



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद में जारी विशेष सत्र के बीच नया विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि नयी संसद के उद्घाटन के दौरान सांसदों को संविधान की जो कॉपी बांटी गयी है, उसमें छपी प्रस्तावना से 'सेक्युलर' और 'सोशलिस्ट' शब्द हटा दिये गये हैं। इसके जवाब में सरकार ने कहा है कि संविधान की कॉपी में मूल संविधान की प्रस्तावना शामिल की गयी है। जिसमें 'सेक्युलर' और 'सोशलिस्ट' शब्द नहीं थे। दरअसल, संविधान की प्रस्तावना में ये दोनों शब्द 1976 में 42वें संशोधन के जरिए शामिल किये गये थे। इस विवाद का कानूनी पहलू भी है। सुप्रीम कोर्ट अपने एक फैसले में संविधान की प्रस्तावना को संविधान का हिस्सा मान चुका है।

ऐसे में अगर इसमें से कोई भी शब्द हटाना या शामिल करना है तो एक अन्य संविधान संशोधन की जरूरत पड़ेगी।

#### कांग्रेस ने कहा, भाजपा की मंशा पर संदेह

कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने आरोप लगाया है कि हम जानते हैं ये शब्द 1976 में एक संशोधन के बाद जोड़े गये थे, लेकिन अगर आज कोई हमें संविधान देता है और उसमें ये शब्द नहीं हैं, तो यह चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि भाजपा की मंशा संदिग्ध है। ये बड़ी चतुराई से किया गया है। यह मेरे लिए चिंता का विषय है। मैंने इस मुद्दे को उठाने की कोशिश की, लेकिन मुझे इस मुद्दे को उठाने का मौका नहीं मिला।

#### कानून मंत्री बोले, ये शब्द मूल संविधान में नहीं थे

अधीर रंजन के आरोपों पर कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि जब संविधान अस्तित्व में आया, तब समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द नहीं थे। ये शब्द संविधान के 42वें संशोधन में जोड़े गये।

### ग्रामीणों ने राशन नहीं बांटने की शिकायत की, सौंपा ज्ञापन

# पूर्व आइजी ने जांच कराने का दिया आश्वासन

- ग्रामीणों ने कहा कि यहां के डीलर द्वारा दो बार अंगूठा लगवाकर एक ही बार राशन दिया गया है।



आजाद सिपाही संवाददाता

**गावां गिरिडीह।** पूर्व आईजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह ने बुधवार को गावां प्रखंड के कई गांवों का दौरा कर लोगों की जनसमस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रखंड के नीमाडीह, पटना माल्डा सहित कई गांवों का दौरा किया। दौरा के क्रम में वह गोरियाचू पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने एक डीलर पर राशन वितरण में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने पूर्व आईजी को हस्ताक्षरयुक्त आवेदन मामले की जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि यहां के डीलर द्वारा दो बार अंगूठा लगवाकर एक ही बार राशन दिया गया है। कार्ड में भी दो माह राशन उठाव को अंकित किया गया है। इसपर पूर्व आईजी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से दूरभाष पर बात कर मामले की जांच करने का निर्देश दिया है। कहा कि जांच कर पूरे प्रखंड में समुचित राशन वितरण करना सुनिश्चित करें। मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा गरीबों को फ्री में अनाज मुहैया कराया जा रहा है। हर घर नल जल योजना से सभी गांवों को जोड़ा जा रहा है। गरीब परिवारों को शौचालय उपलब्ध कराया जा रहा है। आयुष्मान भारत कार्ड से गरीबों को पांच लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज किया जा रहा है। कहा कि केन्द्र सरकार सबका साथ सबका विकास के स्लोगन पर काम कर रही है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की राह पर है। मोदी काल का इतिहास लोगों के कल्याण के लिए उठाए गये कदमों के कारण सुनहरे अक्षरों में लिखा जायेगा।

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
गांधी चौक, सोनार गली, बीणा वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 767, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR, RANCHI

Dr. Diwakar Yadav
पी जी हॉस्पिटल
रॉंची पटना रोड, करमा, झुमरीतिलैया, कोडरमा
पी जी हॉस्पीटल में ESIC एवं आयुष्मान कार्डधारकों को मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है

डॉ. एल डाली
हेल्प क्लिनिक
बिना ऑपरेशन किये केवल दवा द्वारा 100% गारंटी के साथ
हाइड्रोशील, बवासीर, नामर्दानगी शीघ्रपतन, कमजोरी, स्वप्न दोष, धात पतला, लिंग छोटा का सफल इलाज
पिस्का मोड़ के निकट, काली मंदिर के पीछे गैलेक्सिया मॉल के सामने, रातु रोड, रांची
समय प्रात : 9 बजे से 1 बजे तक शाम 4 बजे से 7 बजे तक
अपना स्थायी क्लिनिक
8797681250, 9006078331

### एनसीपी के दोनों गुट बोले, पार्टी में कोई फूट नहीं

# छगन भुजबल का दावा, कुछ बदलाव हुए हैं, अब अजीत पवार पार्टी के अध्यक्ष

- चुनाव आयोग ने शरद को समय दिए बिना सोच लिया कि पार्टी में विवाद है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नाम और सिंबल को लेकर विवाद के बीच शरद पवार और अजित पवार गुट ने एक बार फिर दावा किया है कि उनकी पार्टी के अंदर कोई फूट नहीं है। शरद गुट के एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा कि चुनाव आयोग की तरफ से हमारे केस को विवाद की तरह देखना गलत है। उन्होंने आयोग पर शरद को समय ना देने का भी आरोप लगाया। महाराष्ट्र कैबिनेट में मंत्री और अजीत गुट के सीनियर नेता छगन भुजबल ने जयंत पाटिल के बयान पर कहा कि अच्छी बात है।

हम भी कहते हैं कि हमारी पार्टी में कोई फूट नहीं है। छगन भुजबल ने दावा किया कि पार्टी में कुछ बदलाव हुए हैं, जैसे राष्ट्रीय अध्यक्ष का बदलाव। अब अजित पवार पार्टी के अध्यक्ष हैं और हमने चुनाव आयोग को इस बारे में सूचित कर दिया है। जयंत पाटिल ने बताया कि शरद पवार ने अपना पक्ष स्पष्ट करने के लिए चुनाव आयोग से समय मांगा था, क्योंकि अजित की तरफ से कुछ ई-मेल भेजे गये थे। चुनाव आयोग ने शरद को समय दिए बिना सोच लिया कि पार्टी में विवाद है। शरद गुट के एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शरद ने अपने जवाब में चुनाव आयोग को बताया था कि पार्टी में कभी उन्हें विरोध का सामना नहीं करना पड़ा। ना ही पार्टी की ओर से किसी भी सार्वजनिक मंच पर हमारी नीतियों का कोई विरोध हुआ।

# स्क्रब टाइफस के बढ़ते मामले से बढ़ी चिंता, 200 पहुंचा आंकड़ा





आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** सुंदरगड में फिर 7 स्क्रब टाइफस पाये गये। 24 घंटे में स्क्रब टाइफस के 7 नयी मामले सामने आए हैं। मंगलवार को जांचे गए 37 नमूनों में से 7 की पहचान कर ली गयी है। जिले में कुल मामलों की संख्या 200 हो गयी है। हालांकि, स्क्रब टाइफस सुंदरगड में तनाव का कारण बन रहा है। पॉजिटिव की संख्या 200 तक पहुंच गई है। आज फिर एक दिन में 7 पॉजिटिव का पता चला है। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि दवाएं उपलब्ध हैं। 37 नमूनों का परीक्षण किया गया है और उनमें से 7 की पहचान सकारात्मक के रूप में की गयी है। रविवार 11, सोमवार 3 और मंगलवार को 10 पॉजिटिव पाया गया। इसके साथ ही यह संख्या 200 तक पहुंच गयी है। हालांकि, यह सुंदरगड जिला मुख्य अस्पताल और राउरकेला सरकारी अस्पताल में की गयी जांच की रिपोर्ट है। निजी तौर पर प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक, संक्रमित लोगों की संख्या 500 से अधिक बताई जा रही है। सूचना मिला है कि अकेले राजगंगपुर के एक निजी क्लीनिक में स्क्रब टाइफस के 150 से अधिक मामले सामने आए हैं।

उन्नति और समृद्धि की ओर बढ़ते कदम
TEAM KISHORE MANTRI
Father's Name
Late R. D. Singh
FJCCI Secretary General 2022-23
FJCCI Health Sub Committee Chairman 2020-21 and 2021-22
Need your precious Support
Vice President, Indian Medical Association
Member Lions Club Greater, Ranchi
S.N. 9
Dr. Abhishek Ramadhin
MS ENT & Head Neck Surgery, MD & FARS (USA), FIAND (Italy).
DR. ABHISHEK RAMADHIN
FJCCI ELECTION 2023-24
Firm's Name :
1. Dr. Abhishek K Ramadhin Hospital & Avyaan Research Center, RMDA Bhawan, Piska More, Ranchi
2. R.D. Automotives, Ranchi
Date : 24 Sep. 2023
Add : Morabadi Football Ground

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

Ranjeet Singh
Kundan Singh
Proprietor
SHIVA TRADERS
T:+91-9934189684 7667384788
Shiva Complex, Rajender Chowk, Giridih Bypass Road Koderma(JH)825410
Mob : 9939563560, 7004525571, Email id : shivacement1212@gmail.com

# इंडियन ओवरसीज बैंक ने नवजीवन सेवा आश्रम में हिंदी पखवाड़ा समारोह 2023 का किया आयोजन



कार्यक्रम में 105 छात्रों में से कुल 70 छात्रों ने भाग लिया।

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** इण्डियन ओवरसीज बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, ब्रह्मपुर द्वारा हिंदी पखवाड़ा समारोह 2023 के उपलक्ष में नवजीवन सेवा आश्रम (अनाथालय), मदनमोहन पुर, कनिशी, ब्रह्मपुर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 105 छात्रों में से कुल 70 छात्रों ने भाग लिया। सभी छात्र एक स्थान पर एकत्रित हुए थे। इण्डियन ओवरसीज बैंक के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार ने अपने संबोधन में कहा, यदि कोई व्यक्ति स्वहित के साथ अपने अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करता है तो वह अपने जीवन में समृद्ध हो सकता है। महोदया, संगीता बाबू, सेवानिवृत्त प्राचार्य, डॉ शशिभूषण रथ महिला कॉलेज, ब्रह्मपुर ने छात्रों को समझाया कि कैसे हिंदी एक भाषा होने के नाते भारत में 140 मिलियन लोगों को बांध के रखती है, साथ ही उन्होने छात्रों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के तहत, छात्रों लोगों के बीच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इण्डियन ओवरसीज बैंक ने अपने स्टाफ सदस्यों की सहायता से कार्यक्रम को सुचारु रूप से संगठित और संचालित किया। अपने गीतों, नृत्य और खेलों से मनोरंजन करने वाले छात्रों को वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में, इण्डियन ओवरसीज बैंक के मुख्य प्रबंधक रतिकांत ने इन खूबसूरत बच्चों की देखभाल करने और बैंक को उनके साथ कुछ समय बिताने का अवसर देने के लिए कार्यवाहकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित करने में सहयोग के लिए अपने क्षेत्रीय कार्यालय स्टाफ सदस्यों को भी धन्यवाद दिया।

सभी को मिले रोजगार यही है हमारा प्रयास
PERFECT AQUA
झारखंड बिहार में हमारी सर्विस उपलब्ध है। संपर्क करें। अपने बिजनेस को बढ़ाएंया नया बिजनेस लगाएं काफी किफायती दरों पर लगाया जाता है। आसान किस्तों पर उपलब्ध।
50 जार फ्री
टॉप क्वालिटी वाटर प्लांट सेटअप, शुद्ध पानी के साथ होगा फायदा जबरदस्त
Call now
9431701163
9431701163
Perfect service
H:B ROAD KOKAR RANCHI JHARKHAND

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**